भोपाल
शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-05
वर्ष : 12, अंक : 17
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 38
न्यून. 27

बंगाल हिंसा पर पं. प्रदीप मिश्रा का सीएम ममता बेनर्जी पर हमला

## वे मैडम कुछ नहीं कर रहीं, बुद्धि सही करने शिवपुराण करना होगा

**सनातन से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर हमला बोला।

इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, राजस्थान के चूरू जिले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव पुराण कथा सुना रहे हैं। रतनगढ़ के श्री नंदीशाला में आयोजित कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि सनातन से बढ़कर कोई भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**उन्हें राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए**

पंडित मिश्रा ने कहा कि राजस्थान के लोगों से बंगाल के लोगों को सीख लेनी चाहिए। रतनगढ़ की धरती पर छोटे से छोटा बच्चा सेवा भाव लेकर काम कर रहा है और एक वह बंगाल की मैडम हैं, जो सब कुछ जानते हुए भी कुछ नहीं कर रही हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री को राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए, तभी उन्हें सेवा भाव का अहसास होगा। चूरू जिले में कथा का आयोजन 11 से 17 अप्रैल तक सरदारशहर बाइपास स्थित शिव बाड़ी रोड पर किया गया।

पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का करारा जवाब

# पाकिस्तान पीओके खाली करे, कश्मीर पर पाकिस्तान का कोई अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवादियों को पोषित और संरक्षित करने वाली पाकिस्तान की आर्मी ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान आर्मी के प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भारत और हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। वहीं, मुनीर ने कश्मीर राग भी अलापा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने दावा किया है कि कश्मीर को कोई भी ताकत अलग नहीं कर सकती है। मुनीर की इस टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है।

कोई विदेशी चीज किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है: रणधीर जायसवाल



**बेल्जियम के संपर्क में है भारत**

*भगोड़े मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण पर बेल्जियम पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।*

**कैलाश मानसरोवर यात्रा और चीन से सीधी हवाई सेवा**

इस दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम जल्द ही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जनता के लिए एक नोटिस जारी करेंगे। यात्रा जल्द ही फिर से शुरू होने की संभावना है। वहीं भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाओं पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से, दोनों देश इस बात पर सहमत हो गए हैं कि उड़ान संचालन फिर से शुरू होगा।

**गले की नस बताने पर भी दिया जवाब**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा कश्मीर को गले की नस बताने वाली टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कोई विदेशी चीज किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है? यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है। इसका पाकिस्तान के साथ एकमात्र संबंध उस ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

**बांग्लादेश के साथ सकारात्मक संबंध की उम्मीद**

भारत और बांग्लादेश संबंधों पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की उम्मीद करता है। हम एक लोकतांत्रिक, समावेशी बांग्लादेश के पक्ष में हैं। जहां तक व्यापार मुद्दों का सवाल है, पिछले हफ्ते हमने ट्रांसशिपमेंट सुविधा के बारे में घोषणा की थी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु — पंजाब
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

**पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी**



**इंदौर।** शहर के पंजाब नेशनल बैंक की सियागंज ब्रांच को अज्ञात व्यक्ति ने बम से उड़ाने का मेल भेजा, जब सुबह बैंक मैनेजर ने धमकी भरा मेल देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बम डिस्पोजल एंड डिस्ट्रॉय स्वार्ड ने मौके पर पहुंचकर सर्चिंग की जहां कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**आरबीआई ने कैंसल किया बैंक का लाइसेंस**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अहमदाबाद स्थित 'कलर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक' का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उसके पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। आरबीआई ने कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है।

**भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4% रहने का अनुमान**



**नई दिल्ली।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अपने नए अनुमान जारी किए। एजेंसी ने कहा है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4 % रह सकती है, जबकि अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह अनुमान 6.3 %पर बरकरार रखा गया है।

वक्फ कानून पर सुप्रीम सुनवाई: न तो वक्फ संपत्तियां डि-नोटिफाई होंगी, न ही कलेक्टर इस पर कोई फैसला लेंगे

# सरकार को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय, तब तक रहेगी यथास्थिति



कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया।

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक 'उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ' या 'दस्तावेजों की ओर से वक्फ' संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर- ▶▶ शेष पेज 6 पर

> सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर कई याचिकाओं पर विचार करना असंभव

पीठ केवल 5 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी




सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा...

**कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा**

*सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।* ▶▶ शेष पेज 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा

**वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो**

अदालत ने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

**बीते दिन केंद्र सरकार से पूछे गए थे कड़े सवाल**

*सीजेआई खन्ना : क्या 2025 का कानून उपयोग में आने से पहले उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ की गई सभी संपत्तियां अब वक्फ के रूप में अस्तित्व में नहीं रह गई हैं?*

*मेहता : संपत्तियां रजिस्टर हैं, तो वक्फ ही रहेंगी।*

*सीजेआई : अंग्रेजों के आने से पहले देश में संपति रजिस्ट्रेशन की सुविधा नहीं थी। अधिकांश मस्जिदें 14वीं और 15वीं सदी की हैं। उदाहरण के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद। वे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कहां से लाएंगे?*

*मेहता : उन्हें अब तक रजिस्ट्रेशन कराने से किसने रोका है?*

*जस्टिस विश्वनाथन : अगर सरकार ने धारा 3सी लागू कर उस संपति को सरकारी घोषित कर दिया तो क्या होगा?*

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी

## धनखड़ बोले-अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं

*धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया*



> भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम स्वयं संभालेंगे और एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय-सीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा**

धनखड़ ने कहा कि भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है।

**जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल का जिक्र**

धनखड़ ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले पर भी बात की। सात दिनों तक, किसी को इसके बारे में पता नहीं था। हमें अपने आप से सवाल पूछने होंगे। क्या देरी समझने योग्य है? क्षमा करने योग्य है? राष्ट्र बेचैन है क्योंकि हमारी संस्थाओं में से एक, जिसे लोगों ने हमेशा सर्वोच्च सम्मान और श्रद्धा के साथ देखा है, कठघरे में डाल दिया गया।

महू विधायक उषा का विवादित बयान

**जो लोकतंत्र को 'बेचेगा' वह अगले जन्म में बनेगा भेड़-बकरी**

**इंदौर।** लोकतंत्र और वोट डालने को लेकर महू विधायक उषा ठाकुर का विवादास्पद बयान सामने आया है। एक कार्यक्रम में लोगों के बीच उषा ठाकुर ने कहा कि 1000 या 500 में वोट बिक जाए तो मनुष्य के लिए डूब मरने वाली बात है। लोकतंत्र में हम वोट डालने जाते हैं तो कोई देखता है क्या। आप अकेले होते हैं किसी ने कुछ ले दे भी लिया तो उसे ले लो, पर वोट डालते समय अपना ईमान मत गंवाओ वोट केवल भाजपा को दो। महू विधायक महू विधानसभा के हसलपुर ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ उषा ने कहा कि भगवान से मेरी सीधी बात

प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप

**अवैध रेत की ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मारी, नाबालिग की मौत**

**मुरैना।** देवगढ़ में अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने 15 साल के लड़के को टक्कर मार दी। हादसे में नाबालिग की मौत हो गई। चालक फरार हो गया। गुस्साए परिजन और ग्रामीण शव सड़क पर लेकर बैठे गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के समझाने पर वे करीब 6 घंटे बाद माने और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। परिजन का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार पुलिस और माफिया की मिलीभगत से चल रहा है। ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ पुलिसवालों की कॉल डिटेल जांच की मांग

लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया

**रेलवे ट्रैक पर फंस गई जीप बुंदेलखंड एक्स. से टकराई**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में आने वाले मगरपुर गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन रेलवे ट्रैक पर फंसी जीप (बोलेरो) से टकरा गई। इससे ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। वहीं करीब 35 मिनट ट्रेन भी यहां पर रुकी रही और लेट हुई। ग्वालियर से प्रयागराज की ओर जाने वाली बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन उप्र के मगरपुर ट्रैक के समीप पहुंची थी, जहां पर पहले से रेलवे ट्रैक पर फंसी हुई एक जीप से टकरा गई। यहां पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक भी लगाए, लेकिन ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ ट्रेन की टक्कर के बाद जीप के परखच्चे उड़े

## गृहमंत्री अमित शाह ने ली परेड की सलामी, जवानों को किया पुरस्कृत



**शहीद स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*नीमच में सीआपीएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड में सीआरपीएफ की 8 टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। शाह ने कहा कि यह परेड जवानों में नई ऊर्जा का संचार करेगी। केंद्रीय मंत्री ने वीरता पदकों के लिए चयनित जवानों को सम्मानित कर विशिष्ट* ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

दिग्विजय सिंह की फिर फिसली जुबान

## बाबरी मस्जिद के शहीद होने पर दंगे हमने करवाए

सिंह ने कहा बयान तोड़ा मरोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक कार्यक्रम के दौरान जुबान फिसल गई। सिंह ने कहा कि जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई तब मैं कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष था।

भोपाल में 1947 में भी ऐसे दंगा नहीं हुआ, लेकिन बाबरी मस्जिद गिरने पर दंगा हुआ। उन्होंने कहा, दंगा फसाद होने में हमने पूरी कोशिश की। दरअसल, दिग्विजय सिंह कहना चाहते थे कि दंगा फसाद रोकने की कोशिश की लेकिन उनकी जुबान फिसल गई। कांग्रेस नेता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि शाजापुर के चौबदार वाडी में मुस्लिम समाज द्वारा सद्भावना सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया ▶▶ शेष पेज 6 पर



**यह दिग्विजय का कबूलनामा : सारंग**

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने वीडियो को ट्वीट कर कहा- सुनिए दिग्विजय सिंह का कबूलनामा। बाबरी मस्जिद को शहीद कहने वाले दिग्विजय सिंह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने दंगे करवाए। दिग्विजय सिंह की मानसिकता हिंदू विरोधी है। कांग्रेस ने हर समय दंगे भड़काने का काम किया है।

*तेज गर्मी शुरू...शुक्र है कि लू फिलहाल नहीं चली*

भोपाल में पारा एक डिग्री बढ़कर 41 डिग्री पार पहुंचा

## 43.6 डिग्री पर रहा नर्मदापुरम, चार दिन बाद कुछ जिलों में लू के बाद बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में गर्मी का पारा बढ़ रहा है। गुरुवार को भोपाल सहित सभी जिलों में तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है, लेकिन लू से राहत रही है। प्रदेश में सबसे गर्म नर्मदापुरम में पारा 43.6 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है।

एक दर्जन जिलों में तापमान 41 से 42 डिग्री के बीच रहने से इन जिलों में चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को परेशान किया। धार, गुना, ग्वालियर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़ सहित एक दर्जन जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा 1.3 डिग्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

*धार, गुना, ग्वालियर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़ सहित एक दर्जन जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच*



जेके रोड कोलार

**सात जिलों में रातें गर्म**

*देवास : 26.8*
*नर्मदापुरम: 26.6*
*सीहोर : 26.1*
*शाजापुर : 21.1*
*शिवपुरी : 26.1*
*सागर, रायसेन में रात का पारा : 26 डिग्री*

**अभी दिन में धूप, शाम को बादल रहेंगे**

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवा में नमी होने के साथ ही हवाएं दक्षिणी भी हो रही हैं। इससे भोपाल सहित कई जिलों में अभी सुबह से धूप रहेगी, जबकि दोपहर बाद हल्के बादलों का आना जाना रहेगा। इससे तपिश लोगों को देर शाम तक परेशान करेगी।*

## राजधानी के भेल सहित 10 जिलों में रासायनिक आपदा को रोकने की मॉकड्रिल

# भेल क्षेत्र में अमोनिया गैस से भरा टैंकर कॉलेज बस से टकराया, गैस रिसाव होने से पूरे इलाके में मची अफरा-तफरी, आधा दर्जन घायलों को बचाने बना ग्रीन कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को जैसे ही सुबह 9.30 बजे भेल के सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने से कॅरियर कॉलेज तक दोनों ओर से रोड जाम कर दिया गया। यहां अमोनिया गैस से भरा एक टैंकर कॉलेज बस से टकराने के बाद लीक हो गया और पूरे इलाके में गैस फैल गई। लोगों में दहशत के बीच एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ की टीमें यहां पहुंची और पूरे घटला स्थल को अपने कब्जे में लेकर रेस्क्यू शुरू किया। घटना के दौरान ट्रफ ड्राइवर सहित आधा दर्जन घायलों के लिए कॅरियर मेडिकल कॉलेज तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। जहां घायलों का तत्काल इलाज किया गया। दरअसल, यह हकीकत नहीं बल्कि गुरुवार को भेल स्थित सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने रासायनिक औद्योगिक आपदा पर आधारित मॉक ड्रिल किया गया था। एडीएम अंकुश मेश्राम के अनुसार आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने और आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से भोपाल सहित 10 जिलों में रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक ड्रिल किया गया। इसमें विशेष रूप से एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ ने रेस्क्यू का प्रदर्शन किया। इस दौरान करियर कॉलेज तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एनडीएमए, एसडीएमए और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में जनता को जागरुक करने के उद्देश्य से रेस्क्यू आयोजित किया गया था।

### एसडीईआरएफ की टीमों ने एक घंटे में बंद किया रिसाव और घायलों को 10 मिनट में पहुंचाया अस्तपाल

### भेल स्थित सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने किया गया रासायनिक औद्योगिक आपदा पर आधारित अभ्यास

### जनता को जागरूक करना था मुख्य उद्देश्य



### जैसे-जैसे सुविधाएं बढ़ीं, डिजास्टर का खतरा भी उतना ही बढ़ा



*मॉक ड्रिल के दौरान एसडीईआरएफ भोपाल के प्लाटून कमांडर चेतन कनौजी ने बताया कि आज जैसे-जैसे सुविधाएं बढ़ रहीं हैं, डिजास्टर का खतरा भी उतना ही बढ़ा है। अब डिजास्टर मैनेजमेंट की ज्यादा जरूरत है जो लगातार बढ़ रही है। पहले जो आपदाएं आसानी से कंट्रोल होती थीं, वे अब संसाधनों का विकास होने के साथ अधिक जटिल हो रही हैं। इसके लिए अधिक कौशल और तकनीकी उपकरणों की आवश्यता होती है। यहां ध्यान रहे कि एसडीईआरएफ भोपाल के प्लाटून कमांडर चेतन कनौजी ने प्रदेश की कई बड़ी आपदाओं ने अपनी टीम का नेतृत्व किया है। इनमें प्रमुख रूप से 9 मार्च 2024 को वल्लभ भवन की पांचवीं मंजिल पर लगी आग में बचाव कार्य के साथ ही हरदा पटाखा फैक्ट्री विस्फोट से लेकर छतरपुर खदान में गिरी गाड़ी हो या राजगढ़ में बोरवेल में फंसी बच्ची को निकालने का रेस्क्यू अभियान शामिल हैं। इस मामले में मेजर एसडीईआरएफ भोपाल शशिभूषण तिवारी ने इस संबंध में कई अहम जानकारियां दीं।*





#### जीवन रक्षक उपकरणों की प्रदर्शनी

मेजर शशिभूषण तिवारी ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ, एसडीईआरएफ, सीआईएसएफ भेल द्वारा आपदा के दौरान उपयोग होने वाले जीवन रक्षक उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें कोलेप्स स्ट्रकचर सर्च एन्ड रेस्क्यू में उपयोग होने वाले उपकरण रहे। इनमें विक्तिम लॉकेट कैमरा, ब्रिचिंग यूनिट, आरआरशा, रेसिपीरोकेटिंग शा, ड्रोन, पानी में डेड बॉडी सर्च करने के लिए नवीन तकनीकी एकवा आई सोनार, बॉडी वॉर्न कैमरा आदि उपकारणों का प्रदर्शन किया गया।

#### एनडीआरएफ सबसे पहले पूरे घटना स्थल को कब्जे में लेता है

एनडीआरएफ के टीम कमांडर सत्यजीत सिंह ने बताया कि आपदा के दौरान एनडीआरएफ सबसे पहले पूरे घटना स्थल को अपने कब्जे में लेकर जायजा लेता है। इसके बाद रणनीतिक तरीके से बहुत ही कम समय में पूरी तैयारी के साथ रेस्क्यू शुरू कर दिया जाता है। इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद लेना और उन्हें घटना से जागरुक करना भी अहम होता है। किसी भी प्रकार के डर का माहौल नहीं, बल्कि बचाव पर फोकस होता है।

## मामले में शासन के निर्देश के बाद कलेक्टर ने जारी किए आदेश


# रेडक्लिफ स्कूल को मान्यता नहीं, सत्र 2025-26 से नहीं कर सकेंगे संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रेडक्लिफ स्कूल में 3 साल की मासूम के साथ दरिंदगी के मामले में स्कूल प्रबंधन को स्कूल शिक्षा विभाग से बड़ा झटका मिला है। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों को मान्यता नहीं दी, ऐसे में अब मान्यता अस्वीकृत कर दिए जाने से रेडक्लिफ स्कूल सत्र 2025-26 से शाला का संचालन नहीं कर सकेगी। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी किए हैं।

दरअसल, मामला सामने आने के बाद शिकायत की जांच स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई। जॉच प्रतिवेदन में स्कूल की मान्यता मार्च, 2025 को समाप्त किए जाने की अनुशंसा की गई थी और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्कूल का नवीनीकरण न किए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा राज्य शिक्षा केन्द्र से अनुमोदन चाहा गया था। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा मामले में कहा गया है कि रेडक्लिफ स्कूल की मान्यता प्रत्याहरण प्रस्ताव का शासन द्वारा अनुमोदन दिया गया है। इसलिए स्कूल की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा 1 से 8 तक की मान्यता वापस लिए जाने के आदेश जारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में अब कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर कहा गया है कि शासन के निर्णयानुसार मान्यता अस्वीकृत कर दिए जाने से रेडक्लिफ स्कूल सत्र 2025-26 से शाला का संचालन नहीं कर सकेगी।

### आरटीई के बच्चों पर बढ़ा भार




स्कूल में पहले से अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जो आरटीई के तहत प्रवेशित है, वह शासकीय विद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगें तथा अन्य छात्र-छात्राएं जो स्वयं के व्यय पर निजी विद्यालय में अध्ययनरत है, वह चाहे तो शासकीय विद्यालय में अथवा स्वयं के व्यय पर अन्य निजी विद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे। हालांकि इस निर्णय से इन विद्यार्थियों और अभिभावकों पर भार बढ़ गया है।

### *स्कूल शिक्षा विभाग ने भोपाल सहित 6 जिलों के डीईओ-डीपीसी को दिए कारण बताओ नोटिस*

*भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग ने भोपाल सहित 6 जिलों को प्रभारी डीईओ और डीपीसी को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई अशासकीय विद्यालयों के सत्यापन का काम चार माह बाद भी नहीं करने के चलते की गई है। मामले में लोक शिक्षण आयुक्त ने इन सभी के विरुद्ध शास्ति (दंड) लगाने की चेतावनी देते हुए 25 अप्रैल तक अशासकीय विद्यालयों के सत्यापन की रिपोर्ट अपलोड करने को कहा है। जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित अफसरों के जिले में सभी अशासकीय विद्यालयों के सत्यापन के निर्देश दिए गए थे, जिसे एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपलोड किया जाना था, लेकिन यह काम 28 दिसम्बर 2024 तक पूरा किया जाना था, लेकिन सत्यापन की कार्रवाई तय अवधि तक पूरी नहीं की जा सकी। इसके बाद संचालनालय द्वारा 3 अप्रैल 2025 को निर्देश जारी किए गए, लेकिन फिर भी कार्य नहीं हुआ।*

## ऑनलाइन यात्रा पंजीयन की स्थिति स्पष्ट नहीं, अमरनाथ के यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिन यात्रियों ने 14 अप्रैल सुबह 10 :20 से शाम 6:30 के बीच अमरनाथ यात्रा के ऑनलाइन पंजीयन कराए हैं। वे परेशान हो रहे हैं, क्योंकि पंजीयन कराने के बाद कुछ यात्रियों का ओटीपी वेरिफाई नहीं हो रहा है। बेवसाइट में एरर आने के बावजूद सीटें कम हो रही हैं। जिससे अन्य यात्री अपना यात्रा पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं। जिन यात्रियों ने पंजीयन कराए थे। उनके आवेदन की स्थिति स्पष्ट न होने से यात्री परेशान हैं। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने मांग की है कि मंडल ने अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिंहा जी से अनुरोध किया है कि ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी सुधार कराएं, ताकि जिन यात्रियों ने पंजीयन शुरू होने के पहले दिन ही अपने पंजीयन कराए हैं। उनके आवेदन की स्थिति स्पष्ट हो जाए।

### ब्रिज के नीचे से एक दर्जन दुकानें हटाईं

## मुबारकपुर ब्रिज के नीचे चल रहे थे रेस्टॉरेंट-कैफे, चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामपुर रोड स्थित मुबारकपुर चौराहे पर ब्रिज के नीचे रेस्टॉरेंट और कैफे चलाए जा रहे थे, इसके साथ अन्य लोगों ने टीन शेड के नीचे खाद्य पदार्थों की दुकानें खोल रखी थीं, जिसकी वजह से यहां ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे थे। शिकायत के बाद एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया ने नोटिस जारी किए, लेकिन कब्जे नहीं हटाए गए, जिसको देखते हुए गुरुवार को तहसीलदार नरेंद्र परमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां दुकानों और टीन शेड को तोड़ दिया गया है।

मुबारकपुर चौराहे पर गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां से एक दर्जन दुकानों को हटाया। हंगामा न हो, इसलिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



तहसीलदार नरेंद्र परमार ने बताया कि मुबारकपुर चौराहे पर ब्रिज के नीचे लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। इन्हें हटाने के लिए पहले नोटिस जारी किए गए थे। बावजूद दुकानें नहीं हटाई गई। इसलिए गुरुवार को पुलिस और नगर निगम के अमले के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटा दिया गया।




## बाबा साहेब के जीवन पर आधारित नाटक का किया गया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. अंबेडकर जनकल्याण समिति लाम्बाखेड़ा भोपाल के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती के उपलक्ष्य में बाबा साहब के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। इसमें महिला शिक्षा, ऊंच-नीच, जात-पात और शिक्षा जैसे विषयों को प्रमुखता से दिखाया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर दीप



जलाकर और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मेक डांस ग्रुप की भव्य प्रस्तुति भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रसादी वितरण हुआ। अध्यक्ष सुनील अहिरवार, संरक्षक दिनेश अहिरवार, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष प्रिंयक कानूनगो उपस्थित थे।

## विनीत तिवारी उज्जैन में वराहमिहिर सम्मान से किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विक्रम महोत्सव 2025 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष समागम उज्जैन में अखिल भारतीय ज्योतिष महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत तिवारी को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए वराहमिहिर सम्मान से सम्मानित किया गया। विनीत तिवारी को महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ संस्कृति विभाग मप्र शासन, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, पूर्ण श्री फाउण्डेशन एवं सम्राट विक्रमादित्य परिषद् उज्जैन द्वारा संयुक्त रूप से



वराहमिहिर सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि महर्षि वराहमिहिर प्राचीन भारत के प्रसिद्ध खगोल शास्त्री, गणितज्ञ और ज्योतिषी थे जिनके नाम पर यह सम्मान दिया गया।

### राज्यपाल ने किया लोकार्पण, सिकल सेल के प्रबंधन पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन


# बीएमएचआरसी में आई मप्र की पहली डीएनए सीक्वेंसर मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल को भारत से खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जहां भी लोगों के सिकल सेल से प्रभावित होने की आशंका है, वहां लोगों की जांच कराओ। जो बीमारी से ग्रसित पाए जाते हैं, उनको दवा दिलाओ।

यह बात गुरुवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बीएमएचआरसी में कही। वे अस्पताल में मप्र की पहली आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला एवं डीएनए सीक्वेंसर मशीन के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है, इसलिए इसका उन्मूलन जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। हमारे वैज्ञानिकों ने जीन स्तर के विश्लेषण द्वारा रोग की जड़ तक पहुंचकर रोग उन्मूलन के लिए कार्य करने का अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराया है। इस मौके पर जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. सलोनी सिडाना, आईसीएमआर राष्ट्रीय प्रतिरक्षा रुधिर विज्ञान संस्थान, मुंबई की निदेशक डॉ. मनीषा मडकईकर और बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव उपस्थित रही।

### छात्रावासों में कराई जाएगी सिकल सेल की जांच



जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कहा कि प्रदेश के सभी विभागीय छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश अवसर पर सिकल सेल की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल पहले संवैधानिक मुखिया हैं, जिन्होंने प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंच कर वंचितों के दुःख दर्द को समझा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश के सिकल सेल रोग प्रभावितों के जीवन में बड़ा सुधार हुआ है।

### मप्र पहला राज्य, जहां दो से 20 वर्ष आयु का शुरू हुआ वैक्सीनेशन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि मप्र पहला राज्य है जहां दो से 20 वर्ष की आयु समूह का वैक्सीनेशन शुरू हुआ है। इंदौर, भोपाल में विशेषज्ञ शोध अनुसंधान के केंद्र है। मिशन द्वारा सिकल सेल को खत्म करने के लिए तेज गति से स्क्रीनिंग और जैनेटिक कार्ड वितरण किया जा रहा है। अभी तक एक करोड़ से अधिक की स्क्रीनिंग हो चुकी है। जांच में 2 लाख वाहक और 28 हजार से अधिक रोगी चिन्हित हुए।





• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

### हमीदिया अस्पताल में शुरू हुआ पैरालिसिस मरीजों के लिए थ्रम्बोलिसिस इलाज

## लकवा के 4.30 घंटे गोल्डन पीरियड, इनमें इंजेक्शन लगे तो ठीक हो सकता है मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर निवासी 40 साल के मोहनकुमार को करीब सात दिन पहले पैरालिसिस हो गया। उनके शरीर के दाएं हिस्से ने पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया था। परिजन तत्काल उन्हें हमीदिया अस्पताल ले गए। यहां इमरजेंसी में जांच और स्कैन कर विशेष इंजेक्शन लगाया गया। इससे मरीज को एक दिन बाद ही आराम मिलना शुरू हो गया। अब मरीज पूरी तरह ठीक है और घर जा चुका है। दरअसल, लोगों को पैरालिसिस से बचाने के लिए हमीदिया अस्पताल में नया इलाज शुरू हुआ है। इसमें मरीज को इमरजेंसी में विशेष इंजेक्शन दिया जाएगा, जिससे पैरालिसिस के मरीज कुछ ही दिनों में पूरी तरह ठीक हो जाएगा। इस इलाज को थ्रम्बोलिसिस कहा जाता है। अब तक यह इलाज निजी अस्पतालों में ही मिलता था। इस इलाज के दौरान मरीज को विशेष इंजेक्शन टेनेक्टेप्लेज दिया जाता है। निजी अस्पतालों में इस इंजेक्शन की कीमत करीब 40 हजार रुपए है, लेकिन हमीदिया में यह निःशुल्क दिया जा रहा है। मालूम हो कि हमीदिया में हर सप्ताह एक मरीज को इस इजेक्शन की जरूरत होती है।

**लकवा मरीजों को मिलेगा निःशुल्क 40 हजार का इंजेक्शन**



### ये लक्षण देख तुरंत पहुंचें अस्पताल

*व्यक्ति को अचानक हाथ-पैर में कमजोरी, पैरों में लड़खड़ाहट, बैलेंस बिगड़ना, आवाज में बदलाव या चेहरा टेढ़ा हो जाना स्ट्रोक या लकवा की पहचान है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में, स्ट्रोक होने की संभावना अधिक होती है। हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, हाई कोलेस्ट्रॉल अथवा अनियमित दिल की धड़कन, यह बीमारियों में स्ट्रोक की संभावना ज्यादा होती है।*

### जमा रक्त खोलता है इंजेक्शन



थ्रंबोलाइसिस इंजेक्शन मरीज के नसों में जाम हुए खून (ब्लड) को खोलने का काम करता है। लकवा ब्लड के क्लॉटिंग से होता है। यह इंजेक्शन ऐसे ही क्लॉटिंग को ठीक करने या फिर ब्लड को जमने से रोकता है। पैरालिसिस के मामले में समय का सबसे महत्वपूर्ण होता है। पैरोलिसिस के बाद शुरुआती 4.30 घंटे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान क्लॉट सॉफ्ट होते हैं और आसानी से खत्म हो जाते हैं। इसे विंडो पीरिएड या गोल्डन पीरिएड कहा जाता है।

**डॉ. आशीष दुबे,** न्यूरोलॉजिस्ट, हमीदिया अस्पताल

### बेसुध हुआ तो शरीर पर की लघुशंका

## चाकू की नोक पर टैक्सी ड्राइवर का अपहरण, बंधक बनाकर जमकर पीटा

### पुलिस ने साधारण मारपीट का दर्ज किया प्रकरण

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित आकृति ईको सिटी के पास बुधवार रात निगरानी बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर टैक्सी ड्राइवर का चाकू की नोक पर अपहरण कर लिया। आरोपी बाइक पर बिठाकर उसे पंचशील नगर स्थित एक कमरे में ले गए और जमकर मारपीट की। मारपीट में वह बेसुध हो गया तो आरोपियों ने उस पर पेशाब भी की। होश आने पर बदमाशों ने उसे यह कहते हुए छोड़ दिया कि पुलिस से शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे।



■ शराब तस्करी में शामिल होने का दबाव बना रहा था बदमाश

आरोपी उस पर शराब तस्करी में शामिल होने का दबाव बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक रोहित नगर फेस-टू निवासी देवेन्द्र लोधी (33) पेशे से टैक्सी ड्राइवर है। बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह पैदल आकृति ईको सिटी से होता हुआ जा रहा था। इस दौरान तरुण पारछे अपने तीन-चार साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए देवेन्द्र के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पुरानी रंजिश है। मारपीट करने के बाद बदमाशों ने चाकू की नोक पर देवेन्द्र का बाइक से अपहरण कर लिया। अपहरण करने के बाद बदमाश उसे पंचशील नगर के एक सूने कमरे में ले गए और वहां भी बंधक मारपीट पीटते रहे।

### टीटी नगर पुलिस बोली मामला उनके क्षेत्र का नहीं, महिला रिश्तेदार ने किया हंगामा

*फरियादी देवेन्द्र लोधी ने बताया कि आरोपियों के चंगुल से मुक्त होने के बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराने टीटी नगर थाने पहुंचा। वहां शिकायत दर्ज कराना चाही, लेकिन पुलिस ने यह कहते हुए रिपोर्ट नहीं लिखी कि तुम्हारा अपहरण शाहपुरा क्षेत्र से हुआ है, इसलिए रिपोर्ट भी उसी थाने में लिखी जाएगी। लिहाजा फरियादी शाहपुरा थाने पहुंचा। शाहपुरा पुलिस ने साधारण मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया। इस बीच फरियादी की महिला रिश्तेदार भी शाहपुरा थाने पहुंच गई। महिला ने यह कहते हुए हंगामा मचाया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण व चाकूबाजी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।*

### धमकी देकर छोड़ा

फरियादी देवेन्द्र लोधी ने आरोप लगाया है कि बदमाश उसे बेहोश होने तक पीटते रहे। वह उस पर शराब तस्करी में शामिल होने का दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर चाकू से चार-पांच जगह चिराटे भी मारे। एक बदमाश ने उस पर पेशाब भी किया। होश में आने पर तरुण ने उसे छोड़ते हुए धमकी दी कि यदि किसी को घटना की जानकारी दी या रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से खत्म कर देंगे।

### शिकायत दर्ज की है...

मामला पुरानी रंजिश का है। देवेंद्र लोधी के खिलाफ पूर्व में प्रकरण दर्ज है। देवेंद्र ने शिकायत में जो बताया है उसे दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**लोकेन्द्र सिंह ठाकुर,** थाना प्रभारी, शाहपुरा

## भोज इन, फूडी टर्निंग पाइंट बार की तलाशी



**भोपाल।** शहर में आबकारी टीम द्वारा गुरुवार को बारों की तलाशी ली गई और संचालकों को नियमानुसार संचालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही तस्करों से अवैध शराब बरामद कर प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार आबकारी टीम ने गुरुवार को विभिन्न बार भोज इन, फूडी, फर्जी हाउस, टर्निंग पाइंट आदि की तलाशी ली गई। जिसमें बारों पर संग्रहित शराब भंडार, परमिटों आदि को देखा और समझाइश दी कि निर्धारित समय से बार खोलें एवं बंद करें और परमिट अनुसार ही निर्धारित दुकान से शराब का उठाव करें। नियमानुसार बार संचालित नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आबकारी की एक अन्य टीम ने लांबाखेड़ा क्षेत्र में विनोद मेहरा, बैरागढ़ क्षेत्र के न्यू राजेंद्र ढाबे से अवैध शराब बरामद की है। टीम ने ढाबा संचालक कन्हैयालाल सहित अन्य पर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

■ लांबाखेड़ा, बैरागढ़ के ढाबे से अवैध शराब बरामद

### लापरवाही व नियमों की अनदेखी बन रही हादसों की वजह

## बस चालक अचानक ही लेफ्ट से राइट की ओर मोड़ देते हैं वाहन

### एक दिन पहले ओवरट्रेक करने के चलते बीयू के सामने बस पलटने के चलते 5 कर्मचारी हुए थे घायल

*चार दिन पहले होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन ढाबे के सामने आईसर ट्रक को डंपर ने मारी टक्कर, ड्राइवर की हो गई थी ऑन द स्पॉट डेथ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि लाइव

राजधानी के 66 चौराहों में से अधिकांश ट्रैफिक सिग्नलों पर यात्री व स्कूलों बसों के चालकों द्वारा लगातार लापरवाही व नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। दरअसल, ट्रैफिक सिग्नल व चौराहों के देखने में आया है कि राइट साइड चलने वाली बस सवारी देखते ही या रेड सिग्नल के आते ही दूसरी बस व अन्य वाहनों को ओवरटेक कर लेफ्ट की ओर अचानक ही मुड़ जाती है, तो वहीं जैसे ही सिग्नल ग्रीन होता है या बस में सवारी बैठ जाती हैं तो लेफ्ट की ओर चल रही यही बस दूसरे वाहनों को ओवरटेक करते हुए राइट की ओर आ जाती है।

इससे पीछे चलने वाहन अचानक से बस के साइड बदलने से सकपका जाते हैं और कई बार हादसे तक हो जाते हैं। बीते रोज का हादसा भी यही कहानी कहता नजर आता है, जब मंडीदीप जा रही बस बाजू वाली बस के दबाव के चलते डिवाइडर पर चढ़ गई और कई लोग घायल हो गए। हरिभूमि टीम को यह भी पता चला कि बस चालक नियम अनुसार ट्रैफिक सिग्नल व चौराहों सहित बीच रास्ते में बसें नहीं चला रहे हैं। ट्रैफिक नियमानुसार बसों को चौराहों व सिग्नल पर खड़े नहीं कर रहे है। इसके चलते दूसरे वाहन चालकों को परेशानी होने के साथ हादसे हो रहे हैं।



ज्योति टॉकीज चौराहे के सिग्नल पर खड़े बेतरतीब वाहन।

**शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित आकृति ईको सिटी के पास हुई वारदात**



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर साथ में खड़ी दो बसें।

### केस 1 ज्योति टॉकीज चौराहा

**समय दोपहर करीब 1 बजे**

यहां पर रेड सिग्नल होने पर एमपी 04 पीए 2386 बस यह बस राइट साइड की ओर रुकती है। जैसे ही सिग्नल ग्रीन होता है। यह कुछ वाहनों को ओवरटेक करते हुए लेफ्ट की ओर जाती है। ऐसे में दूसरे वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई।

### केस 2 स्थान बोर्ड ऑफिस चौराहा

**समय दोपहर करीब 2 बजे**

यहां एमपी 04 पीए 2826 की रेड सिग्नल होने पर लेफ्ट की ओर रुकती है। जैसे ही सिग्नल ग्रीन होता है। यह दूसरे वाहन को ओवर ट्रेक करते हुए। राइट की ओर बस चालक न डालती है। आगे भी लापरवाही व नियम विरोध वाहन चालते हुए बीच रास्ते में सवारी बैठाने लगा।

### क्लीयर नहीं लेफ्ट टर्न

*फोर और सिक्स लेन वाली राजधानी की सड़कों पर पर अधिकांश बस चालक सहित अन्य वाहन चालक चौराहों पर जब ट्रैफिक की रेड लाइट होती है। तब वह पहले लेफ्ट टर्न पर वाहन खड़ा कर देते हैं। जब ग्रीन लाइट हो जाती है। तब राइट साइट की ओर जाते हैं। जबकि नियमों के अनुसार लेफ्ट टर्न क्लीयर होना चाहिए।*

### ट्रैफिक पुलिस सिर्फ चालानी कार्रवाई में व्यस्त

*वहीं, ट्रैफिक सिग्नलों पर खड़े जवानों बसों की ओवरटेकिंग, काला धुंआ छोड़ते वाहन नजर नहीं आते, वे सिर्फ हेलमेट चेकिंग और कारों की सीट बेल्ट की चेकिंग में ही व्यस्त नजर आते हैं। वहीं कई वाहन जिनपर भौकाल जमाने हूटर-सायरन लगे होते हैं, वे भी इन्हें नजर नहीं आते और हॉर्न बजाते हुए तेजी से इन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के सामने से ही गुजर जाते हैं।*

### जेब्रा क्रॉसिंग तो है, सिग्नल नहीं

राजधानी के सबसे व्यस्ततम बोर्ड ऑफिस चौराहा, ज्योति चौराहा, प्रगति चौराहा, बाग सेवनिया तिराहा समेत कई चौराहों पर पैदल जेब्रा क्रॉसिंग तो है लेकिन सिग्नल कहीं नहीं हैं। बस एक स्टॉप लाइन बनी हुई है, जिसके पहले वाहनों को खड़े होने की हिदायत रहती है। लेकिन सिग्नल न होने से ग्रीन सिग्नल में भी लोग रोड क्रॉस करते रहते हैं जो वाहनों के हादसे को न्यौता देते हैं।



ज्योति टॉकीज चौराहे पर साथ में खड़ी बसें।

### कार्रवाई होती है

यातायात पुलिस की ओर समय समय पर बस चालक सहित अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक सेमिनार का आयोजन किया जाता है। साथ ही यातायात नियमों की अनदेखी या लापरवाही करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

**संजय सिंह,** डीसीपी यातायात पुलिस

### पराली जलाने को लेकर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

## सचिव और पटवारी करेंगे निगरानी एफआईआर के साथ होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आसपास गेहूं की फसल के डंठल जलाने वाले किसानों पर अब सख्ती की जाएगी। जिसके लिए पंचायत सचिव और पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कर्मचारी पंचनामा बनाकर एसडीएम को पेश करेंगे, जिसके आधार पर किसान पर एफआईआर सहित जुर्माना भी लगाया जाएगा। दो एकड़ वाले किसान पर ढाई हजार, दो से पांच एकड़ तक पांच हजार और पांच से अधिक जमीन होने पर 15 हजार का जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

यह बात गुरुवार को कलेक्टरकौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम और डिप्टी डायरेक्टर सुमन प्रसाद से कही। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कहीं भी पराली जलाने की सूचना मिलने पर पंचायत सचिव और पटवारी उस खेत का पंचनामा बनाकर एसडीएम को पेश करें, जिससे पराली जलाने की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने एसडीएम को हिदायत दी कि वह किसानों पर एफआईआर भी दर्ज कराएं।

### किसान क्यों जलाते हैं पराली

*किसानों के पास फसल अवशेष या पराली का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए कोई विकल्प नहीं है। किसानों को यह नहीं पता कि अपशिष्ट पदार्थों से कैसे निपटा जाए, क्योंकि वे अपशिष्ट पदार्थों से निपटने के लिए उपलब्ध नई तकनीक का खर्च वहन नहीं कर सकते। फसल क्षति के कारण किसानों की आय कम हो जाती है और लागत कम करने के लिए वे अपने खेतों में पराली जलाते हैं, जिससे उन्हें पराली प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों पर अपना पैसा खर्च न करना पड़े।*

### खनिज विभाग की जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

### अवैध उत्खनन की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं कर रहा खनिज अमला

## बंद पड़ी खदानों के तालाब संवारेगा आरईएस विभाग इनकी फेंसिंग कर किया जा सकता है मछली पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की बंद पड़ी खदानों में पानी भरने की वजह से वह तालाबनुमा हो गई हैं। इन तालाबों को संवारकर उनमें मछली पालन किया जा सकता है। ऐसे चालीस से अधिक तालाब हैं। यह बात गुरुवार को प्रभारी खनिज अधिकारी अशोक नागले ने खनिज विभाग की जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में कही, जिस पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि इसे ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) को सौंपा जाए, जिससे इन तालाबों से आमदनी हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि अवैध उत्खनन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन अमला कार्रवाई नहीं कर रहा है। इन खदानों की तार फेंसिंग भी की जानी चाहिए। जिसको लेकर प्रभारी ने सफाई देते हुए बताया कि खनिज



अमला रेत, गिट्टी, कोपरा के वाहनों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कार्रवाई का प्रतिवेदन भी बैठक में पेश किया। बैठक में बताया गया कि कई जगहों पर खदानें बंद होने के बाद भी वहां उत्खनन किया जा रहा है। खनिज माफिया रात के समय सक्रिय होकर उत्खनन करते हैं।

### लीज खत्म होने के बाद भी खनन

ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी सड़क के खजूरी राताताल, मस्ती पुरा में मुरम का खनन किया जा रहा है। उक्त जमीन की लीज पिछले साल खत्म हो गई थी। इसके बाद भी खनन किया जा रहा है। अचारपुरा, रातीबड़ और बैरसिया क्षेत्र की खदानों से भी अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

### कलियासोत के 229, केरवा के कैचमेंट में बने 29 अतिक्रमण भी हटाए जाने है

**भोपाल।** कलियासोत और केरवा डैम के कैचमेंट क्षेत्र में चिह्नित अतिक्रमण को हटाया जाए। जहां-जहां ग्रीन बेल्ट एरिया में अतिक्रमण है, वहां से भी कब्जे हटाए जाएं। कलियासोत से सबसे ज्यादा 229 और केरवा के कैचमेंट एरिया से 29 अतिक्रमण हटाए जाने हैं। इन अतिक्रमणों को हटाकर प्रतिवेदन तैयार कर एनजीटी में पेश किया जाए। यह बात गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम के साथ रखी गई बैठक में कही। कोलार एसडीएम रविशंकर राय ने बताया कि सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस दे दिए गए हैं। बताया गया कि नगर निगम 33 मीटर दायरे में अतिक्रमण को चिह्नित कर रहा है तो जल संसाधन एफटीएल क्षेत्र को देख रहा है। जिला प्रशासन डेम के खसरों को खंगाल रहा है।

### शहर के ग्रीन बेल्ट के कब्जे भी हटेंगे

*एनजीटी में अलग-अलग क्षेत्रों को लेकर केस चल रहे हैं, जिसमें शहर के ग्रीन बेल्ट एरिया से भी अतिक्रमण हटाए जाने हैं। जिसको लेकर शहर एसडीएम को छोड़कर सभी एसडीएम को अतिक्रमण चिन्हित कर उन्हें नोटिस देकर हटाने की बात कही गई।*

केमिकल रिसाव होने पर बचाव कार्य की हिन्दुस्तान इलेक्ट्रोग्रेफाइट कंपनी में की गई मॉकड्रिल

# सुबह 9.30 बजे सायरन की आवाज सुनते ही फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, एसडीआरएफ पुलिस की टीम पहुंची कंपनी, शुरू किया बचाव कार्य, प्रभावितों को भेजा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में स्थित हिन्दुस्तान इलेक्ट्रोग्रेफाइट कंपनी लिमिटेड में रासायनिक औद्योगिक आपदा, केमिकल रिसाव की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित राहत और बचाव कार्य की तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल की गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह मॉकड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

रैपिड एक्शन फोर्स, जिला प्रशासन, पुलिस और स्थानीय नागरिकों द्वारा भी इस मॉक ड्रिल में सहभागिता की गई। औद्योगिक क्षेत्र में रासायनिक आपदा से निपटने के लिए एक गुरुवार को मॉक ड्रिल हुई। सुबह 9.30 बजे सायरन की आवाज से शुरू हुई इस ड्रिल में फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें शामिल हुईं। मॉकड्रिल की शुरुआत हिन्दुस्तान इलेक्ट्रोग्रेफाइट कंपनी लिमिटेड में केमिकल लीकेज की सूचना से हुई। लीकेज की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन तुरंत सक्रिय हुआ और जिला प्रशासन, पुलिस, अस्पताल और कंपनी के अधिकारियों को सूचना देते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किए गए। केमिकल के प्रभाव को कम करने केमिकल टैंक पर पानी की बौछार शुरू की गई और लीकेज को ठीक किया, साथ ही प्रभावितों को अस्पताल भेजा गया।

**मंडीदीप में आपदा प्रबंधन का लाइव डेमो**





### एचईजी कंपनी में आग लगने की स्थिति बनाई

मॉकड्रिल के दौरान एचईजी कंपनी में आग लगने की स्थिति बनाई गई। आरएएफ की स्वेता राणा ने नागरिकों से अपील की कि ऐसी स्थिति में वे घटनास्थल पर भीड़ न जुटाएं और बचाव कार्य में मदद करें। डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा और एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने लोगों को आश्वस्त किया कि यह केवल एक ट्रेनिंग है। इस मॉक ड्रिल में विभिन्न विभागों के 150 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इनमें राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, पुलिस, श्रम विभाग, पीसीबी, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी, आपदा मित्र, अग्निवीर और स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए

मॉक ड्रिल के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स की डिप्टी कमांडेन्ट श्वेता राणा, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, एएसपी कमलेश कुमार सहित स्वास्थ्य, नगरीय प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। रैपिड एक्शन फोर्स की डिप्टी कमांडेन्ट श्वेता राणा ने बताया कि बढ़ते औद्योगिकीकरण के साथ हमें विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य औद्योगिक आपदा होने पर त्वरित राहत और बचाव कार्य की तैयारियों को परखने के साथ ही आपदा प्रबंधन के सरकारी व गैर सरकारी तंत्रों के मध्य समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः केमिकल डिजास्टर जैसी घटनाएं मानवीय त्रुटि के कारण हो जाती हैं, इसलिए सभी उद्योगों को आपदा प्रबंधन योजना एवं टीम बनानी चाहिए। साथ ही नागरिकों को भी इसके जागरूक रहना चाहिए। एडिशनल कलेक्टर स्वेता पवार ने बताया कि यह मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायसेन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित की गई।

---

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार की दी जानकारी

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मनाए जा रहे पोषण पखवाड़े के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना सिलवानी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा में जिला कार्याक्रम अधिकारी दीपक संकत शामिल हुए। आंगनबाडी केन्द्र कोलुआ में महिलाओं, किशोरियों व बच्चों को स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए उचित पोषण आहार लेने की समझाइश दी गई। साथ ही बच्चों का वजन व ऊँचाई, लंबाई मापी गई।

### श्मशान घाट बनवाने को लेकर लोगों में रोष

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 9, 10, 11 एवं 12 में श्मशान घाट बनवाने के लिए पिछले हफ्ते ज्ञापन दिया था, मगर अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। इससे अर्जुन नगरवासियों में रोष है। अर्जुन नगर के वचन लोधी, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन, आरती यादव, रवि शंकर राय, अनिल प्रजापति, डॉ. सुनील गुप्ता, कांता अग्रवाल, रुपेश लोधी, सोनू गौर, प्रदीप साहू, नितिन सेन, अरुण भावसार आदि ने बताया कि अर्जुन नगर में श्मशान घाट नहीं होने लोगों को समस्या हो रही है। अर्जुन नगर वासियों ने कहा कि अगर एक सप्ताह में श्मशान घाट निर्माण की पहल नहीं हुई तो नगर परिषद का घेराव किया जाएगा

### तेज गर्मी के बावजूद परिषद ने नहीं लगवाई प्याऊ

**औबेदुल्लागंज।** तेज गर्मी पड़ने के कारण नगर के मेन रोड, सीताराम चौराहा, बस स्टैंड एवं मैंन चौराहे पर पीने के पानी के लिए यात्री, मजदूर एवं अन्य नागरिक यहां-वहां भटक रहे हैं। नगर परिषद ने अभी तक प्याऊ नहीं खुलवाई है। नेता प्रतिपक्ष पार्षद राजेश खटीक, पार्षद नरेश भारती सेठी, पार्षद दीपू परमार, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, पार्षद सना आमीर ममनून, पार्षद प्रीति अनूप चौधरीआदि ने शीघ्र प्याऊ खोले जाने की मांग की है।

### विद्यार्थियों के लिए कॅरियर फेयर का आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए करियर फेयर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भोपाल रत्न सम्मान प्राप्त डॉ. कनिका शर्मा तथा गौरव शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम छात्रों के कॅरियर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9438 | | |
| दिन: | 558 | 80 | 226 |
| रात: | 580 | 34 | 167 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 225 | 90 | 479 |
| रात: | 124 | 77 | 278 |

---

श्यामला हिल्स थाने के कच्चा बंगला क्षेत्र का मामला

# घात लगाए बैठे बदमाशों ने युवक पर तलवार से किया जानलेवा हमला

### दूसरा हमला हाथ से रोका तो हाथ में दो जगह आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स थाने से कुछ दूरी पर कच्चा बंगला क्षेत्र में घात लगाकर बैठे दो बदमाशों ने युवक पर तलवार से हमला कर दिया। तलवार का वार हाथ से रोकने के कारण युवक के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार 36 साल के समीर आगा खान, श्यामला हिल्स थाने के पास सीएम हाउस के पीछे रहते हैं और दुबई में रहकर जॉब करते हैं। वे ईद में भोपाल अपने घर आए हुए थे। उन्होंने बताया कि बुधवार रात वे अपने परिचित अफजल भाई के घर गिन्नौरी गए थे। वहां से रात करीब साढ़े 10 के आसपास घर लौटे। कच्चा बंगला क्षेत्र के पास उन्होंने कार रोकी और कार से उतरकर घर की तरफ जा रहे थे, तभी घात लगाकर बैठे दो बदमाशों ने उन पर तलवार से हमला कर दिया। पहला हमला सिर के पास हुआ था। हालांकि वह आगे बढ़ गए तो तलवार सिर पर नहीं लगी। दूसरा हमला उन पर किया गया तो उन्होंने अपने हाथ से रोक लिया था। इससे उनके हाथ में दो जगह गंभीर चोट आई है। गुरुवार को उनका निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ।

### पत्नी से चल रहा है विवाद

समीर ने बताया कि उनकी चार साल पहले मलिक परिवार में शादी हुई थी। पत्नी एक महीने ससुराल में रही और मायके चली गई। इसके बाद से ही उनका कोर्ट में केस चल रहा है। दोनों परिवार के बीच बातचीत होने के बाद समझौता होने की बात तय हुई थी। वह समझौता करने के लिए भोपाल में रुके हुए थे। उन्होंने बताया कि करीब चार दिन से उन्हें लग रहा था कि कोई उनका पीछा कर रहा है। उन्होंने हमले के पीछे मलिक परिवार पर आशंका जताई है।

**जेके रोड पर एक्सीडेंट के बाद अस्पताल से छुट्टी कराकर ले आए थे परिजन**

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

भोपाल। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गत 9 अप्रैल को जेके रोड पर उनका एक्सीडेंट हो गया था। परिजन इलाज कराने के बाद उन्हें घर ले आए थे। 10 अप्रैल की रात चक्कर आने के कारण वह बाथरूम में गिर गए थे। परिजन उन्हें एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान 6 दिन बाद गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार शुभम कटारिया पिता कमला कटारिया (40) सम्राट कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। गत 9 अप्रैल को वे बाइक से जेके रोड होते हुए घर आ रहे थे। इस दौरान सड़क पर खड़े वाहन से उनकी बाइक टकरा गई। सिर में चोट होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान अगले ही दिन 10 अप्रैल को परिजन उन्हें घर ले आए। रात में करीब साढ़े 10 बजे उन्हें बाथरूम में चक्कर आया और वह गिर गए। परिजन इस बार उन्हें एम्स लेकर पहुंचे, वहां उनका इलाज चल रहा था। एम्स में इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### आईटी पार्क की तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

इधर, गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आईटी की तीसरी मंजिल से मिस्त्री का बेटा गिर गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। उसे नजदीक स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शम्शुद्दीन पिता शिराजुद्दीन (20) पीजीबीटी कॉलेज के पास गौतम नगर में रहता था। वह कॉलेज में पढ़ता था। उसके पिता शिराजुद्दीन मिस्त्री हैं।

---

कार डिलीवर होने के बाद हुआ खुलासा, महिला समेत दो पर प्रकरण दर्ज

# फर्जी बैंक स्टेटमेंट और सैलरी स्लिप लगाकर ले लिया साढ़े 9 लाख रुपए का कार लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया रोड पर की इंडियन बैंक से फर्जी दस्तावेज के माध्यम से साढ़े 9 लाख रुपए का लोन लेने का मामला सामने आया है। जांच में यह बात सामने आई कि बैंक का फर्जी स्टेटमेंट और सैलरी स्लिप भी फर्जी लगाई गई है। पुलिस ने शाखा प्रबंधक की शिकायत पर महिला समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पुलिस ने बताया कि शरद कुमार इंडियन बैंक की हमीदिया रोड शाखा में प्रबंधक हैं। उन्होंने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि अगस्त 2024 में उनके बैंक से साढ़े नौ लाख रुपए का कार लोन लिया गया था। अशोका गार्डन इलाके में रहने वाली महिला संगीता गोस्वामी के बैंक खाते की स्टेटमेंट व सैलरी स्लिप समेत अन्य दस्तावेज लगाए गए थे। दस्तावेज के आधार पर बैंक ने जितेन्द्र चराड़ व संगीता गोस्वामी को साढ़े नौ लाख रुपए का कार लोन एप्रूव किया था। लोन एप्रूव होने पर कार एजेंसी से कार भी डिलीवर हो गई थी। बाद में चैक करने पर पता चला कि महिला के नाम की बैंक डिटेल व उनके नाम की कंपनी की सैलरी स्लिप समेत अन्य दस्तावेज फर्जी हैं। केस में कूटरचित दस्तावेज सम्मिलित किए गए थे।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रायपुर में बुजुर्ग ने खेत पर फांसी लगा ली। उनकी लाश उनकी पत्नी ने खेत में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि बाला प्रसाद अहिरवार (60) गांव रायपुर में रहते थे और खेती किसानी करते थे। वह शराब पीने का आदी थे और प्रतिदिन शराब पीकर खेत जाते थे। बुधवार रात भी वह शराब पीकर खेत चले गए थे। खाना खाने के लिए उनकी पत्नी उन्हें खेत पर बुलाने पहुंची। इस दौरान खेत वाले टपरे में वे नहीं मिले। उनकी तलाश की गई तो खेत में उनका शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला।

### नर्मदा एक्सप्रेस का औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर हो फिर से स्टॉपेज

**औबेदुल्लागंज।** कोरोना काल से नर्मदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर बंद है। जिसे फिर से शुरू करने की मांग ने तूल पकड़ लिया है। अशोक मित्तल, जितेंद्र दुबे, सुदामा तिवारी, नीरज चावला, भारत निहाल, अशोक सेठी आदि ने मांग की है कि नर्मदा एक्सप्रेस, जबलपुर राजकोट एक्सप्रेस, मेमू ट्रेन, कुशीनगर एक्सप्रेस का स्टॉपेज औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन में किया जाए। इसके लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज, विधायक पटवा को ज्ञापन देंगे।



### वैश्य समाज की महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ कर बांटा शरबत

**औबेदुल्लागंज।** वैश्य समाज की महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा पड़ा। इसके बाद भगवान श्री राम और हनुमान जी की आरती कर शरबत वितरण किया। इस अवसर पर विद्या अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, मानसी मित्तल, अनुराधा विजय, बबीता अग्रवाल, अनीता, नीतू, ज्योति, ममता, दिव्या, निशा, सपना, रेनू, नक्षत्र, संजय प्रतीक, अभिनय, राम अग्रवाल आदि शामिल थे।

---

घर बैठे मोबाइल से कर सकेंगे अपडेशन, 30 अप्रैल तक समय सीमा

## मंडीदीप में राशन के लिए 'मेरा ईकेवायसी एप' किया लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में राशन वितरण व्यवस्था को और सुविधाजनक बनाने के लिए मेरा ई-केवायसी एप की शुरुआत की गई है। इस एप के जरिए अब राशन कार्ड धारक घर बैठे अपनी ई-केवायसी करा सकते हैं।

एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि सभी हितग्राहियों को 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राही किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल से अपना और अपने परिवार के सदस्यों का आधार नंबर और ओटीपी दर्ज कर ई-केवायसी कर सकते हैं।



### गांव और वार्ड स्तर पर लगाए जाएंगे शिविर

राशन कार्ड धारकों की सुविधा के लिए जिले में गांव और वार्ड स्तर पर विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, वार्ड प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक मौजूद रहते हैं। वे पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों की ई-केवायसी कर रहे हैं। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि जो हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी नहीं कराएंगे तो उन्हें मई माह से राशन नहीं मिल पाएगा। उन्होंने मंडीदीप के वार्ड 8 स्थित पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर लोगों को ई-केवायसी के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से वृद्ध, दिव्यांग और बच्चों वाले परिवारों को इस सुविधा का लाभ लेने की सलाह दी गई है।

## तामोट नगर पंचायत की सड़कें जर्जर, लोग परेशान

**तामोट।** तामोट सबसे पुराना बड़ा गांव है, इसके बावजूद यहां विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। यहां की सड़कें, नाली जर्जर स्थित में है। पंचायत के सचिव विनोद के खिलाफ महिलाओं, पंचो, उप सरपंच सहित वरिष्ठ लोगों में भारी असंतोष है। उनका कहना है कि पंचायत सचिव विनोद जब से प्रभारी बने हैं तब से तामोट में विकास कार्य नहीं हुआ है। तामोट के वरिष्ठ बाबूलाल, राजकुमार सहित कई लोगों का कहना है कि तामोट पंचायत में सचिव और सरपंच दिखते नहीं है, पंचायत तो कोई और चला रहा हैं। कार्यालय में भी और कोई बैठता है। सचिव विनोद ने फोन पर कहा कि मेरे पास गौहरगंज का भी प्रभार है, मैं वहां देखूं या तामोट देखूं। जनपद सीईओ वृंदावन मीणा ने फोन पर कहा तामोट की शिकायतें आ रही है मैं दिखवाता हूं।



**सुदर्शन चक्र कोर में जनरल द्विवेदी ने की परिचालन तैयारी की समीक्षा**

## सेना में अत्याधुनिक तकनीकों से और अधिक मजबूती मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सुदर्शन चक्र कोर की परिचालन तैयारी की व्यापक समीक्षा की, जिससे भारतीय सेना की उच्च युद्ध तत्परता, नवाचार और पेशेवर उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। अपने दौरे के दौरान, उन्हें चल रही पहलों और अत्याधुनिक तकनीकों के समावेश के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और उनकी परिचालन दक्षता, अनुकूलनशील प्रशिक्षण और युद्धक्षेत्र में नवाचार के प्रति समर्पण की सराहना की। इस दौरे का एक महत्वपूर्ण आकर्षण पांच विशिष्ट पूर्व सैनिकों को 'वेटरन अचीवर अवॉर्ड' से सम्मानित करना था, जो समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी सतत योगदान को मान्यता देता है। जनरल द्विवेदी ने 'योद्धास्थल' का दौरा किया, जहां उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और इतिहास का वर्णन किया। यह स्थल आम जनता के लिए खुला एक रोचक और शैक्षिक अनुभव है, जो नागरिक-सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से बनाया गया है।



---

पति की एक साल पहले हुई थी मौत, बीमारी और घुटनों के दर्द से थी परेशान

# बुजुर्ग महिला की खेत में मिली जली लाश, आत्महत्या की आशंका, नहीं मिला ज्वलनशील पदार्थ, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना गांव हिनोतिया आलम में सौम्या इवरग्रीन कॉलोनी के पीछे गुरुवार सुबह खेत में बुजुर्ग महिला की जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बुजुर्ग के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। हालांकि शाम तक पुलिस ने महिला की शिनाख्त कर ली। वह देर रात घर से निकली थी। इसके बाद उनकी लाश खेत में जली हुई अवस्था में मिली। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार सौम्या इवरग्रीन कॉलोनी हिनोतिया आलम में गुरुवार सुबह एक महिला की लाश बरामद की गई थी। लाश कॉलोनी के पीछे खेत में नाले के पास पड़ी थी और करीब 70 फीसदी जली हुई थी। लाश जली होने के कारण उम्र का तकाजा लगाना मुश्किल था। अनुमान लगाया जा रहा था कि उसकी उम्र 30 से 35 साल के आसपास होगी। पुलिस को घटनास्थल से ऐसे कोई भी दस्तावेज नहीं मिले थे, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके।

### सीसीटीवी कैमरे में जाती हुई आई नजर



कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि उर्मिला रात करीब डेढ़ बजे घर से निकली थी। इसके बाद खेत में जलती हुई आग नजर आई। घटनास्थल से कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं मिला है। ऐसे में उर्मिला ने आग लगाकर आत्महत्या कैसे कर ली इसकी जांच की जा रही है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### बेटे ने की मां की शिनाख्त

पुलिस ने इलाके में लोगों से पूछताछ की। इसी बीच सैम्या इवरग्रीन कॉलोनी निवासी विवेक शुक्ला ने पुलिस से संपर्क किया। उसने पुलिस को बताया था कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात उसकी मां उर्मिला शुक्ला (62) घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस ने मर्चूरी में रखा उर्मिला शुक्ला का शव दिखाया। विवेक ने अपनी मां की पहचान कर ली। विवेक ने बताया कि उनके पिता की एक साल पहले मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद से मां दुखी रहती थी। उम्रदराज होने के कारण वह बीमार भी थी और उनके घुटनों में दर्द रहता था। असहनीय दर्द होने के कारण वे पैरों के दोनों घुटनों पर नी-कैप पहनती थी।

## अभिषेक कर नवीन प्रतिष्ठित प्रतिमाओं को किया रवाना

### श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में दो अलग-अलग स्थानों पर प्रतिष्ठित होकर जैन प्रतिमाएं पहुंची, जिनका अभिषेक कर उन्हें रवाना किया गया। महावीर मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष अषोक जैन व मुनि व्यवस्था समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से परम पूज्य आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से पूज्य निर्यापक मुनि सुधा सागर महाराज के सानिध्य में बहोरीबंद में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सिंधु भवन अहमदाबाद की प्रतिमाजी प्रतिष्ठित हुई हैं, जिनका गुरुवार को नगर के पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक किया गया। साथ ही भैसांदही में आचार्य विभवसागर महाराज से प्रतिष्ठित भगवान मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा का भी अभिषेक कर भोपाल के चंदननगर के लिए रवाना किया गया। वहीं शेष प्रतिमाओं को अहमदाबाद के लिए रवाना किया।



नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

# केंद्रीय मंत्री शाह का ऐलान-वर्ष 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा संपूर्ण देश

आतंकवाद-उग्रवाद विरोधी गतिविधियों में निभाई मुख्य भूमिका





विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराए।

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जहां जरूरत होती है, सीआरपीएफ के जवान सदैव कर्तव्य पथ पर तत्पर रहते हैं। देश का जब भी स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा, उसमें सीआरपीएफ के शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखे जाएंगे। शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ कर्मियों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सीआरपीएफ की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, शांति स्थापना के कार्यों में निभाई गई भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता करने की कोई बात नहीं'। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुरुवार को नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद थे।

## अब महिलाओं की भर्ती, आयुष्मान कार्ड का लाभ भी

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि आज सीआरपीएफ के 3 लाख जवान देश में कानून-व्यवस्था और शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की संसद पर आतंकी हमले और श्रीराम जन्मभूमि पर हमले जैसी मुश्किल समय में कई बार सीआरपीएफ जवानों ने वीरता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए बलिदान दिया। उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा कि सीमा क्षेत्रों से लेकर अंदरुनी इलाकों तक देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ के योगदान को कोई भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सीआरपीएफ कर्मियों को आयुष्मान कार्ड और आवास योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सीआरपीएफ में अब महिलाओं की भी भर्ती हो रही है। उनके लिए भी आवास सुविधा विकसित की जा रही है। सीआरपीएफ को आधुनिक बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से उत्कृष्ट सुविधा प्रदान की जा रही है। सीआरपीएफ को 2708 वीरता पदक प्राप्त हुए हैं, जो अद्भुत वीरता के परिचालक हैं।

### सरदार पटेल ने इसी दिन प्रदान किया था ध्वज

86वीं सीआरपीएफ दिवस परेड इस वर्ष 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के अन्तर्गत आयोजित की गई। सामान्यतः सीआरपीएफ दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि 1950 में इसी दिन भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सीआरपीएफ को ध्वज प्रदान किया था। इस वर्ष नीमच में आयोजन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यहीं 27 जुलाई 1939 को ब्रिटिश शासन के दौरान 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' की स्थापना हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 28 दिसंबर 1949 को सरदार पटेल ने इसे 'केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)' नाम दिया। आज सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है हर चुनौतीपूर्ण मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में डटे रहकर, 'सेवा और निष्ठा' के अपने मूल मंत्र को चरितार्थ कर रहा है। नीमच में आयोजित आज के कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिह, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सहित जिले के तीनों विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सहकारिता एक्ट और गाइडलाइन अध्ययन के लिए कमेटी का गठन

# केंद्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा करें निर्धारित: मंत्री सारंग



भोपाल। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में दिए गए निर्देशों के परिपालन में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में गुरूवार को उच्च स्तरीय बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा निर्धारित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सारंग ने कहा कि कमेटी गठित कर सहकारिता एक्ट और गाइडलाइन का अध्ययन किया जाए। यह कमेटी अपनी अनुशंसा उच्च स्तर पर प्रस्तुत करेगी। बैठक में कमेटी के सदस्यों में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता, अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य पीएस तिवारी, संयुक्त आयुक्त केके द्विवेदी और एचएस बघेला को शामिल किया गया है।

## सहकारिता अधिकारी समझेंगे सीपीपीपी मंत्री

मंत्री सारंग ने को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पाटनरशिप मॉडल पर एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश भी दिए। वर्कशॉप में देशभर के सहकारिता से जुड़ें अधिकारियों को मॉडल का प्रजेटेंशन दिया जाएगा। 20 जून को यह प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सारंग ने सहकारी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस मॉडल के तहत सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### 'निवेश विंग आई डब्ल्यू'

*बैठक में बताया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उच्च स्तर से निर्णय के बाद सहकारिता क्षेत्र में निवेशकर्ताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं एक स्थान पर सुनिश्चित करने के लिए 'निवेश विंग आई डब्ल्यू' बनाई गई है। इसमें अम्बरीष वैद्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता और प्रबंध संचालक बीज संघ महेन्द्र दीक्षित समन्वय अधिकारी होंगे।*

सीएम डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर बताई उपलब्धि

# मध्यप्रदेश में गिद्ध संरक्षण को मिल रही नई दिशा: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन में नए आयाम जुड़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों का संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, अपितु पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। प्रदेश में गिद्ध संरक्षण को भी नई दिशा दी जा रही है।



भोपाल स्थित केरवा गिद्ध प्रजनन केन्द्र से 6 गिद्धों को बुधवार को पहली बार प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने गिद्धों सहित अन्य पशु पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं। एशिया से लुप्त हो रहे चीतों के पुनर्वास के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका के देशों से चीते लाकर कूनो में उनका संरक्षण एवं संवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर लगाए हैं, जिससे उनके व्यवहार एवं सुरक्षा की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

प्रशासन अकादमी में होगा मंथन

# वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका पर दो दिनी कार्यशाला आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होने जा रही है। नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूंगीकर प्रस्तुत करेंगे।

भोपाल लोकायुक्त टीम की कार्रवाई

# बीआरसी 5 हजार की रिश्वत लेते धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त भोपाल की टीम ने गुरुवार को नर्मदापुरम जिले में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक, बीआरसी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। बीआरसी ने क्षेत्र के स्कूलों से मध्याह्न भोजन और कंटीजेंसी फंड के ऑडिट के नाम पर रिश्वत की डिमांड की थी। पूरा मामला यह है कि, देवेंद्र पटेल प्राथमिक शिक्षक के पद पर प्राथमिक शाला सोमुखेड़ा में पदस्थ हैं। तहसील केसला में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कृष्णकुमार शर्मा मध्याह्न भोजन एवं कांटिंजेंसी फंड के ऑडिट के नाम पर आवेदक के स्कूल से 3000 रुपए रिश्वत मांग रहे थे। वहीं शिक्षक के सर्किल के 4 अन्य स्कूलों से भी प्रति स्कूल 3000 रुपए कुल 15000 रुपए रिश्वत के लिए दवाब बना रहे थे।

जिसकी शिकायत प्राथमिक शिक्षक द्वारा दुर्गेश कुमार राठौर एसपी लोकायुक्त भोपाल को की गई थी। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने ट्रेप दल का गठन किया गया एवं टीम के द्वारा आरोपी बीआरसी कृष्णकुमार शर्मा को उसके कार्यालय कक्ष में आवेदक से 5000 रुपए. की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ ट्रेप किया गया। आरोपी से रिश्वत की राशि भी जब्त कर ली गई।

राज्य स्तरीय कार्यशाला में बोले सीएस

# एमपी में 68 प्रतिशत घरों में पहुंच चुका नल जल, फिर भी गिरता जल स्तर चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



समुदाय आधारित सतत जल प्रबंधन पर नरोन्हा प्रशासन अकादमी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जल निगम, पीएचईडी एवं पानी के मुद्दे पर काम करने वाले स्वैच्छिक संगठन समर्थन, वाटरएड और परमार्थ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में 68% घरों में नल से जल पहुँच चुका है और बहुत ही जल्द शेष घरों में भी पानी पहुँचाया जाएगा। 2026 तक इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होने कहा कि हवा के बाद पानी हमारे जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है, लेकिन लगातार नीचे गिरता जल स्तर बड़ी चिंता का विषय है। प्रदेश के 52000 गांवों में से 27000 गांव समूह जल प्रदाय योजना में शामिल हैं। नल जल योजनाओं की निरंतरता एवं जल स्त्रोतों के स्थायित्व में समुदाय की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। नल जल योजनाओं का हेंडओवर लेते समय सरपंचों को जिम्मेवारी लेनी होगी कि गलत रिपोर्ट न दें और यह देखें कि उनके गांव में सभी घरों को शुद्ध एवं पर्याप्त पानी मिल रहा है, तभी हस्ताक्षर करें। प्रमुख सचिव पीएचईडी पी.नरहरि ने कहा कि अधिकांश गांव में 85 से 90 फीसदी नल कनेक्शन पूर्ण हो चुके हैं।

### एक घर भी न रहे वंचित

*एकल ग्राम योजना के गांवों में जो घर नल कनेक्शन से वंचित हैं उन्हें दिसम्बर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि समूह जल प्रदाय योजना में जो घर नल कनेक्शन से वंचित है उन्हें 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों के द्वारा योजनाओं के हस्तांतरण के बाद चुनौतियां बढ़ जाती हैं, जिसकी जिम्मेवारी समुदाय एवं ग्राम पंचायतों को लेनी ही होगी। वाटरएड के सीईओ माधवन ने कहा सभी को यह जिम्मेवारी लेनी होगी कि एक भी बसाहट या घर नल कनेक्शन से वंचित न रहे।*




बरकतउल्ला विश्वविद्यालय
होशंगाबाद रोड, भोपाल-462026, Website : www.bubhopal.ac.in
E-mail : budrstore2015@gmail.com

क्रमांक : 326/भण्डार/2025 — भोपाल, दिनांक : 09.04.2025

सूचना

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के परिसर एवं पोलो की स्ट्रीट लाईट रिपेरिंग कार्य हेतु ई-निविदा निम्नानुसार निविदा एम.पी. टेण्डर पर जारी की गई है। इन निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | निविदा का नाम | निविदा क्रमांक | प्रस्तुत करने का दिनांक | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की परिसर की स्ट्रीट लाईट रिपेरिंग की ई-निविदा-2025 | 326/भण्डार/25 दिनांक 09.04.25 | 09.04.2025 | 29.04.2025 |

निविदा प्रपत्र, शर्तें, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने के लिए वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/119720/2025 — कुलसचिव

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

निजी वाहन किराये से लेने हेतु विज्ञप्ति

अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मण्डल के वृत्त कार्यालय हेतु वाहन चालक सहित मासिक किराये की निम्नलिखित अधिकारियों को उपलब्ध कराये जाने हेतु वाहन मालिक/पंजीकृत ट्रेवल एजेंट से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | अधिकारी का पद | वाहन का प्रकार | वाहन का मॉडल | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु./जी.एस.टी. सहित) | धरोहर राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र क्रय एवं धरोहर राशि जमा करने की अवधि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उपायुक्त, वृत्त-2 भोपाल | स्कॉर्पियों/ बोलेरो-2024/या Kia Carens मॉडल-2024 | नवीन पंजीकृत वाहन | रु. 1,000.00 | रु. 30,000/- | 25.04.2025 (समय 04:00 बजे) | 28.04.2025 (समय 03:00 बजे) |

अन्य नियम एवं शर्तें:- (1) वाहन का पंजीयन टैक्सी परमिट का होना आवश्यक है। (2) धरोहर राशि डी.डी. के रूप में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जो कि उपायुक्त, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-2 भोपाल के पक्ष में प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा निविदा प्रपत्र भी उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त किये जायेंगे। (3) निर्धारित तिथि को उपस्थित वाहन मालिक के समक्ष निविदा खोली जायेगी।(4) वाहन का पंजीयन/बीमा आदि समस्त दस्तावेज निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (5) किसी भी विवाद की स्थिति में मण्डल का निर्णय मान्य होगा| (6) निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

Visit us : www.mphousing.in
Email : dhc2hbbpl@mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/119711/2025
/mphidb
/mphidb
उपायुक्त
वृत्त-2, भोपाल
दूरभाष : 0755-2688479

कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2440 to 2790/Water Supply/2025 — विदिशा, दिनांक 16/04/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2440 | 2025_UAD_417613_1 | Supply of 01 Tractor 42 hp and 04 Tanker 5000 let. Vidisha Municipality | I Call | 2000000.00 | 15000.00 | 2000.00 | 03 months | 23/05/2025 |
| 2 | 2790 | 2025_UAD_417623_1 | Supply instalation testing commissionning operation and maintenance of Signal Lights. | I Call | 9300000.00 | 69750.00 | 10000.00 | 06 months | 23/05/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

जांच के बाद डॉक्टर पर मामला दर्ज होगा

## जबलपुर में आयुर्वेदिक डॉक्टर कर रहा था एलोपैथिक इलाज

# 100 बेड वाला 'सुलखिया अस्पताल' सील

**जबलपुर।** अभी फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि एक अस्पताल में आयुर्वेदिक डॉक्टर को एलोपैथिक इलाज करते पाया गया। 100 बेड वाले इस अस्पताल को सील कर दिया गया है। सर्टिफिकेट की जांच के बाद डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। मामला जबलपुर का है। यहां बिना अनुमति के चल रहे एक निजी अस्पताल को गुरुवार को अधिकारियों ने सील कर दिया। अधिकारियों ने पाया कि आयुर्वेद में प्रशिक्षित एक डॉक्टर वहां एलोपैथिक दवाओं से मरीजों का इलाज कर रहा था। दरअसल, फर्जी हृदय रोग विशेषज्ञ नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम की गिरफ्तारी के बाद अस्पतालों को लेकर राज्यव्यापी कार्रवाई चल रही है। नरेंद्र जॉन ने कथित तौर पर दमोह स्थित एक अस्पताल में सर्जरी की थी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। वह फिलहाल पुलिस हिरासत में है। रांझी के एसडीएम आरएस मरावी ने बताया कि जबलपुर के बिलहरी इलाके में स्थित डॉ. दिव्यांश सुलखिया द्वारा संचालित 'सुलखिया अस्पताल' को अनिवार्य अनुमति न होने के कारण सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पता चला कि बीएएमएस की डिग्री रखने वाले डॉ. सुलखिया एलोपैथिक दवाओं से मरीजों का इलाज कर रहे थे। 100 बेड वाले इस अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नर्सिंग स्टाफ द्वारा तीन मरीजों का इलाज करते पाया गया। जब डॉक्टर से अस्पताल चलाने के लिए जरूरी दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह ऐसा करने में विफल रहा। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्थानों से उसकी योग्यता से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### गले की नस...

देश द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्रों को खाली करना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान लाख कोशिश कर ले, लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी प्रतिष्ठा कम नहीं होगी। राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान को याद दिलाता है कि उसे मुंबई हमलों के अन्य अपराधियों को भी न्याय के कटघरे में लाना होगा, जिन्हें वह अभी भी बचा रहा है।

### वे मैडम कुछ नहीं...

धर्म नहीं है, जो धर्म इतना प्रफुल्लित और आनंदित करता हो। उन्होंने कहा कि बंगाल में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, इन घटनाओं को देखकर मन बहुत दुखी हो रहा है। एक वह मैडम हैं, मुख्यमंत्री हैं बंगाल की, जो यह सब देख रही हैं। उसकी बुद्धि सही करने के लिए एक शिव महापुराण की कथा बंगाल में भी करनी पड़ेगी, तभी उसकी बुद्धि सही होगी।

### सरकार को जवाब...

अधिसूचित नहीं किया जा सकता। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की।

**केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई:** -दूसरी ओर पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर कई याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जबकि वकीलों से कहा कि वे आपस में तय करें कि कौन बहस करेगा।

**नए कानून के बारे में पीठ ने उठाए थे ये सवाल:** -क्या उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ की गई सभी संपत्तियां अब वक्फ के रूप में अस्तित्व में नहीं रह गई हैं?

-शताब्दियों से मौजूद उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत करने के लिए कैसे कहा जा सकता है? सीजेआई ने जामा मस्जिद का उदाहरण दिया।

क्या यह कहना उचित है कि जब तक सरकार का अधिकृत अधिकारी इस विवाद की जांच पूरी नहीं कर लेता कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं, तब तक किसी संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा?

-धारा 2ए प्रावधान न्यायालय के उन निर्णयों को कैसे रद्द कर सकता है जो संपत्तियों को वक्फ घोषित करते हैं?

-क्या नए संशोधनों के बाद, केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों के अधिकांश सदस्य मुस्लिम होंगे?

### कानून पर रोक...

सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

### धनखड़ बोले...

मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लिए जाने के वास्ते समयसीमा निर्धारित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले पर शुक्रवार को चिंता जताई और कहा कि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम स्वयं संभालेंगे और एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे। वे राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे।

### जो लोकतंत्र को...

में एक आयोजन के दौरान लोगों को संबोधित कर रही थीं। इसी दौरान उषा ठाकुर कहते हुए दिखाई दे रही हैं कि कि भाजपा ने लाड़ली बहना, किसान सम्मान निधि जैसी योजना से हजारों रुपए खाते में आते हैं। उसके बाद भी हजार पांच सौ रुपए में वोट बिक जाए तो उस मनुष्य के लिए डूब मरने की बात है। जो लोकतंत्र बेचेगा वो अगले जन्म में भेड़,बकरी और ऊंट बनेगा। भगवान से मेरी सीधी बात है।

### अवैध रेत की...

उनकी 8 मांग है कि देवगढ़ और बागचीनी थाना प्रभारियों समेत अन्य पुलिसकर्मियों की कॉल डिटेल निकाली जाए। साथ ही अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर आरोपी ट्रैक्टर चालक को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए। जानकारी के अनुसार, बावड़ी गांव निवासी छोटू भदौरिया (15) साइकिल से बागचीनी बाजार सामान खरीदने निकला था। उसके पीछे दादा कप्तान सिंह भदौरिया भी पैदल चल रहे थे। नील मंदिर के पास अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने छोटू को टक्कर मार दी। दादा ने चिल्लाकर ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। तभी चालक स्पीड तेज कर मौके से भाग निकला। बागचीनी चौराहे पर लगे सीसीटीवी में आरोपी ट्रैक्टर चालक कैद हुआ है। ट्रैक्टर-ट्रॉली काफी तेज दौड़ाते हुए ले जा रहा है। उसके साथ तीन लोग बैठे हुए हैं। उनकी पहचान कर रहे हैं और जल्द ही पकड़ लेंगे। जहां तक पुलिस द्वारा 5 हजार प्रत्येक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक से लेने के आरोप निराधार है। मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा है कि रेत माफियाओं को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए पुलिस कार्रवाई नहीं करती। ऐसा कब तक चलेगा।

### रेलवे ट्रैक पर...

जीप इंजन की चपेट में आई। इससे जीप के परखच्चे उड़ गए। वहीं इस घटना में किसी व्यक्ति को कोई चोटें नहीं आईं हैं। बताया गया है कि बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे मगरपुर रेलवे स्टेशन के ट्रैक से एक जीप निकलने के दौरान फंस गई थी। जीप के फंसे होने के बाद उसे निकालने के लिए उसमें सवार लोग काफी प्रयास करते रहे। लेकिन वह जीप रेलवे ट्रैक से नहीं निकल सकी। तभी ग्वालियर की तरफ से प्रयागराज के लिए जाने वाली बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन आई, तो ट्रेन को आता हुआ देखकर वाहन चालक और सवार वहां से भाग खड़े हुए। इसी बीच ट्रेन के लोको पायलट को वाहन फंसा हुआ दिखने पर उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन वाहन फिर भी टकरा गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर आरपीएफ-जीआरपी के अधिकारी पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद वाहन को निकाला गया। इस दौरान करीब 35 मिनट ट्रेन लेट हुई। साथ ही अब पुलिस वाहन चालक और मालिक की तलाश में जुट गई है।

### गृहमंत्री अमित शाह...

सेवाओं के लिए सुरक्षा बल के जवानों को पुरस्कृत किया। समारोह में कोबरा, आरएएफ वैली क्यूएटी और डॉग स्क्वॉड जैसी विशेष इकाइयों द्वारा प्रभावशाली एवं आकर्षक प्रदर्शन किया गया। शाह ने सीआरपीएफ परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ सीआरपीएफ कैंप नीमच के परिसर में 'राष्ट्र सेवा' में समर्पित सीआरपीएफ के विभिन्न आयाम चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक फोर्स द्वारा अर्जित उपलब्धियों एवं विभिन्न गतिविधियों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

### बाबरी मस्जिद...

था। वीडियो वायरल होने पर दिग्विजय सिंह ने अपने इस बयान पर कहा कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया। मेरे बयान से भाजपा के नेताओं ने न हटा दिया। पूरा देश जानता है, दिग्विजय सिंह दंगे के खिलाफ है। मैंने ये कहा था कि 15 दिन पीसीसी दफ्तर में सोया था। हिंदू, मुसलमानों के साथ मिलकर दंगा फसाद न हो इसका प्रयास किया था। सिर्फ मेरे बयान से न ही तो हटाना था। वहीं, बाबरी मस्जिद को शहीद बताने वाले बयान पर कांग्रेस नेता ने कहा कि हां मैंने शहीद कहा है, किसी पूजास्थल को जबरदस्ती गिराओगे तो क्या कहेंगे।

### 43.6 डिग्री पर रहा नर्मदापुरम...

बढ़कर 41.1 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.3 डिग्री अधिक है। प्रदेश में रात के समय बादलों का असर रहने से 7 से अधिक जिलों में न्यूनतम पारा 26 से 27 डिग्री के बीच दर्ज हुआ। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तापमान में लगातार बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले 3 से चार दिन में पारा बढ़ेगा। कुछ जिलों में लू का असर होगा, जबकि चार दिन बाद कहीं कहीं बारिश भी होगी। भोपाल में भी लू चलने के आसार हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

नाम परिवर्तन

मैं महेन्द्र कुमार मुकाती पुत्र श्री आत्माराम मुकाती आयु व्यस्क निवासी म नं 42, पोस्ट पाडलिया, तह. शुजालपुर, खाती खेडी, शाजापुर मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम खुशी (KHUSHI) पुत्री श्री महेन्द्र मुकाती (MAHENDRA KUMAR MUKATI) दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम खुशी मुकाती (KHUSHI MUKATI) पुत्री श्री महेन्द्र कुमार मुकाती MAHENDRA KUMAR MUKATI) है। एवं भविष्य में वह इसी नाम व सरनेम से जानी पहचानी जावेगी है।

नाम परिवर्तन

में दिनेश कुमार रघुवंशी पुत्र श्री अजब सिंह रघुवंशी आयु व्यस्क व्यवसाय-डुंगरिया कला, उदयपुर, जिला-रायसेन, मध्यप्रदेश का निवासी में दिनेश कुमार रघुवंशी पुत्र श्री अजब सिंह रघुवंशी आयु व्यस्क व्यवसाय-डुंगरिया कला, उदयपुरा, जिला-रायसेन, मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में घर का बोलता हुआ नाम बडिका (BADIKA) पुत्री श्री दिनेश कुमार रघुवंशी (DINESH KUMAR RGHUWANSHI) दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम वैदिका रघुवंशी (VAIDIKA RAGHUWANSHI) पुत्री श्री दिनेश कुमार रघुवंशी (VAIDIKA RAGHUWANSHI) है। एवं भविष्य मे वह इसी नाम व सरनेम से जानी पहचानी जावेगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## शब्द पहेली - 5840



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता,दुश्मनी-4
7. नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर,शिव-4
11. संज्ञा,संबोधन-2
13. वेग,गति-3
14. महसूल,राहदरी-2
15. अंधकार,अंधेरा-3
17. कुंजी,ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता,बेगानापन-5
25. समय,वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा,सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी,धूल-2
32. नट,बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स,हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5


**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा,पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना,अड़ जाना-3
5. जंगल,कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी,धन-4
12. वोट,राय-2
16. राजा,महाराजा-3
17. चतुर्थ,चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन,देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर,लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना,बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल,नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी,अवकाश-2
37. राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5839 का हल



## सूडोकु नवताल - 5850

★★★★★ कठिनतम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5849 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वर्षगांठ पर बोले इंडस्ट्री लीडर्स

# अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध से भारत के पास ग्लोबल हब बनने का अवसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टैरिफ युद्ध को देखते हुए इंडस्ट्री लीडर्स का मानना है कि यह भारत के लिए वैश्विक आर्थिक विकास और इनोवेशन का केंद्र बनने का सुनहरा अवसर है।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर बातचीत में मैनकाइंड फार्मा के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा ने कहा कि यह एक बहुत ही अलग तरह की परिस्थिति है और भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। देश का भविष्य काफी उज्ज्वल है।



### काफी सारे स्टार्टअप्स कर रहे हैं अच्छा प्रदर्शन

जुनेजा ने आगे कहाकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे क्षेत्रों में ग्लोबल लीडर बनना फिलहाल दूर का सपना लगता है, लेकिन देश सही रास्ते पर है। मैनकाइंड फार्मा के वाइस चेयरमैन के मुताबिक देश को छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। काफी सारे स्टार्टअप्स अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित

*उन्होंने कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण पर सरकार के फोकस की प्रशंसा की और बढ़ते इन्फ्रास्ट्रक्चर और सपोर्ट सिस्टम को सही कदम बताया। जुनेजा ने कहाकि सरकार शानदार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को लेकर बहुत चिंतित हैं।*

### अभी का समय सबसे बेहतर

*हिंदुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय भाटिया ने कहाकि यह भारत के लिए सबसे अच्छा समय है। जिस तरह से भारत प्रगति कर रहा है और वैश्विक स्तर पर इसकी पहचान बन रही है, वह हमारे उद्योगों के लिए एक बेहतरीन अवसर है।*

# फास्टैग सिस्टम 1 मई से खत्म होगा, जीपीएस से कटेगा टोल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में नेशनल हाईवे पर यात्रा करने वालों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार 1 मई 2025 से फास्टैग की जगह एक नया सैटेलाइट आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगले 15 दिनों में नई टोल नीति पेश की जाएगी और यह यात्रियों के लिए संतोषजनक होगी।

सरकार जिस नए टोल सिस्टम की बात कर रही है, उसका नाम है ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम। यह एक जीपीएस-आधारित प्रणाली है, जिसमें वाहन की लोकेशन को सैटेलाइट की मदद से ट्रैक किया जाएगा और उसी आधार पर तय दूरी के अनुसार टोल शुल्क सीधे बैंक खाते से काट लिया जाएगा। यानी अब टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। फास्टैग प्रणाली में भले ही कैश की जगह डिजिटल पेमेंट होता है, लेकिन वाहन को टोल बूथ से गुजरते समय रुकना पड़ता है। कई बार इससे लंबी कतारें लग जाती हैं। वहीं, जीएनएसएस प्रणाली वर्चुअल टोल बूथ के जरिए काम करती है।

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)
क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, फोन : 0755-2580271,2580319
ई-मेल: nscbhopalhr.gov.in@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com, hrnscbpl@gmail.com
क्र.3/अभियांत्रिकी/गोदामों की मरम्मत (आर ओ)/एन एस सी-भोपाल/2024-25 दिनांक : 17.04.2025
"ई-निविदा आमंत्रण सूचना"
राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा "प्रक्षेत्र कार्यालय गोविंदपुरा (भोपाल)" परिसर की गोदाम का छत मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13/05/2025 को 13:00 बजे तक है तथा निविदा की टेक्निकल बिड उसी दिन दिनांक 13/05/2025 को 15:01 बजे खोली जाएगी। निविदा संबंधित सभी प्रकार की जानकारी एवं संशोधन एनएससी की वैबसाइट www.indiaseeds.com पर ही देखे जा सकता है।
क्षेत्रीय प्रबंधक

सेबी अध्यक्ष ने विश्वास निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर सीआईआई प्रकाशन जारी किया

# नियमों को तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता, क्योंकि अत्यधिक विनियमन विकास और नवाचार को कर सकता है बाधित: पांडे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे ने कहा कि अच्छा कॉरपोरेट गवर्नेंस एक सफल उद्यम की नींव है। वे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 18वें कॉर्पोरेट गवर्नेंस शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहाकि नियामक के दृष्टिकोण से, सूचीबद्ध संस्थाओं में कॉर्पोरेट गवर्नेंस के उच्च मानक शेयरधारकों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों के लिए पारदर्शी खुलासे, बोर्ड की स्वतंत्रता और प्रभावी निगरानी के माध्यम से निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए मजबूत गवर्नेंस तंत्र आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत शासन के लिए जानी जाने वाली कंपनी की प्रतिष्ठा सकारात्मक होती है, जिससे बेहतर क्रेडिट रेटिंग, पूंजी तक आसान पहुंच और उच्च मूल्यांकन हो सकता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक विनियमन विकास और नवाचार को बाधित कर सकता है, जबकि बहुत कम विनियमन भी हितधारकों के विश्वास में कमी ला सकता है और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।




### एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य करना है

बोर्ड नेताओं के लिए एआई के प्रभावी अपनाने और शासन पर सीआईआई गाइडबुक शीर्षक से एक और प्रकाशन भी जारी किया गया। इस गाइडबुक का उद्देश्य निदेशक मंडल के लिए एआई प्रशासन की जटिलताओं को समझने और बेहतर व्यावसायिक परिणाम प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य करना है। गाइडबुक में एआई से संबंधित बुनियादी अवधारणाएं, विभिन्न व्यावसायिक कार्यों में इसका उपयोग, एआई प्रशासन,ढांचे की महत्ता और प्रशासन में जोखिम, चुनौतियां तथा व्यवसायों में एआई के उपयोग से जुड़े निदेशकों की जिम्मेदारियां शामिल हैं।

### बोर्ड की निगरानी बढ़ाने की मांग

*शिखर सम्मेलन में संजीव बजाज, पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई, सीआईआई कॉर्पोरेट गवर्नेंस काउंसिल के अध्यक्ष और बजाज फिनसर्व लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा कि शासन को वास्तविक व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए अनुपालन से आगे बढ़कर स्वरूप से अधिक सार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विश्वास की अनिवार्यता, प्रमुख हितधारकों के दृष्टिकोण से कॉर्पोरेट प्रशासन को शामिल करने के लिए 5 प्रमुख कॉर्पोरेट प्रशासन रुझानों पर प्रकाश डाला और बोर्ड की निगरानी बढ़ाने की मांग की। जबकि सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कॉर्पोरेट प्रशासन को इसके दूरगामी प्रभावों के कारण व्यावसायिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।*

## एमजी मोटर ने किया हेक्टर 'मिडनाइट कार्निवल' पेश

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने फ्लैगशिप एसयूवी एमजी हेक्टर को खरीदने के अनुभव को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एक रोमांचक अभियान 'मिडनाइट कार्निवल' शुरू किया है। सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफर अवधि में 20 भाग्यशाली एमजी हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपए तक के खास फायदे भी पा सकते हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल, 1 लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं।

कार्यालय नजूल अधिकारी, नजूल शहर वृत्त, भोपाल
क्रमांक / 2809/ रीडर/2025 भोपाल दिनांक 16/04/2025
प्रकरण क्रमांक - 01/अ-20 (5)/2025-26
// इश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नगर निगम भोपाल द्वारा आवासीय सह व्यवसायिक कॉम्पलेक्स हेतु ग्राम शहर भोपाल खसरा क्रमांक 143, 144, 145, 1840/1326 1841/1328 रकबा 2.670 हैक्ट. में से 0.792 हैक्ट. भूमि का आवंटन / हस्तांतरण चाहा गया है।
उपरोक्त भूमि नगर निगम भोपाल को आवंटन / हस्तांतरण किये जाने संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित हो कर समक्ष में प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि उपरांत आवेदन या आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 16/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।
G-11667/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "
नजूल अधिकारी
नजूल शहर वृत्त, भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
न्यू ब्रॉयलर भवन, मेन रोड नं. 3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2776086, E-mail : mplpdcbpl@rediffmail.com
अल्पकालीन ई-निविदा (पुन: आमंत्रण) (गेहूं भूसा क्रय)
वर्ष 2025-26 में बुलमदर फार्म, केन्द्रीय वीर्य संस्थान एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला भदभदा, भोपाल हेतु गेहूं भूसा क्रय हेतु पृथक-पृथक ई-टेंडर द्वारा दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 18.04.2025 से क्रय कर **दिनांक 01.05.2025 को सायं 05.30 बजे तक** प्रस्तुत की जा सकती हैं। विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु www.mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें।
Tender ID - 2025_MLPDC_413014_1
Tender ID - 2025_MLPDC_413015_1
Tender ID - 2025_MLPDC_413016_1
म.प्र. माध्यम/119705/2025 प्रबंध संचालक

## बिजनेस न्यूज

### डब्ल्यूपीपीएस का दो दिवसीय कॉन्क्लेव इंदौर में 24 से

**भोपाल।** गेहूं और गेहूं उत्पादों के क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और मूल्य वर्धन को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने वाले अग्रणी उद्योग संघ व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (डब्ल्यूपीपीएस) द्वारा आयोजित डब्ल्यूपीपीएस सीईओ कॉन्क्लेव 2025 आगामी 24-25 अप्रैल को इंदौर के मैरियट होटल में आयोजित किया जाएगा। यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्तर का कॉन्क्लेव भारत के गेहूं उद्योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। गेहूं और गेहूं आधारित उत्पाद 'सतत विकास और बाजार नेतृत्व के लिए सहयोग' विषय पर केंद्रित यह आयोजन 400 से अधिक उद्योग प्रमुखों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, नीति निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और खाद्य नवाचार में कार्यरत प्रोफेशनल्स को एक साझा मंच प्रदान करेगा। यह मंच प्रोडक्शन से लेकर एक्सपोर्ट तक पूरी सप्लाई चेन को सशक्त करने, उद्योग-नीति समन्वय को बढ़ावा देने और वैश्विक व्यापार के नए अवसरों पर विचार-विमर्श के लिए एक परफेक्ट मंच है। कॉन्क्लेव के पहले दिन 24 अप्रैल को उद्घाटन सत्र में अनेक प्रतिष्ठित वक्ता शामिल होंगे जिनमें सुनील अग्रवाल (अध्यक्ष, एमपी रोलर फ्लोर मिल्स एसोसिएशन), अजय गोयल (चेयरमैन, डब्ल्यूपीपीएस), डीन डायस (सीईओ, सीरियल्स कनाडा-वर्चुअल), जॉन साउथवेल (वरिष्ठ व्यापार एवं निवेश आयुक्त, ऑस्ट्रेड, ऑस्ट्रेलियाई सरकार), अविनाश चंदानी (पार्टनर, डेलॉइट इंडिया), प्रो. रमेशचंद (सदस्य, नीति आयोग) और डॉ. सुभ्रतो गुप्ता, आईएएस (सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), पतंजलि फूड्स लिमिटेड के सीईओ संजीव अस्थाना शामिल हैं।

### डाक विभाग का आज हेरिटेज वॉक

**भोपाल।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर भारतीय डाक विभाग द्वारा 18 अप्रैल 2025 को एक 'हेरिटेज वॉक' का आयोजन किया गया है। यह वॉक सुबह कमला पार्क से शुरू होकर गौहर महल एवं मोती मस्जिद होते हुए भोपाल जीपीओ पर सम्पन्न होगी। इस वॉक में भारतीय डाक विभाग के कर्मचारी हिस्सा लेंगे, जिसे मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, मध्यप्रदेश डाक परिमंडल विनीत माथुर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर भोपाल की धरोहर गौहर महल पर केन्द्रित एक 'विशेष विरूपण मोहर' जारी की जाएगी। डाक विभाग द्वारा आयोजित इस वॉक का उद्देश्य विभागीय कर्मचारियों के साथ साथ आमजनता में हमारी सांस्कृतिक संपदा के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना को जागृत करना है।

### फैशन ब्रांड वैन ह्यूसेन ने भोपाल में खोला अपना नया स्टोर

**भोपाल।** फैशन ब्रांड वैन ह्यूसेन ने अब भोपाल में अपना नया स्टोर लांच किया है। यह स्टोर डीबी सिटी मॉल में स्थित है यह स्टोर फॉर्मल वेयर, कैजुअल वेयर और अक्सेसरीज का शानदार संगम प्रस्तुत करता है, जो आज के मॉडर्न उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर चुना गया है। ब्रांड ने भोपाल में ब्रांडेड और प्रीमियम फैशन की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इस लोकेशन को चुना है विशेष रूप से युवाओं और प्रोफेशनल्स के लिए। यह स्टोर हाइब्रिड वर्कवेयर, कॉन्शियस फैशन और इंफ्लुएंसर-लीड स्टाइलिंग ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

### निसान का फ्री एसी चेकअप कैंप शुरू

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने ग्राहकों को केंद्र में रखने और सर्विस एक्सीलेंस को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए देशभर में अपने ग्राहकों के लिए दो महीने तक चलने वाले निशुल्क एसी चेकअप कैंप की घोषणा की है। 15 अप्रैल से शुरू हुआ यह एसी चेकअप कैंप 15 जून 2025 तक देशभर में निसान के सभी अधिकृत सर्विस वर्कशॉप में चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राहकों को कई तरह की सर्विस और डिस्काउंट का लाभ मिलेगा। न सर्विस कैंप का आयोजन कंपनी के नेटवर्क के सभी 123 सर्विस वर्कशॉप पर किया जा रहा है, जो निसान के सभी वाहनों को सर्विस प्रदान करते हैं। कैंप में कॉम्पलिमेंटरी टॉप कार वॉश के साथ 12-पॉइंट चेकअप किया जाएगा। ग्राहक लेबर चार्ज पर 10 प्रतिशत तक और वैल्यू एडेड सर्विसेज पर 15 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

### एचडीबी फाइनेंशियल का रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर पर ऑफर

**मुंबई।** एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने घरेलू उपकरणों को अपग्रेड करने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए विशेष ग्रीष्मकालीन ऑफर शुरू किए हैं। सीमित अवधि के इस अभियान में रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर पर 15 फीसदी तक कैशबैक के साथ-साथ खरीदारी को और अधिक किफायती बनाने के लिए नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प भी दिए जा रहे हैं। ग्राहक चुनिंदा रेफ्रिजरेटर मॉडल पर 25,000 रुपए तक कैशबैक और पात्र एयर कंडीशनर पर 15,000 रुपए तक कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। यह प्रमोशनल ऑफर 30 अप्रैल 2025 तक वैध है।

### अल्ट्रा ने शुरू किया अल्ट्रा स्टोरीज

**मुंबई।** भारतीय मनोरंजन उद्योग में चार दशक पुराना नाम अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप अल्ट्रा स्टोरीज' के साथ अपने बिंज-वॉचिंग की आदतों में एक कूल, सांस्कृतिक मोड़ लाकर अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ रहा है। एक नई एनिमेटेड सीरीज जो क्लासिक भारतीय कहानियों को एक नए आधुनिक स्पिन के साथ पेश करती है। अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप कंटेंट के निर्माण, अधिग्रहण, वितरण और सिंडिकेटिंग में माहिर है। अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के 150 से अधिक यूट्यूब चैनल और 3 क्षेत्रीय ओटीटी प्लेटफॉर्म है।

डॉ.संजय गोवाणी बने एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन के एमडी

## कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ सभी मिल जुलकर कार्य करें: डॉ.गोवाणी




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ सभी लोग मिल जुलकर एक साथ एक ही दिशा में दुग्ध उत्पादक किसान के हित में कार्य करें, सभी लोगों का काम में ज्यादा से ज्यादा ध्यान होना चाहिए। उक्त विचार एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) भोपाल के नवनियुक्त प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी ने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की अनौपचारिक बैठक लेते हुए व्यक्त किए। डॉ.गोवाणी ने कहा कि विक्रय (सेल्स) और विपणन (मार्केटिंग) को सशक्त बनाना है। सांची पार्लरों/बूथ पर सांची दूध और दुग्ध उत्पाद अधिक से अधिक विक्रय के लिए उपलब्ध रहना सुनिश्चित करना होंगे। किसान को अच्छी से अच्छी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पारदर्शी व्यवस्था के साथ मिलना चाहिए। अंत में डॉ. गोवाणी ने कहा कि सभी लोगों को सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना है, आगे बढना है और किसानों के हित में निर्णय लेना है। डॉ. गोवाणी की अनौपचारिक बैठक के पूर्व एमपीसीडीएफ परिवार ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## गेहूं उपार्जन केंद्र आज और कल भी खुले रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद सभी गेहूं उपार्जन केंद्र खुले रहेंगे, ताकि किसानों को गेहूं बेचने में कोई परेशानी न हो। राज्य के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्पष्ट कहा कि उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी जिला कलेक्टरों को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। किसान अवकाश के दिनों में भी स्लॉट बुकिंग के जरिए उपार्जन केंद्र पर गेहूं बेच सकेंगे। तुलाई, भंडारण और भुगतान की सभी व्यवस्थाएं समय पर और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों को लंबी कतारों से बचाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की जाएगी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र
निविदा आमंत्रण सूचना
नि.सू.क. 4567/2025-26/लेखा/का.यं. / लो.स्वा.यां. खंड/ राजगढ़/दि 15.04.2025
निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर आमंत्रित की गई है। राजगढ़ जिले के विकास खण्ड राजगढ, ब्यावरा, खिलचीपुर, जीरापुर, नरसिंहगढ, सारंगपुर में सिंगलफेस मोटर पंप स्थापना की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है ।

| निविदा क्र /दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत रू. लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4/25-26 दि.15.04.25 | 2525_ PHED_ 415227 | राजगढ़ | राजगढ़ जिले के विकास खण्ड राजगढ, के विभिन्न बसाहटों में 50 नग सिंगलफेस मोटर पंप की स्थापना के कार्य की निविदा | 08.08 लाख | 16160.00 | 2000.00 | 60 दिवस वर्षा काल सहित सहित | |
| 5/25-26 दि.15.04.25 | 2025_ PHED_ 415240 | ब्यावरा | राजगढ जिले के विकास खण्ड ब्यावरा, के विभिन्न बसाहटों में 75 नग सिंगलफेस मोटर पंप की स्थापना के कार्य की निविदा | 11.28 लाख | 22560.00 | 2000.00 | 60 दिवस वर्षा काल सहित सहित | |
| 6/25-26 दि.15.04.25 | 2025_ PHED_ 415244 | खिलचीपुर | राजगढ जिले के विकास खण्ड खिलचीपुर एवं जीरापुर, के विभिन्न बसाहटों में 75 नग सिंगलफेस मोटर पंप की स्थापना के कार्य की निविदा | 12.12 लाख | 242400.00 | 2000.00 | 60 दिवस वर्षा काल सहित सहित | |
| 7/25-26 दि.15.04.25 | 2025_ PHED_ 416791 | जीरापुर | राजगढ़ जिले के विकास खण्ड नरसिंहगढ एवं सारंगपुर के विभिन्न बसाहटों में 60 नग सिंगलफेस मोटर पंप की स्थापना के कार्य की निविदा | 9.69 लाख | 19380.00 | 2000.00 | 60 दिवस वर्षा काल सहित सहित | |

ऑन लाईन निविदा क्रय कॅरने की अंतिम तिथि - 25.04.2025
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि- 28.04.2025
जी- 11669/25 स्वच्छता ही सेवा
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय
खण्ड राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.

# भोपाल सहित समूचे मध्यप्रदेश में अमेजन ने होम, किचन एवं आउटडोर्स बिजनेस में 20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित समूचे प्रदेश में अमेजन.इन ने वित्त वर्ष 2025 की तिमाही में होम, किचन और आउटडोर्स बिज़नेस में 20 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की है। यह बढ़ोतरी स्मार्ट होम डिवाइसेज, फिटनेस और सुरक्षा से जुड़े प्रोडक्ट्स, किचन अप्लायंसेज, डीआईवाई टूल्स, ऑटोमोटिव एसेसरीज़ और गार्डनिंग उपकरणों की बढ़ती मांग के कारण देखने को मिली।




अमेजन इंडिया के होम, किचन और आउटडोर्स डायरेक्टर, केएन श्रीकांत ने बताया कि भोपाल में अमेजन होम एंड किचन एक्सपीरिएंस अरीना 2.0 का आयोजन करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। जैसे-जैसे ग्राहक अपने घर, किचन और आउटडोर जरूरतों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं। ट्रेंड मध्यप्रदेश और भोपाल में अमेजन मार्केटप्लेस के लिए दो अंकों की वार्षिक वृद्धि का अहम कारण बना है। प्लेटफॉर्म पर नए ग्राहकों की संख्या में भी 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। मध्यप्रदेश में इस श्रेणी में 80 फीसदी और भोपाल में 145 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई। टेंट की बिक्री में 570 फीसदी की सालाना बढ़त देखी गई। इसके साथ ही आईपीएल सीजन की वजह से क्रिकेट से जुड़े सामानों की मांग में भी तेजी आई और शहर में इनकी बिक्री में 40 फीसदी से अधिक की सालाना वृद्धि हुई। अमेजन प्राइम सदस्य अब 10 हजार रुपए या उससे अधिक की होम और किचन अप्लायंसेज की खरीदारी पर 1,200 रुपए तक की छूट और 1,000 रुपए से अधिक की किचन आवश्यक वस्तुओं पर 150 रुपए की सीधी छूट का लाभ उठा सकते हैं।

### मप्र के 62 हजार से अधिक विक्रेता और 5,500 से अधिक निर्यातक शामिल

अब अमेजन 300 रुपए से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक उत्पादों पर शून्य रेफरल शुल्क प्रदान करता है, जिससे विक्रेताओं को अपनी लाभप्रदता बढ़ाने और ग्राहकों को अधिक मूल्य प्रदान करने का अवसर मिलता है। मध्यप्रदेश अमेजन.इन के लिए एक महत्वपूर्ण विकास बाजार बना हुआ है, जिसमें 62,000 से अधिक विक्रेता और 5,500 से अधिक निर्यातक शामिल हैं। इस शहर में होम, किचन और आउटडोर श्रेणी में 3,000 से अधिक विक्रेता सक्रिय हैं। इसके अलावा, प्राइम सदस्य 20,000 उत्पादों को चार घंटे के भीतर, 10 लाख उत्पादों को सेम डे डिलीवरी के लिए, और 40 लाख उत्पादों को नेक्स्ट डे डिलीवरी के लिए प्राप्त कर सकते हैं।

### स्थानीय विक्रेताओं ने अपनी सफलता की यात्रा साझा की

*अमेजन.इन ने भोपाल में आयोजित एक दिवसीय आयोजन के दौरान फर्नीचर, होम एसेंशियल्स, किचन और अप्लायंसेज़, होम डेकोर और लाइटिंग, स्पोर्ट्स और फिटनेस, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, ऑटो एसेसरीज़, आउटडोर और गार्डनिंग जैसी श्रेणियों के उत्पाद प्रदर्शित किए। इस दौरान स्थानीय विक्रेताओं और ब्रांड्स के प्रमुख लीडर जैसे अंकित शर्मा (हेड, ई-कॉमर्स) और श्रद्धा गौतम (हेड, ब्रांड एंड मार्केटिंग), ब्लो हॉट से अगम चौधरी, फाउंडर और सीईओ, क्यारी और आकाश व प्रियंका मेहता, को-फाउंडर्स, होमस्ट्रेप से अदनान परदावाला, मालिक और इंसिया परदावाला, पार्टनर, सिनर्जी भी इस आयोजन में शामिल हुए और उन्होंने अमेजन.इन पर अपनी सफलता की यात्रा साझा की।*

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बैतूल (म.प्र.)
PHONE & FAX NO.- 07141-234247 E-mail ID - jsdjbtl@mp.gov.in
क्रमांक/819/ निर्वाह / खण्ड अ,ब,स,द,इ / 2025 बैतूल, दिनाँक 04/04/2025
:: ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 ::
ई-निविदा (तृतीय निविदा आमंत्रण) कार्यक्रम का विवरण वर्ष 2025-2026
म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र.भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला जेल बैतूल में परिरुद्ध बंदियों के लिये खाद्यान्न, सामग्री तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु वार्षिक निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | विवरण | दिनांक / समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिडमीटिंग | दिनांक 22.04.2025 दोपहर 12:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूलय रुपए 1000/- प्रति फार्म राशि ऑनलाईन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले 800 अन्य प्रतियों में जमा की जावेगी, यदि निविदा की कुल रकम 5.00 लाख से कम हो तो निविदा फार्म क्रय करने की राषि 500/- प्रतिफार्म देय होगी। | दिनांक 29.04.2025 दोपहर 3:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकती है। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 29.04.2025 शाम 5:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.04.2025 दोपहर 01:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |
| 5. | तकनीकी निविदा ( आवश्यक दस्तावेज ) खोलने की तिथि एवं नमूना परीक्षण की तिथि | दिनांक 30.04.2025 दोपहर 5:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 01.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दशाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाइट पर किया जाएगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रो में नही किया जायेगा।
जी-11691/25 " पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार "
अधीक्षक
जिला जेल बैतूल (म.प्र.)

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ ने लगा दी सोने के दामों में आग

सोना केवल भारतीयों ही नहीं पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए प्रिय है। सोने को धन, शक्ति और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। गोल्ड को सदियों से अत्यंत प्रतिष्ठित, यहां तक कि पूजनीय सामग्री के रूप में ऊंचा स्थान प्राप्त रहा है। इसका उपयोग हजारों वर्षों से आभूषण और विनिमय के साधन के रूप में किया जाता रहा है, लेकिन अब ये आम आदमी की पहुंच से लगातार दूर हो रहा है। सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,748 रुपये बढ़कर 95,207 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपये महंगा हुआ था। अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। दुनियाभर में लोग जमकर सोने की खरीद कर रहे हैं। यही कारण है कि गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 205 प्रतिशत बढ़ गया। यह पिछले वित्त वर्ष के किसी महीने में सालाना आधार पर दूसरा बड़ा उछाल रहा। पूरे वित्त वर्ष 2025 में सोने का आयात सालभर पहले के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि इस दौरान आयात होने वाले गोल्ड की मात्रा सालभर पहले से कम रही, लेकिन कीमतें 34 प्रतिशत के उछलने के चलते आयात का आंकड़ा बढ़ गया। सोने की कीमत में काफी तेजी आई है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपये में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान जारी किया है कि अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपये तक जा सकते हैं। सच तो यह भी है कि बीते कई सालों से सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्तियों में शुमार रहा है। एक जनवरी 2025 के बाद से डॉलर में इसकी कीमत 11 फीसदी और रुपये में 13 फीसदी चढ़ी हैं। जनवरी 2024 से अब तक सोना डॉलर में 42 फीसदी मजबूत हुआ है। सोने को हमेशा से ही महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता से बचने का जरिया माना जाता है। इस कारण इसका प्रतिफल बेहतरीन रहा है। गत वर्ष दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 1,045 टन सोना खरीदा था। यह लगातार तीसरा साल था जब केंद्रीय बैंकों ने 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा था। खुदरा निवेशक और धातु कारोबारी भी जोश में रहे हैं। भारतीय परिवारों के पास दुनिया के कुल सोने का करीब 12 फीसदी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर है और ट्रेड वॉर के चलते आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें होने की आशंका है। जिसके चलते सोने में अभी और उछाल की संभावना जताई जा रही है। जब तक ट्रेड वॉर ठंडी नहीं होती तब तक सोना पहुंच से बाहर ही रहने की आशंका है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं।

# परियोजनाओं में देरी से विकास बाधित

अमेरिकी लेखक जय.एम. फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उसे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती हैं और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती हैं। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती, लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है।

बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 में इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन तकरीबन पचास साल तक लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने



के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई, लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई की। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा, लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है। बेशक इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व बढ़ोतरी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं से प्रेरित है।

पहले दुनिया मानती थी कि भारत धीरे-धीरे और लगातार प्रगति करेगा, उसी दुनिया को भारत अलग नजर आ रहा है। दुनिया अब देश को 'तेज और निडर भारत' के रूप में देख रही है। परियोजनाओं में देरी को विकास के दुश्मन के तौर पर प्रधानमंत्री का स्थापित करना एक तरह से राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। विश्व गुरू बनने की आकांक्षा हो या आर्थिक या दूसरी तरह वैश्विक महाशक्ति बनना, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इसी सोच को हर स्तर पर ना सिर्फ आगे बढ़ाना होगा, बल्कि उसे राष्ट्रीय प्राथमिकता के तौर पर भी विकसित किया जाना होगा। अब भी तंत्र में ऐसे ढेर सारे तत्व हैं, जो योजनाओं को लटकाने और टालने में भरपूर रूचि लेते हैं। एक तरह से ऐसी सोच वाला डीएनए तंत्र में फैला हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर भारत की सफलता दर अगर बढ़ी है तो उसके पीछे निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री की दृष्टि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जलवायु परिवर्तन
ज्ञानेन्द्र रावत



# ग्लेशियरों के पिघलने से सिकुड़ रही जीवन की धारा

दुनिया में ग्लेशियरों का पिघलना समूचे प्राणी जगत के लिए संकट का सबब बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 में दुनिया में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि ग्लेशियरों के पिघलने की मौजूदा दर इसी तरह जारी रही तो इस संकट के परिणाम अभूतपूर्व और विनाशकारी होंगे। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो दुनिया की कुल 8.2 अरब आबादी में से दो अरब से भी ज्यादा लोग पानी और भोजन की गंभीर समस्या का सामना करने को विवश होंगे। गौरतलब है कि ग्लेशियरों की धरती पर जल चक्र बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्लेशियरों का पानी ही नदियों के जरिये हमारे जीवन की धारा को आगे बढ़ाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के पिघलने को कहें या सिकुड़ने से नदियों पर संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यह है कि जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियरों के सिकुड़ने और पर्वतीय क्षेत्रों में दिनोंदिन घटती बर्फबारी के कारण दुनिया की दो तिहाई खेती योग्य जमीन के प्रभावित होने की प्रबल आशंका है। समूची दुनिया में तकरीब 2.75 लाख से भी ज्यादा ग्लेशियर सात लाख से अधिक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं जो जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो दुनिया के सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीसरे वर्ष यानी 2022, 2023 और 2024 में अभूतपूर्व नुकसान देखा गया है। इस बारे में यदि विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो इसमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। यही नहीं अमेरिका की कोलोराडो नदी तो 2020 में ही सूख चुकी है। यूनेस्को के डायरेक्टर जनरल आंड्रे एंजुले का कहना है कि ग्लेशियर और पर्वतीय जल स्त्रोतों पर हम पूरी तरह निर्भर हैं। क्योंकि दुनिया में पेयजल का 70 फीसदी हिस्सा इन्हीं ग्लेशियरों में संरक्षित है। जलवायु परिवर्तन के चलते इनके तेजी से पिघलने से पेयजल के इन सबसे बड़े स्त्रोतों के अस्तित्व पर संकट है। इसलिए इन्हें बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि ग्लेशियर हैं तो जल है, जल है तो जीवन है और जीवन है तो हम हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और नेशनल स्नो एण्ड आइस डेटा सेंटर के शोध से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि वर्ष 2010 के पहले आर्कटिक और अंटार्कटिका में जो बर्फ की चादर बिछी होती थी, उसमें अब लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी हो गयी है। वहां अब मात्र 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ बची है। यह 2017 के 144 लाख वर्ग किलोमीटर के पिछले निम्नतम स्तर से भी नीचे चली गयी है। 2000 और 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों ने हर साल लगभग 270 अरब टन बर्फ को खो दिया है। एक वर्ष में 270 अरब टन बर्फ का नुकसान पूरी वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्ष में खपत किये जाने वाले पानी के बराबर है। इस बारे में मैरीलैंड के ग्रीनबेल में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट का कहना है कि अगली गर्मियों के मौसम में हमारे पास बहुत कम बर्फ बचेगी। इसमें मानवीय गतिविधियों, मुख्यतः जीवाश्म ईंधन के जलने से हुयी तापमान में बढ़ोतरी अहम है। दर असल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जाता है, उसी गति से ग्लेशियर बनने की तुलना में तेजी से पिघलने लगते हैं और अपनी जगह छोड़ने लगते हैं।जहां तक हिमालयी ग्लेशियरों का सवाल है, सरकार की ओर से 2023 में संसद में पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के ग्लेशियर अलग- अलग दर से तेजी से पिघल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय प्राकृतिक आपदायें ला सकती हैं। रिपोर्ट में सरकार ने स्वीकार किया कि ग्लेशियर के पिघलने से नदियों के बहाव में अंतर आयेगा और जिसके परिणाम स्वरूप आबादी का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। ग्लेशियरों को बचाना महज बर्फ को बचाना नहीं है बल्कि अपने भविष्य को बचाना है।

यह याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जायेंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे,खेत सूख जायेंगे, जमीन बंजर हो जायेगी और हमारे बच्चों की आंख में पानी नहीं आंसू होंगे और वे भी एक दिन सूख जायेंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
## दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। तभी मानव शांति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की प्रवृत्ति ही जोड़ने की होती है। यह अपनी बंदमुठ्ठी कभी खोलना नहीं जानता है। जो यह समझ गया कि बंदमुट्ठी खोलने के लिए है, उसका जीवन सार्थक होगा।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

# एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
## प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का दायित्व

हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं जिससे भारत की फिर किरकिरी हुई है। इस रिपोर्ट की मानें तो दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 केवल भारत के ही हैं और दिल्ली लगातार छठवीं बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का खिताब पाने में प्रथम आई है। ऐसे दिल दहला देने वाले आंकड़े देखकर यदि यह प्रश्न पूछा जाए कि इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक पशु कौन है तो संभवतः शेर, बाघ, चीता जैसे पशुओं का विचार आएगा। लेकिन मेरे अनुसार इस पृथ्वी का सबसे खूंखार पशु मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है, शायद ही किसी अन्य पशु की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। प्रदूषण सिर्फ भारत तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। – *रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### एकीकरण कार्यक्रम



बंदूकों से लेकर मूंगफली और उग्रवाद से लेकर उद्यमिता तक, कार्बी आंगलोंग ने हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा है। हमारे विभिन्न पुनः एकीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से, कई लोग मत्स्य पालन और कृषि उद्यमी के साथ-साथ नौकरी सृजक भी बन गए हैं।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए उनका योगदान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वह स्वभिमानी और गौरवान्वित करने वाले ओड़िया थे।
**-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### लोको पायलटों से अन्याय



रेलवे के लोको पायलटों की 14-14 घंटे की शिफ्ट, लगातार रात की ड्यूटी, न पर्याप्त आराम, न खाने का ब्रेक और न शौचालय की सुविधा। ये न सिर्फ उनके साथ अन्याय है, बल्कि उन करोड़ों यात्रियों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है जो ट्रेनों से सफर करते हैं।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### वजन घटाने वाली दवा




भारत के वजन घटाने वाली दवा बाजार ने विस्फोटक वृद्धि प्रदर्शित की है, जो नवंबर 2020 में 37 करोड़ से बढ़कर नवंबर 2024 तक 535 करोड़ हो गई है।
**-स्वामीनाथन पद्मनाभनश, उद्यमी**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका में गांधी की प्रतिमा का अनावरण


दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट प्रांत में 'एंग्लो-बोअर' युद्ध संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक विशाल आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। फ्री स्टेट में लागू रंगभेद कानून की वजह से एक सदी से भी अधिक समय तक भारतीयों का इस प्रांत में प्रवेश प्रतिबंधित था। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता राम वंगी सुतार द्वारा बनाई गई इस कांस्य प्रतिमा को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने संग्रहालय को दान किया है। प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने 1899-1902 के एंग्लो-बोअर युद्ध में भारतीयों की भागीदारी की अब तक की अनकही कहानी पर एक वृत्तचित्र और एक पुस्तक के साथ किया। वर्ष 1994 में नेल्सन मंडेला के दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक राष्ट्रपति चुने जाने तक, 'ऑरेंज फ्री स्टेट' के नाम से जाने जाने वाले इस प्रांत में कानून के तहत भारतीयों के प्रवेश पर प्रतिबंध था। यहां तक कि तटीय शहर डरबन तक पहुंचने के लिए प्रांत से गुजरने वालों को भी पहले से परमिट लेना पड़ता था। भारतीय लोग यहां गन्ने के खेतों में काम करने वाले मजदूरों के रूप में यहां पहुंचे थे। ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय के निदेशक टोकी प्रीटोरियस ने कहा, "ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय का मुख्य विषय दक्षिण अफ्रीकी एंग्लो-बोअर युद्ध है।



## ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां

जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।



# गुड फ्राइडे आज, छलकती आंखों से प्रभु यीशु को करेंगे याद

## राजधानी के चर्चों में होगी विशेष प्रार्थना सभाएं, निकली क्रूस यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को ईसाई समुदाय द्वारा गुड फ्राइडे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान ईसाई समाज लोग छलकती आंखों से प्रभु यीशु को याद करेंगे। ईसाई समाज ने शुक्रवार को त्याग और बलिदान का प्रतीक पर्व गुड फ्राइडे मनाएंगे। प्रभु यीशु से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए चर्चों में विशेष प्रार्थना करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इसी दिन प्रभु ईसा मसीहा अपने भक्तों के लिए सूली पर चढ़े थे। मसीह ने विरोध और यातनाएं सहते हुए अपने प्राण त्याग दिए थे। उन्ही की आराधना और वचनों को याद करने के लिए गुड फ्राइडे मनाया जाता है।



गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर विशप डॉ. दुरईराज ने जहांगीराबाद चर्च में बारह विश्वासियों के पैर धोए।

### राजधानी में कई जगहों पर निकली क्रूस यात्रा

कैथोलिक चर्चों में क्रूस यात्रा दोपहर तीन बजे निकाली जाएगी। कई चर्चों में युवाओं ने येसु के दुःखभोग और क्रूसमरण को दर्शाने के लिए प्रतीकात्मक नाट्य मंचन करेंगे।

### प्रभु के अंतिम भोज का पर्व मनाया गया

शहर के ईसाई धर्मावलंबियों ने गुरुवार शाम को अपने-अपने गिरजाघरों में प्रभु के अंतिम भोज का पर्व मनाया, जिसे पवित्र गुरुवार भी कहा जाता है। यह पर्व मृत्यु से पहले ईसा मसीह द्वारा अपने शिष्यों के साथ किए गए अंतिम भोजन की स्मृति में मनाया जाता है। इस भोज के दौरान, यीशु ने रोटी को अपना शरीर और दाखरस को अपना रक्त कहा, जो मानव जाति के लिए उनके आसन्न बलिदान का प्रतीक था। उन्होंने अपने शिष्यों को निःस्वार्थ सेवा और जरूरतमंदों के लिए स्वयं को बलिदान करने के लिए तैयार रहने का महत्व सिखाया। तभी से, कैथोलिक चर्च प्रतिदिन यूखरिस्त मनाता है, जिसमें मिस्सा बलिदान अर्पित किया जाता है।

### बारह विश्वासियों के पैर पखारे

इस मौके पर भोपाल के महाधर्माध्यक्ष डॉ. एएएस दुरईराज ने जहांगीराबाद स्थित संत फ्रांसिस कैथेड्रल में पवित्र यूखरिस्त समारोह का नेतृत्व किया और प्रतीकात्मक रूप से बारह विश्वासियों के पैर पखारे। महाधर्मप्रांत के जनसंपर्क अधिकारी फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने कहा कि आज का दिन ईसाइयों के लिए आध्यात्मिकता का एक अभिन्न स्रोत है। कैथोलिक गिरजाघरों में गुरुवार की पवित्र पूजन विधि के बाद, मसीह के दुख भोग की स्मृति में कई घंटों तक पवित्र परम प्रसाद की आराधना की गई।

# भजन, सत्कर्म, पुण्य-दान-यज्ञ हित कभी नष्ट नहीं हो सकता

## अयोध्या मंदिर में चल रही भागवत कथा



श्री पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर सेवा संस्थान के तत्वावधान में, अयोध्या बाई पास में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के कथा में बताया कि भगवान राम और कृष्णा स्वयं पूर्ण अवतार हैं। ध्रुव जी के प्रसंग में बताया कि माता के कहने पर गृह त्याग दिया था। माता ने कहा कि बेटा तुम भजन करो तुम्हें पिता की गोद क्या तुम्हें सब कुछ मिल जाएगा। भजन में बहुत बड़ी शक्ति होती है कमाया हुआ धन नष्ट हो जाता है, किया हुआ भोजन भी विकार पैदा कर सकता है परंतु किया हुआ भजन सत्कर्म पुण्य दान यज्ञ हित कभी नष्ट नहीं हो सकता।

ध्रुव जी ने भजन किया परमात्मा को स्वयं दर्शन देने के लिए अपितु गोविंद स्वयं भक्त के दर्शन करने के लिए आए। कथा में सुंदर ठाकुर जी झाकियों का दर्शन कराया। मुख्य यजमान अवधनारायण चौबे-अनुराधा चौब्रेर राहुल चौबे-हर्षिता चौबे थे।

वहीं कथा में उपस्थित समिति के सदस्यों में मुकेश पाठक, पार्षद शिरोमणि शर्मा, पं केशव, पं. उमेश तिवारी, विनोद शर्मा, संजय मुदगल, अमन शर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### जादूगर शर्मा का ज्योतिष संस्थान ने किया स्वागत

**भोपाल।** जादूगर ओपी शर्मा नेहरू नगर स्थित ज्योतिष मठ संस्थान पहुंचे। वहां पर उन्होंने गुरु गादी का आशीर्वाद प्राप्त लिया। इस दौरान संस्थान के संचालक पं. विनोद गौतम एवं संस्थान के पदाधिकारी ने स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंडित विनोद गौतम ने कहा कि जादू और ज्योतिष भ्रम को दूर करता है, ज्योतिष के माध्यम से लोग अपने जीवन में खुशियां प्राप्त कर सकते हैं एवं आने वाले दुखों से मुक्ति पा सकते हैं।

### जायसवाल की जमानत पर 21 को होगी सुनवाई

**भोपाल।** पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के सहयोगी शरद जायसवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से गुरुवार को ईडी की स्पेशल कोर्ट में जमानत का आवेदन प्रस्तुत किया है। सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन गौर वर्तमान में जेल में बंद हैं। जमानत के आवेदन पर सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश ने 21 अप्रैल की तारीख तय की है। ईडी ने 11 अप्रैल को 60 दिवस की अवधि पूरी होने से पूर्व ही सौरभ के साथ ही उसकी मां और पत्नी सहित कंपनियों एवं फर्म के खिलाफ चालान पेश किया था। ईडी ने सौरभ के साथ ही उसकी मां और पत्नी सहित कंपनियों एवं फर्मों के निदेशकों, रिश्तेदारों और सहयोगियों सहित 12 आरोपियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में चालान पेश कर दिया था।

### रास सांसद दिग्विजय सिंह को मिली जमानत

**भोपाल।** बिना अनुमति प्रदर्शन करने के मामले में राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की ओर से प्रस्तुत किए गए जमानत आवेदन को एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथागत याज्ञनिक ने गुरुवार को सुनवाई के बाद स्वीकार करते हुए उन्हें 10 हजार रुपए की जमानत और इतनी ही राशि के निजी मुचलके पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अभियोजन के अनुसार 20 जुलाई 2020 को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिना अनुमति के बोर्ड ऑफिस चौराहा पर राज्य सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया था। एमपी नगर पुलिस ने दिग्विजय सिंह और कैलाश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्रकरण विवेचना के उपरान्त जिला न्यायालय में अभियोग पत्र दायर किया था।

### मैनिटः गोद लिए गांव में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर संगोष्ठी

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट में गुरुवार को उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ ने उन्नत भारत अभियानः गोद लिए गए गांव में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। एमएएनआईटी भोपाल के निदेशक डॉ केके शुक्ला ने मुख्य संरक्षक के रूप में कार्य किया। संगोष्ठी में उन्नत भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार विजय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में डॉ. वल्लभभाई कथीरिया, सांसद और कामधेनु राष्ट्रीय आयोग के पूर्व अध्यक्ष, गाय आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## शिक्षा मंत्री सिंह ने की अधिकारियों से चर्चा, कहा

# शत-प्रतिशत बच्चों का हो नामांकन अधिकारी करें सतत निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रयास होना चाहिए कि प्रदेश के शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन हो। टीम वर्क के साथ काम किया जाए। वभाग के जो अधिकारी-कर्मचारी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनका सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जायेगा। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदार रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही।

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने गुरूवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिलों में अब तक कराये गये नामांकन की जानकारी प्राप्त की। मंत्री सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शिक्षा को नई दिशा दें। बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।




### जिम्मेदार कड़ी के रूप में काम करें अधिकारी

मंत्री सिंह ने कहा कि जिला और राज्य स्तर के अधिकारियों के बीच संभागीय अधिकारी कड़ी के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र का निरंतर दौरा करें। कार्यालयों में लंबित पेंशन और अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जून माह में संभाग और जिला स्तर पर पदस्थ अधिकारियों के साथ पुनः समीक्षा की जायेगी।

### नामांकन दर बढ़ाने के निर्देश

मंत्री सिंह ने एक अप्रैल, 2025 से शुरू हुए प्रदेशव्यापी प्रवेश उत्सव की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अप्रैल अंत तक स्कूल जाने योग्य बच्चों का नामांकन हो जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। मंत्री सिंह ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जानकारी भी ली। ने अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना के लिये जल्द पोर्टल शुरू किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता की मैपिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये।

### टाइम टेबल बनाकर करें हॉस्टल्स का निरीक्षण

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने विभाग के हॉस्टल्स का निर्धारित टाइम टेबल बनाकर निरीक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्ल्स हॉस्टल में सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की जाये।स्कूलों के विभिन्न कार्यों में विधायक और सांसद निधि का उपयोग किया जाये।

## डीपीआई में हुई बैठक, मंत्री बोले- सभी कार्य निर्धारित कैलेंडर के अनुसार पूरे हों

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने गुरूवार को लोक शिक्षण संचालनालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होने कहा कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता के लिए विद्यार्थियों से जुड़े सभी कार्य निर्धारित कैलेण्डर में पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति के लिये ऑनलाइन व्यवस्था की प्रशंसा की।

### शिक्षकों की ऑनलाइन नरसिंहपुर और उज्जैन जिले में लागू की जाए

मंत्री सिंह ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षकों की अटेंडेंस को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर उज्जैन और



नरसिंहपुर जिले में तत्काल लागू किया जाए। मंत्री सिंह विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशील रूख रखने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्कूल शिक्षा से जुड़ी केन्द्रीय योजनाओं में राज्य को मिलने वाली राशि को प्राप्त करने के लिये विशेष पहल की जाये। मंत्री सिंह ने कहा कि विभाग में ऐसी व्यवस्था की जा, कि सेवानिवृत्त होने के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान समय पर हो जाये। जन-प्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्र पर विभाग की ओर से शीघ्र कार्यवाही पत्र भेजने की व्यवस्था की जाये।

### जर्जर स्कूलों की जानकारी जुटा रहा विभाग

सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. गोयल ने बताया कि ग्रीष्म काल में उन स्कूलों की पहचान कर ली जायेगी, जो जर्जर हो गये हैं। उनकी मरम्मत कार्य के लिये 149 करोड़ और अतिरिक्त कक्षा निर्माण के लिये 100 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। बैठक में बताया गया कि 45 हजार 500 हायर सैकेण्डरी, एक लाख 62 हजार प्राथमिक शिक्षकों को टेबलैट प्रदाय किये जा चुके हैं।

# 442 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हज यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कैंप में अब तक 442 हितग्राहियों को टीके लगाए जा चुके हैं। सिंगारचोली गुलमोहर गार्डन स्थित मप्र राज्य हज कमेटी हज हाउस में 16 अप्रैल से शुरू किए गए शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। ये दल 21 अप्रैल तक हज हाउस में यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण करेगा। इसके बाद 22 अप्रैल से जेपी अस्पताल में टीकाकरण सेवाएं जारी रहेगी। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस साल एक हजार से अधिक हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाना संभावित है।

स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण सेवाओं के लिए नोडल अधिकारियों द्वारा हज हाउस में सुपरविजन एवं हितग्राहियों से चर्चा की जा रही है। हज यात्रियों को मेनेनजाइटिस एवं पोलियो के टीके लगाए जा रहे हैं।

60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी लगाया जा रहा है।

# मेरा ई-केवायसी एप से खुद कर सकते हैं ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पीडीएस के तहत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरूवार से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप प्रदेश में लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चों सहित कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राइड मोबाईल फोन से अपना और अपने परिजन का आधार नम्बर ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं।

## विधायक सबनानी ने किया भूमिपूजन




# चार इमली स्थित 5 नंबर तालाब में बनेगा जल मल शोधन संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार इमली क्षेत्र स्थित 5 नंबर तालाब को स्वच्छ व संरक्षित करने की दिशा में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जल मल शोधन की अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित 2 करोड़ रुपए लागत वाले संयंत्र की स्थापना हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम हुआ। इस मौके परमहापौर मालती राय तथा विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद थे।

यह प्रयास भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक महेश जोशी द्वारा पिछले वर्ष 2 जून 2024 को क्षेत्र में हो रही सीवेज समस्या को लेकर सौंपे गए मांग पत्र के बाद शुरू हुआ था।

## सिंगरौली की तर्ज पर ही हो देवास घटना में लिप्त आरोपियों पर कार्रवाई

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने सिंगोली और देवास की घटना पर भाजपा पर तंज कसा है। इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा भी केंद सरकार की तर्ज पर जांच यह सिंगोली और देवास की एक जैसी घटनाओ को देखकर लगाया जा सकता है। अग्रवाल ने कहा कि हम इन घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह प्रमाणित करता है कि देश में हिंदुस्तानी हिंदुओं के लिए अलग कानून चल रहा है और भाजपाई हिंदुओं के लिए अलग कानून है। हम मांग करते हैं कि सिंगोली की तर्ज पर ही देवास घटना में लिप्त अरोपियों पर कार्यवाही की जाए, ताकि कानून सबके लिए एक है की अवधारणा साकार हो सके।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहाः भ्रष्टाचार और नैतिक पतन का प्रतीक है

# नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर प्रदेशभर में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा गुरूवार को नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर भोपाल में रेडक्रॉस अस्पताल के सामने प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा इस मामले को लेकर प्रदेश भर में प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड प्रकरण महज एक आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि यह नैतिक पतन, सार्वजनिक संपत्ति की लूट और वंशवाद की पराकाष्ठा का ज्वलंत उदाहरण है। यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दान की गई संपत्तियों को एक परिवार की निजी जागीर में बदल दिया। गांधी परिवार ने संस्थाओं को जनता की सेवा के लिए नहीं, बल्कि उन्हें एक रियल एस्टेट कंपनी में परिवर्तित कर निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया।

### कांग्रेस ने सार्वजनिक संस्थाओं पर सीधा हमला कियाः पंवार



पंवार ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के शेयर होल्डर वाली यंग इंडिया कंपनी को केवल 50 लाख के मामूली निवेश पर नेशनल हेराल्ड को संचालित करने वाली एसोसिएट जर्नल (एजेएल) जैसे बहुमूल्य कंपनी की संपत्तियों को कब्जा दिया गया। इस निर्णय सेसोनिया गांधी और राहुल गांधी परिवार को दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल और पटना जैसे प्रमुख शहरों में स्थित नेशनल हेराल्ड की अचल संपत्तियों का अधिकार प्राप्त हो गया। यह न केवल धोखाधड़ी है, बल्कि कांग्रेस पार्टी का सार्वजनिक संस्थाओं पर सीधा हमला भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब कोई लोकतांत्रिक पार्टी नहीं रही, वह एक पारिवारिक उद्यम बन चुकी है। कांग्रेस का यह चेहरा 'गांधी विकास मॉडल' जैसा है, जहां पार्टी का पैसा निजी पूंजी बन जाता है। आज आवश्यकता है कि देश का युवा इस मानसिकता के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाएं।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत चौहान, प्रदेश मंत्री कुलदीप सिंह राठौर, मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अंकित गर्ग, प्रदेश आईटी व सोशल मीडिया प्रभारी अंकित आर्य, जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, भोपाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह सहित बड़ी संख्या में मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने जताया विरोध, लगाए गंभीर आरोप

# नर्सिंग घोटाले में बड़ी कार्रवाई, 70 स्टाफ के विरुद्ध विभागीय जांच के दिए निर्देश, प्राचार्य राधिका नायर को पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ एनएसयूआई ने दी आंदोलन की चेतावनी

मध्यप्रदेश में उजागर हुए बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले में शासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने शासकीय नर्सिंग कॉलेज जीएमसी की प्राचार्य राधिका नायर को पद से हटा दिया है। साथ ही गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के एक दर्जन से अधिक नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों समेत प्रदेशभर के लगभग 70 लोगों के विरुद्ध चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरूण राठी की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि घोटाले के कई आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। एक वर्ष पूर्व तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने लगभग 110 नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे, लेकिन वर्तमान आयुक्त द्वारा केवल 70 के लगभग लोगों के विरुद्ध ही आरोप पत्र जारी किए गए हैं। यह कहीं न कहीं गंभीर दोषियों को बचाने का प्रयास प्रतीत होता है।

### एनएसयूआई का चिकित्सा शिक्षा आयुक्त पर आरोप

एनएसयूआई के परमार ने चेतावनी दी है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई और सभी दोषियों को सजा नहीं मिली, तो एनएसयूआई प्रदेशभर आंदोलन करेगी। परमार ने मांग करते हुए कहा कि सभी 110 संदिग्ध नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

### इन पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई

रवि परमार ने बताया कि नर्सिंग महाघोटाले में जिनको नोटिस जारी हुए थे उनमें जीएमसी के पूर्व प्राचार्य रोसी शाहुल समेत प्रोफेसर में डॉ. जितेंद्र महावर, डॉ. हरिसिंह मकवाना, डॉ. संदीप कुमार मर्सकोले, डॉ. वीरेंद्र धुर्वे वहीं नर्सिंग स्टाफ में रजनी नायर, प्रियदर्शनी डेहरिया दीपिका कुंभारे और राजश्री मालवीय शामिल हैं, लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## ट्रिपल आईटी में आयोजन...

# तकनीकी व्याख्यान में कौशल विकास के लिए रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित ट्रिपल आईटी में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान इंटेल कारपोरेशन के साथ सहभागिता में आयोजित किया गया। इंटेल कॉरपोरेशन, सेमीकंडक्टर चिप डिजाइनिंग एवं उत्पादन करने वाली एक प्रमुख कंपनी है। इस के अलावा इंटेल में कंप्यूटर में प्रयोग किए जाने वाले अलग-अलग प्रकार के उपकरणों का निर्माण भी करती है। संस्थान द्वारा आयोजित किए गए इस विशेष व्याख्यान में वक्ता के तौर पर इंटेल में फिजिकल डिज़ाइन पावर डिलीवरी इंजीनियर के पद पर कार्यरत पारितोष संजय गुप्ता मौजूद रहे।

# 11 किलों को बदला जाएगा हेरिटेज होटल में, 90 साल के लिए निजी क्षेत्र को देंगे लीज पर

## सतपुड़ा रिट्रीट पचमढ़ी, पन्ना का महेंद्र भवन, मांडू का लोनेरा सराय जैसी विरासत हुईं शामिल


पन्ना का महेंद्र भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र में नवीन पर्यटन नीति, 2025 बनाई गई है जो कि निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल और उदार है। देश का दिल मध्य प्रदेश सैलानियों को राजसी माहौल देने को तैयार है। प्रदेश भर में ऐसे महल और किलों की पहचान की गई है, जिन्हें हेरिटेज होटल में बदला जा सकता है। अभी 11 किलों को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए निजी क्षेत्र को 90 साल के लिए लीज पर दिया गया है। इन संपत्तियों में पन्ना का महेंद्र भवन और मांडू का लोनेरा सराय जैसी विरासत भी शामिल हैं। इनमें से अधिकांश संपत्तियों पर उन्नयन के साथ सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है।

### हेरिटेज होटल राज्य के पर्यटन को देंगे बढ़ावा

छतरपुर के राजगढ़ महल को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करने का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस वर्ष यह पर्यटकों के लिए इसका संचालन शुरू होने की संभावना है। दावा है कि हेरिटेज होटल चालू हो जाएं तो राज्य में अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे, क्योंकि ऐसे होटलों में ठहरने से उन्हें राजसी ठाठ बाट का एहसास होता है।


ताजमहल, भोपाल

### निगम संचालित कर रहा है पांच हेरिटेज होटल

मप्र पर्यटन विकास निगम वर्तमान में प्रदेश भर में पांच हेरिटेज होटल का संचालन कर रहा है। इनमें सतपुड़ा रिट्रीट पचमढ़ी, राक एंड मेनोर पचमढ़ी, शीश महल ओरछा, किला कोठी चंदेरी और हाल ही में उज्जैन में शुरू हुआ सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज शामिल है। इसमें से सबसे अधिक आक्यूपेंसी शीश महल ओरछा की है,जहां एक दिन और रात रुकने का किराया लगभग 6 हजार रुपये है। वहीं निजी क्षेत्र द्वारा भी प्रदेश में करीब दस हेरिटेज होटल संचालित हैं, जिनमें से भोपाल में ही तीन हैं।


मांडू का किला।


सतपुड़ा रिट्रीट

### विरासतीय संपत्तियों के मूल स्वरूप में न हो परिवर्तन

पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई हेरिटेज होटल की अवधारणा धीरे-धीरे आकार ले रही है। क्योंकि ऐसी संपत्तियों के नवीनीकरण में विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि विरासतीय संपत्तियों का मूल स्वरूप न बदले। उदाहरण के लिए अगर कोई पेंटिंग फीकी पड़ गई है, तो उसे इस तरह से बहाल किया जाना चाहिए कि उसकी चमक न जाए। राजस्थान अपने कई महल-किलों को हेरिटेज होटलों में बदलने में सफल रहा है।

### टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने किया लोगों को प्रेरित

विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया है कि टेंडर प्रक्रिया में अधिक लोगों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। अन्य विरासतीय सम्पत्तियों को भी जल्द ही अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत निवेशकों को दिया जाएगा जिसमें ताज महल पैलेस भोपाल, गोविंदगढ़ फोर्ट रीवा, रॉयल होटल जबलपुर, माधवगढ़ फोर्ट सतना, क्योटी फोर्ट रीवा, राजा-रानी महल अशोकनगर, सिंघपुर महल अशोकनगर और श्योपुर फोर्ट श्योपुर शामिल हैं।

### ये विरासत बनेंगी होटल

| | |
|---|---|
| रॉयल होटल | जबलपुर |
| माधवगढ़ किला | सतना, |
| महेंद्र भवन | पन्ना, |
| क्योटी फोर्ट | रीवा |
| राजगढ़ पैलेस | छतरपुर |
| लुनेरा सराय | धार |
| गोविंदगढ़ फोर्ट | रीवा |
| ताजमहल पैलेस | भोपाल |
| श्योपुर फोर्ट | श्योपुर |

**विश्व धरोहर दिवस आज** *महेश्वर, मांडू, धार और ओरछा में 'एक्सेसिबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट' परियोजना पर किया जा रहा कार्य*

# दुनिया अपनी स्मृतियों में संजो रही मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश में प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरें, संस्कृति, गौरवशाली परंपराएं हमेशा से ही दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं। यह स्थल न केवल मन को सुकून देते हैं, बल्कि मानव सभ्यता, कला, कौशल से आज की पीढ़ी को अवगत कराते हैं। प्रदेश की इन धरोहरों तक प्रत्येक व्यक्ति की पहुंच को सुलभ बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एक्सेसिबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट' परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत महेश्वर, मांडू, धार व ओरछा में रैंप, ब्रेल साइन बोर्ड, व्हीलचेयर इत्यादि सुविधाओं से दिव्यांगजनों की पहुंच आसान व सुलभ बनाई जाएगी।


**रैंप, ब्रेल साइन बोर्ड, व्हीलचेयर की होगी व्यवस्था**

### मप्र पुरातात्विक, भूगर्भिक महत्व के स्थलों से है समृद्ध

प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि हम मध्यप्रदेश के अधिक से अधिक स्थलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की स्थायी सूची में शामिल कराने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश पुरातात्विक, भूगर्भिक और प्राकृतिक महत्व के स्थलों से समृद्ध है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। जिससे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।



### अब प्रदेश में 18 स्थल यूनेस्को सूची में

प्रदेश में यूनेस्को द्वारा घोषित 18 धरोहरों है। जिसमें से 3 स्थाई और 15 टेंटेटिव सूची में है। यूनेस्को की स्थायी विश्व धरोहर स्थल की सूची में प्रदेश के खजुराहो के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप शामिल हैं। गौरतलब है कि यूनेस्को ने इस वर्ष प्रदेश की चार ऐतिहासिक धरोहरों को सीरियल नॉमिनेशन के तहत टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया है। सम्राट अशोक के शिलालेख, चौंसठ योगिनी मंदिर, गुप्तकालीन मंदिर और बुंदेला शासकों के महल और किले को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में घोषित होना प्रमाणित करता है कि मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश में विशेष स्थान रखता है।



### दिव्यांगों को सुलभता से होंगे धरोहरों के दर्शन

मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों के सुलभता से दर्शन के अभिलाषी दिव्यांगों के लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा। बोर्ड प्रारंभिक तौर पर महेश्वर, मांडू, धार और ओरछा में एक्सेसिबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट परियोजना पर कार्य कर रहा है।

### यह होंगे विकास कार्य

चलने-फिरने में असमर्थता (लोकोमोटर दिव्यांगता), दृष्टि बाधा (नेत्रहीनता, कम दृष्टि और रंग अंधता), श्रवण बाधा (सुनने में असमर्थता), एकाधिक दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता के दृष्टिगत पर्यटन स्थलों पर आधुनिक सुविधाएं होंगी। इसके अंतर्गत रैंप का निर्माण, सुलभ शौचालय, पेयजल व ऑडियो गाइड्स आदि की व्यवस्था की जाएगी।




**संग्रहालय में विश्व धरोहर दिवस में कार्यक्रम**

# भारतीय संस्कृति ही भारत की पहचान है: डॉ. सच्चिदानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को शैलकला धरोहर भवन में दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के सदस्य सचिव, डॉ. सच्चिदानंद जोशी द्वारा लोकरूचि व्याख्यान के अंतर्गत संस्कृति हमारी शक्ति नामक विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।





### लोक कला एवं जन-संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर दिया बल

डॉ. जोशी भारतीय लोक परंपराओं, कला एवं संस्कृति के गहन अध्येता तथा विख्यात लेखक हैं। उनका व्याख्यान विशेष रूप से लोक कला एवं जन-संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर केंद्रित था। उन्होंने भारतीय लोक परंपराओं की विशिष्टता और उनके संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

### विरासत सम्हलेगी तो विकास होगा

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति ही भारत की पहचान है। विरासत के सम्हालते हुए विकास होगा तो संस्कृति सुरक्षित रहेगी। हमारे सांस्कृतिक मूल्य ही सभ्यता के मूलभूत सिद्धांत है भारत की संस्कृति का मूल मंत्र हमारी आस्था है। हमे भारत के वैविध्य को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा की हम संस्कृति का अध्ययन करने वाले लोगों को अपने अध्ययन को व्यापक बनाना चाहिए।

# भोपाल की जागृति अग्रवाल को वर्ल्ड वुमन आइकॉन अवार्ड से नवाज़ा

## वर्ल्ड कॉन्क्लेव में एक्सीलेंस इन इंडियन पेजेंट्री श्रेणी में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी की बेटी जागृति अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्हें इंदौर में आयोजित वर्ल्ड कान्क्लेव 2025 के दौरान वर्ल्ड वुमन 2025 आइकान अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान जागृति को एक्सीलेंस इन इंडियन पेजेंट्री श्रेणी के अंतर्गत भारतीय सौंदर्य प्रतियोगिता के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। हाल ही में मिसेज इंटरनेशनल क्वीन ऑफ इंडिया 2025 का ताज अपने नाम कर चुकीं जागृति अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड कान्क्लेव 2025 में उन्हें उनके आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा और भारतीय महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए विशेष रूप से सराहा गया।



**कार्यक्रम की थीम 'समवन फॉर समवन'**

# एक्स नेवल कैडेट्स मीट्स का आयोजन होगा 20 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एनसीसी नेवल विंग के एक्स कैडेट्स मीट्स का आयोजन 20 अप्रैल को शाम 6 बजे एमपी क्याकिंग केनोईंग एसोसिएशन बोट क्लब (पुराने फिश एक्वेरियम) के सामने होगा। 'समवन फॉर समवन' थीम पर होने वाली तीसरी मीट्स का आयोजन 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी एलुमिनी एसोसिएशन कर रही है। इस गेट टुगेदर में देशभर से 1971 से लेकर 2024 तक के एक्स नेवल कैडेट्स और नेवल ऑफिसर्स भी शामिल होंगे।



# ग्लैमर ग्रुप की सखी सहेलियों ने पक्षियों की देखभाल के लिए सकोरे किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भीषण गर्मी के चलते राजधानी की अनेक सामाजिक संस्थाएं जीव दया के लिए पशु-पक्षियों के दाने-पानी की व्यवस्था के लिए आगे आई हैं। इसी के चलते राजधानी भोपाल की ग्लैमर ग्रुप की सखी सहेलियों द्वारा पक्षियों के लिए दाना-सकोरे वितरित किए। ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह ने बताया जीव सेवा के उद्देश्य से पहले हम सभी ने गो शाला जाकर गौ सेवा की और गर्मी के मौसम में सभी पशु-पक्षियों के स्वस्थ रहने के लिए सकोरे वितरित किए।



**गौहर महल में बाग शिल्पी खत्री ने दिया लाइव डेमोस्ट्रेशन**

# बाग प्रिंट की कला और समृद्ध विरासत से परिचित हुए बाग उत्सव में आए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

गौहर महल में आयोजित बाग उत्सव में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय कलाकार उमर फारुख खत्री ने उत्सव में आए लोगों को बाग प्रिंट का लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया। 20 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव में आए लोगों को बाग प्रिंट की समृद्ध विरासत, इसके इतिहास से परिचित कराया और उसके बाद लाइव ब्लॉक प्रिंटिंग कर उन्हें इस कला से रूबरू कराया।

इस दौरान बाग शिल्पी उमर फारुख ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि बाग प्रिंट केवल एक परंपरागत कला नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत धरोहर है। उन्होंने कहा कि बाग प्रिंट आज दुनिया के कई देशों में अपनी पहचान बना चुका है। स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, अमेरिका, कोलंबिया, थाईलैंड, रूस, चीन, अर्जेंटीना और बहरीन में इस कला का प्रदर्शन किया जा चुका है। फारुख ने कहा कि हमारी अगली पीढ़ी को बाग प्रिंट को केवल संरक्षित नहीं, बल्कि इसे और अधिक वैश्विक बनाना होगा।

*स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, अमेरिका, कोलंबिया, चीन, आदि में हो चुका कला का प्रदर्शन*



### सिर्फ पारंपरिक कपड़ों तक न रहें सीमित

बाग प्रिंट को सिर्फ पारंपरिक कपड़ों तक सीमित न रखते हुए, इसे होम डेकोर, एसेसरीज और आधुनिक फैशन ब्रांड्स के साथ जोड़ना होगा। नई तकनीकों और डिजाइनों से इसे आधुनिक फैशन उद्योग से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। इससे न केवल इस कला को नया जीवन मिलेगा, बल्कि हमारे शिल्पकारों को भी अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

### कपड़े के ऊपर ब्लॉक प्रिंटिंग कर दिखाया

इस दौरान शिल्पी उमर फारुख ने कपड़े के ऊपर ब्लॉक प्रिंटिंग की प्रोसेस को बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए एक दिन पहले गोंद को पानी में गलाया जाता है। पानी में अच्छी से घुलने के बाद उस गोंद को लोहे के जंग वाले पानी में मिलाते हैं। इसके बाद उस पानी को दो से तीन घंटे स्थिर होने के लिए रखा जाता है। कुछ समय बाद पालिया (ट्रे) के अंदर करतली (बांस की जाली) को रखते हैं जिसके ऊपर गादी (ऊनी कपड़ा) रखा जाता है। इसमें जूट की सात परतें लगाई जाती हैं, जो डिजाइनिंग के लिए डाई पैड की तरह काम करती है। छपाई के बाद कपड़े को 10-15 दिनों तक धूप में सुखाया जाता है और फिर नदी में ले जाकर बहते पानी में धोया जाता है। अगले चरण में, फूलों और पत्तियों के अर्क के मिश्रण के साथ रखा जाता है।

# यह नकली गांधी परिवार खानदानी भ्रष्ट व सबसे बड़ा चोर किसानों के साथ देश को लूटा, सवाल उठे तो मचा रहा शोर

## राहुल, सोनिया और वाड्रा पर भाटिया ने किया तीखा हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता गौरव भाटिया ने व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर हमला बोला और उन्हें 'वंशानुगत भ्रष्ट' व्यक्ति करार दिया। वाड्रा को 'भू-माफिया' करार दिया, जिन पर किसानों की जमीनों को गलत तरीके से हड़पने का आरोप है। इसके अलावा, उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड घोटाले, सोनिया गांधी को वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले और दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बोफोर्स घोटाले से जोड़ते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया।

भाजपा के नेता गौरव भाटिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर हमला बोला और उन्हें 'वंशानुगत भ्रष्ट' व्यक्ति करार दिया। यह बयान गुरुग्राम भूमि मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वाड्रा से पूछताछ के बीच आया है।

भाटिया ने वाड्रा को 'भू-माफिया' करार दिया, जिन पर किसानों की जमीनों को गलत तरीके से हड़पने का आरोप है। उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड घोटाले, सोनिया गांधी को वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले और दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बोफोर्स घोटाले से जोड़ते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आपको जानकर हैरत होगी कि एक ऐसा भ्रष्टाचारी नकली गांधी परिवार इस देश में है, जो हर कानून को तोड़ता है। उनको जनता की चिंता नहीं, बल्कि अपने दामाद की चिंता है। ये नकली गांधी परिवार खानदानी भ्रष्ट और खानदानी चोर है। जीजा जी जमीन घोटाले में भूमाफिया बनकर किसानों की जमीन हड़पते हैं, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम नेशनल हेराल्ड घोटाले में आ रहा है, सोनिया गांधी का नाम वीवीआईपी चॉपर घोटाले और नेशनल हेराल्ड घोटाले में आ रहा है।

**यह दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्ट परिवार**

*राहुल का नाम नेशनल हेराल्ड घोटाले में, सोनिया का नाम वीवीआईपी चॉपर घोटाले में*

### वाड्रा भू-माफिया, उसने किसानों को लूटने की कसम खाई



उन्होंने उन्हें वंशानुगत भ्रष्ट परिवार बताया है। वाड्रा के गुरुग्राम की जमीन मामले में जांच की जा रही है। इसी मामले पर गौरव भाटिया ने उन पर निशाना साधा। भाटिया ने आरोप लगाते हुए कथित रूप से उन्हें लैंड माफिया बताया, जो कि किसानों की जमीन को हड़पने में शामिल रहे हैं। उन्होंने राहुल पर नेशनल हेराल्ड घोटाले में जुड़े होने का आरोप लगाया और सोनिया पर वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े होने और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले जुड़े होने का आरोप लगाया। भाटिया ने कहा कि क्या इस परिवार ने कसम खा ली है कि वे जहां भी जाएंगे, भारत और किसानों की जमीन को लूटेंगे? उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते हैं कि उनसे कोई सवाल पूछे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अपनी और कांग्रेस की नजर में वाड्रा एक जन नेता हैं। लेकिन जनता की नजर में वह एक भू-माफिया और एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं और हकीकत भी यही है।

**7.5 करोड़ की जमीन 58 करोड़ में बेच दी**

गुरुग्राम के शिकोहपुर में 7.5 करोड़ रुपए में जमीन खरीदकर डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेचने के मामले में वाड्रा से पीएमएलए के तहत पूछताछ के बाद भाटिया ने अपनी प्रतिक्रिया में उन्हें भू-माफिया बताया। उन्होंने कहा कि इस पूछताछ से यह कड़ा संदेश गया है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। भाटिया ने कहा कि भू-माफिया वाड्रा को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। यह हरियाणा में हुए भूमि घोटाले से संबंधित है। उस समय कांग्रेस सत्ता में थी और इसे शिकोहपुर भूमि घोटाले के रूप में जाना जाता है।

**अनुराग का कांग्रेस पर हमला**

## नेशनल हेरॉल्ड मामले की होकर रहेगी जांच



**नाहन।** हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जिला सिरमौर के सराहां में पच्छाद भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के औरों को चवन्नी, हिमाचल के कितने घरों में आता है। इस पर भी एक सर्वे होना चाहिए, क्या किसी मीडिया कर्मी के घर में आता है नेशनल हेराल्ड? उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदेश में इसकी एक भी प्रति नहीं आती है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार के द्वारा अखबार को करोड़ों रुपए के विज्ञापन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब ईडी ने इस बड़े घोटाले की जांच करनी शुरू की, तो कांग्रेस ने चोर मचाए शोर अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से जो करोड़ों रुपया नेशनल हेराल्ड को गया है, उसकी जांच तो होकर ही रहेगी।

**सोनिया-राहुल के बचाव में उतरी कांग्रेस**


### खरगे की अध्यक्षता में रणनीतिक बैठक होगी



कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बचाव में अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए पार्टी ने गुरुवार को हेराल्ड मामले के विरोध में आंदोलन और प्रदर्शन की रणनीति तैयार करने के लिए एक अहम बैठक बुलाई। यह बैठक शनिवार शाम 4 बजे दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी भवन में आहूत की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार इसमें पार्टी के सभी महासचिव, प्रदेश प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे।

**पूछताछ के बाद वाड्रा ने कहा**

### अगर कल छुट्टी नहीं होती तो जन्मदिन भी ईडी दफ्तर में मनाना पड़ता



जाने-माने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीसरे दिन ईडी ने पूछताछ की। ईडी की पूछताछ के बाद रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि कोई नया सवाल नहीं था, सभी सवाल एक जैसे ही थे। अगर कल सार्वजनिक अवकाश नहीं होता तो मुझे अपना जन्मदिन ईडी दफ्तर में मनाना पड़ता। इससे पहले दो दिनों में रॉबर्ट वाड्रा से करीब साढ़े 11 घंटे (पहले दिन छह घंटे और दूसरे दिन साढ़े पांच घंटे) तक पूछताछ हो चुकी है।

**राहुल व सोनिया भी फेर में**

### इन पर 20 से ज्यादा भ्रष्टाचार के मामले दर्ज

ईडी ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। आरोपपत्र में इन पर एसोसिएट्स जर्नल लिमिटेड (एजेएल) के अंतर्गत आने वाली 2000 करोड़ की संपत्ति को हड़पने का आरोप है। सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से भी ईडी जमीन के लेनदेन से जुड़े मामले में पूछताछ कर रही है। यह पहली बार नहीं है जब गांधी परिवार के सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ी हो। राहुल गांधी, प्रियंका और सोनिया गांधी पर कुल मिलाकर 20 से ज्यादा केस दर्ज हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### आप नेता पाठक के आवास पर छापा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार सुबह आप नेता दुर्गेश पाठक के आवास पर छापेमारी की। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि यह तलाशी विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के कथित उल्लंघन के मामले से संबंधित है। आप के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दावा किया कि पिछले गुजरात चुनाव के दौरान भी यही हुआ था।

### राहुल जाएंगे अमेरिका ब्राउन विवि में देंगे भाषण



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे। इस दौरान वे ब्राउन यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे। वे संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत भी करेंगे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बताया कि राहुल 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका के रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे। वे भाषण देंगे। वहां पर वे छात्रों से बात करेंगे।

### गुजरात में भीषण टक्कर, 6 की मौत



**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले में गुरुवार को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 11:30 बजे सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुआ, जब एक ऑटोरिक्शा और गुजरात राज्य परिवहन निगम की बस में जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहाहै कि हिम्मतनगर से कच्छ जा रही परिवहन निगम की बस ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी थी।

### मुख्यमंत्री फडणवीस को 'जीत' पर समन जारी



**मुंबई।** कांग्रेस नेता की एक याचिका पर बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को समन जारी किया है। हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2024 के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली इस याचिका पर फडणवीस से जवाब मांगा। कांग्रेस नेता प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे फडणवीस से 39,710 वोट से चुनाव हार गए थे। अब वे कोर्ट पहुंचे हैं।

---

**उच्च न्यायालय ने हिंसा के मामलों में बंगाल सरकार को सख्त नसीहत दी**

# हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात रहेगा केंद्रीय सुरक्षा बल भड़काऊ भाषणों पर नियंत्रण के लिए ताकीद किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अदालत ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिए जाएं, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। हालात जल्द शांत होने चाहिए।

कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि हिंसा प्रभावित पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती अभी बनी रहेगी। अदालत ने गुरुवार को कहा कि अभी फोर्सेज तैनात रहनी चाहिए। इसके अलावा भड़काऊ भाषणों पर भी नियंत्रण की जरूरत है।

अदालत ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिए जाएं, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। इस तरह उच्च न्यायालय ने हिंसा के मामलों में राज्य सरकार को सख्त नसीहत दी है। इसके अलावा अदालत ने माना है कि अब भी मुर्शिदाबाद जिले में हालात सामान्य नहीं हैं। इसलिए केंद्रीय बलों की तैनाती कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रहनी चाहिए।मुर्शिदाबाद में वक्फ ऐक्ट के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इस घटना में कई लोग मारे गए तो वहीं सैकड़ों परिवारों को पलायन करना पड़ा है। करीब ढाई सौ परिवार पड़ोस के मालदा जिले में पलायन कर गए हैं और वहां कैंपों में गुजर करने को मजबूर हैं।

### बंगाल का यह जिला सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील

*वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान कोई अव्यवस्था न हो*



**मुर्शिदाबाद के बवाल को लेकर सियासत बढ़ी**

मुर्शिदाबाद के बवाल को लेकर राजनीति भी तेज है। बंगाल का यह जिला सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील है। यहां से टीएमसी के युसूफ पठान सांसद हैं, जिन्होंने 2024 के चुनाव में अधीर रंजन चौधरी को मात दी थी, जो कांग्रेस से यहां से लगातार जीतते थे। इस बीच सूबे के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का कहना है कि वह जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जाएंगे।

**ममता कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ा रहीं**

दरअसल पश्चिम बंगाल में वक्फ एक्ट को लेकर भी ममता कह रही हैं कि हम इसे लागू नहीं करेंगे। वहीं भाजपा का कहना है कि ममता के रुख से कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा मिल रहा है और वे हिंसा कर रही हैं।

**आज मुर्शिदाबाद जाएंगे राज्यपाल**

### पीड़ितों से करेंगे मुलाकात और जानेंगे मैदानी हालात हर पहलू को देखेंगे और नजदीक से परखेंगे भी



बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राजभवन का कोर ग्रुप मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। शुक्रवार को वे हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी और मुख्यमंत्री के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।उन्होंने कहा मैं जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जा रहा हूं। मैं इस मामले में हर पहलू को देखूंगा।

### हिंसा और अपराध के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी

राज्यपाल ने कहा कि संकट में फंसे लोगों को केंद्रीय बलों की ओर से समय पर मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग हिंसा फैला रहे हैं और उनके संरक्षक हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अब यह एक लड़ाई होने जा रही है। अब हिंसा और अपराध के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### यह अन्याय और हिंसा के खिलाफ समाज की लड़ाई

डॉ. बोस ने यह भी कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि अन्याय और हिंसा के खिलाफ समाज की लड़ाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालतें, सरकार और समाज के सभी जिम्मेदार और सजग नागरिक एकजुट होकर इन अपराधियों को खत्म करने के लिए कड़ा रुख अपना चुके हैं।

### ममता ने यह दौरा स्थगित करने को कहा



सीएम बेनर्जी ने राज्यपाल बोस से हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले का दौरा स्थगित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और विश्वास बहाली के उपाय किए जा रहे हैं।

**यहां मुस्लिमों के खिलाफ, लेकिन सऊदी-दुबई में कौन करता है मेहमाननवाजी**

सीएम ममता ने पीएम पर निशाना साधा है। उनका कहना रहा है कि पीएम मोदी वैसे तो मुस्लिम समाज के खिलाफ रहते हैं। उन्होंने पार्टी पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि आप वैसे तो मुस्लिमों के खिलाफ हैं, लेकिन सऊदी में जब उनसे मिलते हैं, जब दुबई जाते हैं, तब आप किसकी मेहमानवाजी लेते हैं।



**एसएससी घोटाले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

### जब तक नई नियुक्तियां नहीं, अपने पद पर बने रहेंगे शिक्षक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से शिक्षक भर्ती घोटाले में शिक्षकों को एक बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि जब तक नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती, शिक्षक अपने पद पर बने रह सकते हैं। यहां पर समझने वाली बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की राहत उन्हीं शिक्षकों को मिलने वाली है जिनकी नियुक्ति में किसी तरह की कोई धांधली नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद 26 हजार के करीब शिक्षकों का भविष्य अंधकार में आ गया था। जिन शिक्षकों की नियुक्ति में धांधली पाई गई, उनकी नौकरी तो गई ही, इसके साथ-साथ उस समय सही तरीके से भी जिनकी नियुक्तियां हुई थीं, उन्हें भी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन अब उन निर्दोष शिक्षकों को ही सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय के लिए राहत दे दी है।

#### ग्रुप सी या फिर ग्रुप डी में कोई राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति ग्रुप सी या फिर ग्रुप डी में आती है, उन्हें कोई राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन दोनों ही कैटेगरी में धांधली के मामले में ज्यादा हैं। सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिए हैं कि वो 31 मार्च से नई प्रक्रिया शुरू करे और उसे 31 दिसंबर तक पूरा भी कर ले। किसी भी तरह की देरी ना करने की हिदायत दी गई है।

**दिल्ली के मंत्री सिरसा बोले**

### डायनासोर... की तरह दिल्ली से कूड़े के पहाड़ होंगे विलुप्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का दौरा किया। पूरे क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद बताया कि दिल्ली सरकार ने अगले दो साल में कूड़े का ढेर खत्म करने का लक्ष्य रखा है। सिरसा ने कहा कि सरकार ने 2027 तक इस कूड़े के ढेर को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जैसे धरती से डायनासोर विलुप्त हो गए, वैसे ही कूड़े के पहाड़ भी विलुप्त करना है।

#### कूड़ों को हटाने सरकार प्रतिबद्ध

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया है, उसे पूरा करने को लेकर गंभीर है। दिल्ली के लोगों को साफ हवा और पानी मिलना चाहिए, और इसके लिए उनकी सरकार दिन-रात काम कर रही है।

#### लाखों मीट्रिक टन प्रोसेस किया जा चुका

गाजीपुर लैंडफिल साइट पर अब तक लगभग लाखों मीट्रिक टन कूड़े को प्रोसेस किया जा चुका है। इस साइट पर रोजाना लगभग 4,000 मीट्रिक टन कूड़े की प्रोसेसिंग की जा रही है और जून तक इसे बढ़ाकर 9,000 मीट्रिक टन प्रति दिन करने का लक्ष्य है। इसके लिए उच्च क्षमता वाली ट्रॉमेल मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

### यमुना सफाई पर पीएम ने की हाई लेवल चर्चा



पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुना नदी की स्थिति पर व्यापक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यमुना नदी की सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में एजेंसी की ओर से तैयार कार्य योजना की समीक्षा की गई, जिसमें नदी की सफाई के लिए तीन प्रमुख समयसीमाओं के तहत गतिविधियां शामिल हैं। ये हैं अल्पकालिक गतिविधियां (3 माह), मध्यमकालिक गतिविधियां (3 माह से 1.5 साल) और दीर्घकालिक गतिविधियां (1.5 से 3 साल तक)।

---

**कृषि में तेज विकास को ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल को सिंह का न्योता**

# चौहान ने ब्राजील में सोयाबीन प्लांट और खेतों को देखा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए इन दिनों ब्राजील प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन प्लांट और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य संस्थानों का दौरा किया। चौहान ने ब्राजील में, खेती में अपनाई जा रही मैकेनाइजेशन और इरिगेशन की अत्याधुनिक पद्धतियों का अवलोकन करने के साथ ही हमारे किसान भाइयों-बहनों के दृष्टिकोण से समझा कि भारतीय किसानों को नई पद्धतियों से और किस तरह लाभ पहुंचाया जा सकता है।

ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भारत में सोयाबीन के क्षेत्र के विकास की चिंता करते हुए कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन कैसे बढ़ सके और केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी हम ब्राजील के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। अभी ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है लेकिन इस पर भी हमने चर्चा की है कि इन्वेस्ट भी करे और सोया प्रोसेसिंग के प्लांट भी लगाए जा सकते हैं और सोया का तेल हो तो उसका निर्यात भारत से भी हो सकता है। न केवल सोया के क्षेत्र में बल्कि मैकेनाइजेशन के क्षेत्र में भी यहां तो लगभग 100 प्रतिशत मैकेनाइजेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि मैंने प्रेजेंटेशन देखा है अगर कपास को चुनना भी है तो सीधे हार्वेस्टर से निकालते हैं। जो रिसर्च और शोध यहां चल रहे हैं, वो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के साथ मिलकर करें कि हम और अच्छे बीज कैसे हम बना सकें। उन्होंने बताया कि अनेक विषयों पर चर्चा हुई है।

**टमाटर के खेतों का दौरा किया**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ब्राजील के कृषि मंत्री के साथ टमाटर के फार्म हाउस पर भी पहुंचे, जहां हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में टमाटर की खेती होती है। उन्होंने बताया कि मैंने यहां कॉर्न की खेती देखी, आफ्टर टमाटर की खेती और यह भी वैराइटीज अलग-अलग हैं। एक वैरायटी में वायरस अटैक है, दूसरी वैरायटी सेफ है। मैकेनाइजेशन ब्राजील ने पूरी तरह से किया हुआ है और कॉर्न के बारे में मुझे बताया कि 22 टन पर हेक्टर यहां ईल्ड/ उत्पादन है, जो वास्तव में बहुत अचरज में डालने वाली है और सारा सिस्टम मैकेनाइज है। इरिगेशन का सिस्टम भी जिस ढंग से पानी देते हैं, वह भी मैं देखा, वह भी अद्भुत है।

**कर्नाटक जातिगत जनगणना पर हुआ बवाल**

# सकते में सिद्धारमैया सरकार, कैबिनेट की बैठक में नहीं हो सका कोई निर्णय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा कराई गई जातिगत गणना ठंडे बस्ते में दिख रही है। जातिगत गणना के खिलाफ चौतरफा विरोध हुआ। कांग्रेस पार्टी के ही तीन दर्जन से ज्यादा विधायक, कैबिनेट मंत्री ने सरकार के अंदर, पार्टी के अंदर खुला विरोध किया। विरोध का स्वर मद्धिम करने के लिए राज्य की सिद्धारमैया सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक आहूत की थी। जैसा अंदेशा था बैठक में इस मसले को ठंडा करने का निर्णय हुआ। कोई निर्णय नहीं किया गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अब इसे एक जटिल मुद्दा बताते हुए कहा कि राज्य सरकार जातिगत गणना लागू करने की हड़बड़ी में नहीं है। सोच समझ कर निर्णय लिया जाएगा।

### सर्वे का विरोध भी शुरू

*कर्नाटक के दो प्रमुख समुदाय वोकालिगा और लिंगायत ने सर्वेक्षण को अवैज्ञानिक बताकर इसका विरोध किया है। इन समुदायों का दावा है कि उनके उप-जातियों को ओबीसी की विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया, जिससे उनकी जनसंख्या कम दिखाई गई। कई परिवार सर्वेक्षण से छूट गए या उनकी गिनती गलत हुई। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (वोकालिगा) और कुछ लिंगायत मंत्री, जैसे शमनूर शिवशंकरप्पा, ने पहले इस रिपोर्ट को खारिज करने की मांग की थी। अखिल भारतीय वीरशैव महासभा (लिंगायत) और वोकालिगा संघ ने नए सर्वेक्षण की मांग की है।*

## केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले

# 'आईएमईसी' के जरिए विश्व से संपर्क स्थापित करने का विश्वसनीय सेतु बनेगा 'भारत', यह तालमेल बढ़ाने के साथ समृद्धि को भी देगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के माध्यम से देश वैश्विक संपर्क का एक विश्वसनीय सेतु बनने के लिए तैयार है। आईएमईसी पर आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि 'आईएमईसी' भारत और मध्य पूर्व और पूर्वी यूरोप के नेतृत्व और साझेदारी का एक सशक्त समर्थक है। यह एक बहुत ही प्रगतिशील और दूरदर्शी अवधारणा है, जिसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आईएमईसी' केवल एक व्यापार मार्ग नहीं है, बल्कि एक मॉडर्न-डे सिल्क रूट है, जो साझेदारी में बराबरी, संपर्क और तालमेल बढ़ाने के साथ ही समृद्धि को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि इससे लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी, परिवहन समय में 40 प्रतिशत की कमी आएगी और महाद्वीपों के बीच बिना किसी बाधा के व्यापारिक संबंध बनेंगे।

लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी

माल पहुंचाने के समय में 40 प्रतिशत की कमी आएगी

### यूरोप की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी जुड़ेंगी




मंत्री गोयल ने कहा कि हम न केवल व्यापारिक संबंध जोड़ेंगे; बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया से खाड़ी तक, मध्य पूर्व से मध्य यूरोप की सभ्यताओं और संस्कृतियों को भी जोड़ेंगे। आईएमईसी मध्य पूर्व के माध्यम से अफ्रीका तक कनेक्टिविटी भी बढ़ा सकता है। इस गलियारे में रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा पाइपलाइन और समुद्र के नीचे केबल सहित क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगा। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही क्लीन एनर्जी ट्रांसमिशन पर सिंगापुर के साथ चर्चा कर रहा है। हम सऊदी अरब और यूएई के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।

### यह पहल आपसी विश्वास पर आधारित

केंद्रीय मंत्री गोयल ने स्थिरता और डिजिटल कनेक्टिविटी की अहमियत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह पहल संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करती है। यह प्रभुत्व या आर्थिक संघ बनाने को लेकर न होकर आपसी विश्वास, समावेशिता और स्थिरता पर आधारित साझेदारी है। उन्होंने आईएमईसी पहल के लिए आगे के रास्ते के रूप में पांच प्रमुख सुझावों के बारे में बताया। पहला, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), दूसरा विनियामक कनेक्टिविटी पर ध्यान, तीसरा इनोवेटिव फाइनेंसिंग मॉडल की जरूरत पर जोर दिया। चौथा, निकाय और संघ आपस में जुड़े, पांचवा विजनिंग और डिजाइन प्रक्रिया में थिंक टैंक और शिक्षाविदों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा।

## तीन साल में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी और जापान से बड़ी हो जाएगीः सुब्रह्मण्यम

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन साल में जर्मनी व जापान से बड़ी हो जाएगी। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बन सकता है, क्योंकि अन्य सभी चीजों को अलग रखते हुए हमारे देश का सबसे बड़ा लाभ इसका लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले साल के अंत तक हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएंगे।



### 2047 तक दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे

*उन्होंने कहा कि हम तीन साल में जर्मनी और जापान से भी बड़े हो जाएंगे। 2047 तक हम दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) हो सकते हैं। सुब्रह्मण्यम ने कानूनी फर्मों और लेखा फर्मों सहित भारतीय कंपनियों से विश्व में अग्रणी बनने की आकांक्षा रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मध्यम आय वाले देशों की समस्याएं निम्न आय वाले देशों की समस्याओं से बहुत भिन्न हैं। आईएमएफ के नवीन आंकड़ों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।*

## खबर संक्षेप

### गूगल पर लगा 216.69 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारत में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने गूगल पर प्ले स्टोर की नीतियों को लेकर अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के आरोप में 936.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। हालांकि ट्रिब्यूनल ने गूगल को कुछ राहत दी है और कुल जुर्माना घटाकर 216.69 करोड़ रुपए कर दिया है, लेकिन बाकी राशि अब 30 दिनों के अंदर जमा करनी होगी। गूगल ने पहले ही जुर्माने का 10% हिस्सा जमा कर दिया था।



### कांगो में नाव हादसा 50 लोग जलकर मरे

**म्बांदाका।** कांगो में एक नाव हादसे में 50 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लापता हैं। हादसा मंगलवार को रात म्बांदाका शहर के पास कांगो नदीं में हुआ। नाव में करीब 400 यात्री सवार थे, जो मटांकुमु से बोलोंबा क्षेत्र जा रहे थे। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया यहा हादसा उस समय हुआ जब एक महिला नाव पर खाना बना रही थी, जिस दौरान आग लग गई और नाव पलट गई। कई यात्री नाव से बचने के लिए नदी में कूद गए।



## नई दिल्ली में आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भारत वैश्विक क्षेत्र में तेजी से अग्रसर हो रहा

# विकसित राष्ट्र के साथ दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति जल्द बनेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि वैश्विक रक्षा क्षेत्र में नेतृत्व की ओर भी तेजी से अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र के साथ-साथ दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति के रूप में भी स्थापित होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि पहले भारत रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर था, लेकिन अब देश की सोच बदल गई है और हम एक आत्मनिर्भर रक्षा औद्योगिक ढांचे का निर्माण कर रहे हैं, जो न केवल हमारी जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि निर्यात को भी बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्री बताया कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत न केवल अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता को सशक्त बना रहा है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी लचीला और मजबूत बना रहा है।

'मेक इन इंडिया' के तहत भारत रक्षा उत्पादन क्षमता को सशक्त बना रहा

साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र नए युद्ध क्षेत्र बनेंगे, इनके लिए सुधार कर रहे

### भविष्य में युद्ध का स्वरूप और जटिल होगा



*रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सैन्य ताकत किसी देश को डराने के लिए नहीं है, बल्कि यह शांति बनाए रखने के लिए एक विश्वसनीय प्रतिरोध है। उन्होंने कहा कि शांति तभी संभव है जब हम मजबूत हों। आने वाले समय में युद्ध का स्वरूप और अधिक जटिल और अप्रत्याशित होगा, जहां साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र नए युद्ध क्षेत्र बनेंगे। इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सरकार निरंतर सुधार कर रही है और इसी उद्देश्य से वर्ष 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया गया है।*

### 5,521 रक्षा उपकरण देश में बनाए जा रहे

*राजनाथ सिंह ने बताया कि 200 साल पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का निगमीकरण एक ऐतिहासिक कदम रहा है, जिससे ये इकाइयां अब लाभ कमा रही हैं। सेना और रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों ने अब तक कुल 5,521 रक्षा उपकरणों और प्रणालियों को 'पॉजिटिव इंडीजेनाइजेशन लिस्ट' में शामिल किया है, जिन्हें अब देश में ही बनाया जाएगा। रक्षा खरीद बजट का 75% हिस्सा अब घरेलू कंपनियों के लिए आरक्षित है।*

### रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ पहुंचा

*रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में भारत ने जबरदस्त प्रगति की है। वर्ष 2014 में जहां यह आंकड़ा 40,000 करोड़ रुपए था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक इसे 3 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना है। इसी प्रकार, रक्षा निर्यात 2013–14 में मात्र 686 करोड़ रुपए था, जो अब 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और 2029 तक इसे 50,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।*

### कई क्षेत्रों में भारत विकसित देशों के बराबर

*रक्षा मंत्री ने भारत की रणनीतिक ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), पनडुब्बी (आईएनएस अरिहंत), एयरक्राफ्ट कैरियर (आईएनएस विक्रांत), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, साइबर सुरक्षा और हाइपरसोनिक प्रणालियों जैसे क्षेत्रों में भारत अब विकसित देशों की बराबरी कर रहा है। हालांकि एयरो इंजन निर्माण अब भी एक चुनौती है, लेकिन 'कावेरी इंजन' परियोजना में तेजी से प्रगति हो रही है और जीई, सेफ्रन व रोल्स रॉयस जैसी वैश्विक कंपनियों से सहयोग पर बातचीत चल रही है।*

## तेहरान ने आखिरकार कर दी पुष्टि

# ईरान और यूएस की दूसरे दौर की रोम में होगी परमाणु वार्ता



अब्बास अराघची



राफेल ग्रॉसी

एजेंसी ▶▶ दुबई

ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस साप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। ओमान के विदेश मंत्री ने पिछले सप्ताहांत राजधानी मस्कट में हुई वार्ता में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जरीफ विश्व शक्तियों के साथ 2015 में हुए परमाणु समझौते के मुख्य वार्ताकार थे। नए उपराष्ट्रपति के रूप में मोहसिन इस्माइली की नियुक्ति की गई है, जो मध्यमार्गी और कानून विशेषज्ञ हैं।

### यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार

*संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह वार्ता में विरोधाभासी रुख अपनाने से बचे। उन्होंने कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार है और इसे वार्ता का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। ईरान इस मुद्दे पर भरोसे को बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यूरेनियम संवर्धन का अधिकार अपरिवर्तित रहेगा।*

### वार्ता असफल तो करेंगे हवाई हमले: ट्रंप

बता दें, दोनों देशों के बीच आधी सदी शत्रुता के बाद यह वार्ता हो रही है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हवाई हमले किए जा सकते हैं। ईरान ने भी अपने संवर्धित यरेनियम के स्तर को हथियार-श्रेणी के करीब बताते हुए परमाणु हथियार बनाने की धमकी दी है।

पाक सेना प्रमुख ने उगला जहर

# हम हिंदुओं से अलग, रीति-रिवाज भी भिन्न, हम दो देश हैं, एक नहीं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ अपनी नफरत जाहिर की है और कहा है कि हम हिंदुओं से अलग हैं। आसिम मुनीर ने टू नेशन थ्योरी को सही ठहराया है। बुधवार को ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने कहा कि 'हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम हिंदुओं से हर मामले में अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं, हमारी परंपराएं और हमारे विचार भी अलग हैं। हमारी महत्वकांक्षाएं अलग हैं और यही द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का आधार था। जिसमें माना गया कि हम दो देश हैं, एक नहीं।'

### भारत और हिंदुओं से भेदभाव करना सिखाएं



आसिम मुनीर ने विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को भी भारत और हिंदुओं से भेदभाव करना सिखाएं। हमारे पूर्वजों ने इस देश को बनाने में काफी संघर्ष किया। हम जानते हैं कि इसकी कैसे रक्षा की जानी है। आपको अपने बच्चों को यह बताना चाहिए कि वे कभी भी पाकिस्तान की कहानी को न भूलें। पाकिस्तान में बढ़ रहे आतंकी हमलों पर मुनीर ने कहा कि जब 13 लाख की मजबूत भारतीय सेना, हमारे नहीं डरा सकती तो कुछ आतंकी क्या हमें हरा सकते हैं?

### 15 साल बाद बांग्लादेश और पाक में बैठक

बांग्लादेश और पाकिस्तान ने गुरुवार को लगभग 15 साल के अंतराल के बाद विदेश सचिव स्तर का विदेश कार्यालय परामर्श आयोजित किया और व्यापार संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय मुद्दों की पूरी श्रृंखला पर चर्चा की। बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन और पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच ने राज्य अतिथि गृह पद्मा में विदेश कार्यालय परामर्श के दौरान मुलाकात की।

## अमेरिका के व्हाइट हाउस ने की पुष्टि

# अगले हफ्ते भारत आएंगे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पीएम मोदी से भी मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस भारत दौरे (21 से 24 अप्रैल) के दौरान जयपुर आएंगे। व्हाइट हाउस ने उनके दौरे की पुष्टि की है। वेंस भारत दौरे में नई दिल्ली, जयपुर के साथ आगरा भी जाएंगे। नई दिल्ली में पीएम मोदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज भी भारत आ सकते हैं। उपराष्ट्रपति बनने के बाद जेडी वेंस की यह पहली भारत यात्रा होगी। सूत्रों के अनुसार, वेंस के साथ पीएम नरेंद्र मोदी भी 22 अप्रैल को जयपुर आ सकते हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति की विजिट को लेकर जयपुर में सुरक्षा एजेंसियों का मूवमेंट बढ़ गया है। जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पिछले 24 घंटे में अमेरिकी एयरफोर्स के दो विमानों की लैंडिंग हुई है। सी-17 ग्लोबमास्टर दुनिया का सबसे बड़ा मालवाहक विमान है। इसका इस्तेमाल यूएस आर्मी के साथ इंडियन आर्मी भी करती है। मंगलवार-बुधवार को ऐसे ही दो विमान जयपुर एयरपोर्ट पर उतरे थे। संभावना है कि वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस भी भारत आएंगी।

'द चीफ मिनिस्टर एंड द स्पाई' किताब से गर्माई सियासत

# पूर्व रॉ चीफ़ का दावा- निजी तौर पर 370 रद्द करने के पक्ष में थे फारूक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में तब एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जब रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यानी रॉ के पूर्व प्रमुख ए.एस. दुलत की नई किताब 'द चीफ मिनिस्टर एंड द स्पाई' में किए गए दावों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला को कटघरे में खड़ा कर दिया। दुलत ने अपनी किताब में दावा किया कि फारूक अब्दुल्ला ने सार्वजनिक रूप से अनुच्छेद 370 को रद्द करने की निंदा की थी, लेकिन निजी तौर पर वे इसके समर्थन में थे। इस दावे पर फारूक ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'ओछी हरकत' करार दिया और दुलत पर अपनी किताब की बिक्री बढ़ाने के लिए विवाद पैदा करने का आरोप लगाया। यह मामला न केवल जम्मू-कश्मीर की राजनीति में उथल-पुथल मचा रहा है, बल्कि देश भर में अनुच्छेद 370 के रद्द होने की संवेदनशीलता को फिर से चर्चा में ला रहा है।

### यह किताब गलतियों से भरी: फारूक



फारूक अब्दुल्ला ने दुलत के दावों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि यह कल्पना की उड़ान है। उन्होंने दुलत को दोस्त कहने के बावजूद उनकी मंशा पर सवाल उठाए और कहा कि यह किताब गलतियों से भरी है। फारूक ने कहा कि हमारे अनुच्छेद 370 के खिलाफ रुख को सभी जानते थे, इसीलिए हमें और उमर को महीनों तक नजरबंद रखा गया। ...दुलत की किताब केवल एक 'ओछी हरकत' है।

### एनसी का दोहरा चरित्र सामने आया

पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसी विपक्षी दलों ने इस अवसर का उपयोग एनसी पर दोहरे चरित्र रखने का आरोप लगाने के लिए किया है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने दुलत के दावों को विश्वसनीय बताया, क्योंकि दुलत को फारूक का 'करीबी सहयोगी और लगभग उनका दूसरा रूप' माना जाता है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने दावा किया कि दुलत की किताब ने लंबे समय से चली आ रही शंकाओं की पुष्टि की है।

## यूक्रेन ने चीनी सैनिकों को मीडिया के सामने पेश किया

# रूस की तरफ से जंग लड़ रहे थे, चीन बोला- दावे झूठे

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन ने रूस की तरफ से जंग लड़ रहे चीनी सैनिकों को मीडिया के सामने पेश किया। पिछले 3 साल चल रही रूस-यूक्रेन जंग में ऐसा पहली बार हुआ। यूक्रेन ने पिछले हफ्ते जंग लड़ रहे 2 चीनी नागरिकों को पकड़ने का दावा किया था। हालांकि, चीन ने अपने नागरिकों के जंग में शामिल होने की बात से इनकार कर दिया था। इसके बाद यूक्रेन ने इन युद्धबंदियों को मीडिया के सामने परेड कराने का फैसला किया। इसके लिए यूक्रेन ने युद्धबंदी कानून भी तोड़ा है। युद्धबंदियों की पहचान उजागर करना और उन्हें कैमरों व पत्रकारों के सामने पेश करना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन माना जाता है। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि उनकी खुफिया एजेंसी ने 155 चीनी नागरिकों की पहचान की है जो रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहचान में आए सभी लोगों के नाम और पासपोर्ट की जानकारी उनके पास है।

### जेलेंस्की बोले- चीन को जंग में खींच रहा रूस




*जेलेंस्की के मुताबिक रूस सोशल मीडिया के जरिए चीनी नागरिकों की भर्ती कर रहा है। चीन को भी इस बात की जानकारी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि भर्ती करने वालों को बीजिंग की तरफ से निर्देश मिल रहे हैं या नहीं। इससे पहले जेलेंस्की ने 8 अप्रैल को जंग में शामिल दो चीनी नागरिकों का वीडियो शेयर किया, जिन्हें यूक्रेन ने पकड़ा था। जेलेंस्की ने कहा कि रूस, चीन को इस जंग में खींच रहा है। यह पुतिन के प्लान का हिस्सा है। पुतिन चाहते हैं कि यूरोप में जंग फैले। जेलेंस्की ने दावा किया कि पकड़े गए चीनी नागरिकों के पास से उनके पहचान पत्र, बैंक कार्ड और व्यक्तिगत डेटा मिला है। उन्होंने ये भी बताया कि चीनी नागरिक अब यूक्रेन की सुरक्षा सेवा की हिरासत में हैं। जेलेंस्की ने पकड़े गए चीनी नागरिकों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।*

### अमेरिका-यह जानकारी चौंका देने वाली

बता दें, चीन खुद को युद्ध में तटस्थ बताता है और कहता है कि वह न तो हथियार देता है और न ही सैनिक भेजता है। रूस ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, अमेरिका ने कहा कि यह जानकारी चौंका देने वाली है। यूएस स्टेट डिपार्मेंट की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि चीन, रूस का मददगार देश है जो जंग को बढ़ावा दे रहा है। रूस पहले भी चीन को ड्रोन पार्ट्स और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स देता रहा है, लेकिन सैनिकों की मौजूदगी हैरान करने वाली है।

### चीन ने कहा पूरी जानकारी हासिल कर रहे

*जेलेंस्की ने बुधवार को दावा किया था कि वे रूस में बंदी बनाए गए यूक्रेनी सैनिकों के बदले दो युद्धबंदियों को देने को तैयार हैं। जेलेंस्की के दावे को चीन ने खारिज कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा कि इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है। चीनी सरकार ने हमेशा अपने नागरिकों को जंग वाले इलाके से दूर रहने और किसी भी तरह से ऐसी लड़ाई में शामिल होने से बचने को कहा है। लिन जियान ने कहा कि चीन, यूक्रेन के साथ बातचीत करके इस मामले से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल कर रहा है।*

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

# बीजापुर में तीन अलग जगहों से 22 नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले में 20 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने इसे लेकर रहा कि उसूर, जांगला और नेलसनार थाना क्षेत्र में यह सफलता हाथ लगी है, जहां हमारी टीम ने 22 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी को अलग-अलग कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बीते मंगलवार के दिन उसूर थाना से जिला पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन को गश्त के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को टेकमेटला गांव के जंगल से गिरफ्तार किया।



### बेलचर से 6, कांदाकरका में 9 पकड़े

इन सभी गिरफ्तार नक्सलियों के पास टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार और अन्य सामान बरामद किया है। इसी तरह बेलचर गांव के जंगल से 6 और कांदाकरका के जंगल से 9 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। जांगला थाना से जिला पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के ज्वाइंट टीम बेलचर, भुर्रीपानी और कोटमेटा गांव की ओर गश्त के लिए गई थी और इसी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बेलचर गांव के जंगल से 6 और नक्सलियों को धर दबोचा। इन सभी नक्सलियों के कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री मिली।






# स्पिन का जवाब देंगे बल्लेबाज, बेंगलुरु को घर में पहली जीत की तलाश

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अगर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में युजवेंद्र चहल की अगुवाई वाले पंजाब किंग्स के स्पिन आक्रमण का डटकर सामना करना होगा।

आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर तथा दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव और विपराज निगम के सामने संघर्ष करना पड़ा था तथा चहल और ग्लेन मैक्सवेल उसकी इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।यही नहीं चहल और मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी की तरफ से खेलते रहे हैं और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।





## चहल लेंथ के मास्टर

चहल जादुई गेंदों के बजाय लेंथ के मास्टर हैं। यह लेग स्पिनर ऑफ-स्टंप के बाहर गेंद करके बल्लेबाजों को लंबे शॉट खेलने का लालच देता है जिससे कि वह सीमा रेखा के करीब कैच दे देते हैं। वह अपनी गति में भी काफी चतुराई से बदलाव करते हैं और यदि बल्लेबाजों को उनके खिलाफ छक्के मारने हैं तो उन्हें अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत होती है। मैक्सवेल भी एक ऐसा स्पिनर है, जो बड़े टर्न या डिपर्स के बजाय नियंत्रण पर भरोसा करता है।

## स्पिनर दिलाएंगे जीत

आरसीबी के पास क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा के रूप में अच्छे स्पिनर हैं और टीम उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पंजाब टीम के पास अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन के रूप में अच्छे तेज गेंदबाज हैं, हालांकि वे आरसीबी के जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जितने अनुभवी नहीं हैं।

## रजत की अपेक्षा अय्यर अनुभवी कप्तान

अगर कप्तानों की बात करें तो रजत पाटीदार और श्रेयस अय्यर में बहुत कम समानता है। इस टूर्नामेंट में एक बल्लेबाज के रूप में शानदार रिकार्ड रखने वाले अय्यर ने आईपीएल विजेता कप्तान के रूप में अपनी साख साबित की है। दूसरी तरफ पाटीदार आईपीएल में पहली बार कप्तान बने हैं। लेकिन असमानता यहीं पर खत्म हो जाती है क्योंकि यह दोनों खिलाड़ी शांत रहकर बड़ी कुशलता से अपनी टीमों का नेतृत्व कर रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों को स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा बल्लेबाज माना जाता है और इसलिए बल्लेबाजी में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## पंजाब का बढ़ा हौसला

कोलकाता के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में जीत दर्ज करने से पंजाब का हौसला बढ़ा होगा लेकिन उसे आरसीबी से सतर्क रहना होगा जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है और उस पर पार पाना किसी भी टीम के लिए आसान काम नहीं होता है।

खास खबर

## टी20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित नामी क्रिकेटर टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा




**मुंबई।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं। मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिए इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे।

## पंजाब में सीनियर होने का अहसास हो रहा है

**मुल्लांपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जब से वह पंजाब किंग्स की टीम से जुड़े हैं तब से उन्हें सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी जब किशोर था तभी पंजाब किंग्स से जुड़ गया था और तब से वह इस टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उसकी तेज गेंदबाजी की अगुवाई कर रहे हैं। अर्शदीप ने पंजाब की तरफ से सात सत्र में 84 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले साल 19 विकेट लिए थे जो किसी एक सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## दिल्ली के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जमा किया गया है। आईपीएल के बयान के अनुसार, 'भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने आईपीएल आचार संहिता के खेल भावना से विपरीत आचरण करने से संबंधित अनुच्छेद 2.20 के लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : जैक्स ने दो विकेट झटकने के बाद खेली 36 रन की पारी

# मुंबई की सात मैचों में तीसरी जीत हैदराबाद को चार विकेट से हराया

सनराइजर्स को चार विकेट से हराकर हासिल किए महत्वपूर्ण दो अंक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के कम स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराकर दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। जैक्स ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट झटकने के बाद 26 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 36 रन की पारी खेली। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम की पिच का सही आकलन किया और इसी के अनुकूल ढलते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मुश्किल पिच पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके। पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 166 रन बनाकर सत्र की तीसरी जीत हासिल की। सनराइजर्स हैदराबाद दो जीत से तालिका में नौवें स्थान पर है और अब उसे क्वालीफाई करने की उम्मीद बरकरार रखने के लिए बचे हुए सात में से छह में जीत दर्ज करनी होगी।



## मुंबई की अच्छी शुरुआत

मुंबई को रोहित शर्मा (26 रन) और रेयान रिकलटन ने अच्छी शुरुआत कराते हुए 23 गेंद में 32 रन जोड़ दिए। रोहित के आउट होने के बाद जैक्स ने रिकलटन का अच्छा साथ निभाया। पर रिकलटन 31 रन बनाकर आउट हो गए जिसमें पांच चौके जड़े थे। जैक्स और सूर्यकुमार यादव (26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 52 रन की भागीदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या नौ गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 21 रन पर पहुंचे। उनके आउट होने के बाद तिलक वर्मा के नाबाद 21 रन से टीम लक्ष्य तक पहुंची।

## जैक्स ने झटके दो विकेट

मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने सटीक योजना बनाई जिसमें जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट झटका। ट्रेंट बोल्ट ने फिर से अपनी यॉर्कर गेंद का फायदा उठाते हुए चार ओवर में 29 रन देकर एक विकेट झटका जबकि विल जैक्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए।

## विकेट के अनुकूल ढल नहीं सके सनराइजर्स

वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों को विकेट के अनुकूल ढलने में संघर्ष करना पड़ा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद पर सात चौकों की मदद से 40 रन बनाए। टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 57 रन बनाकर अंत में स्कोर में इजाफा किया। हेड 29 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हो गए। पैट कमिंस ने एक छक्का लगाकर 22 रन बटोरे।

## स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का सब बो पंड्या | 40 | 28 | 7 | 0 |
| हेड का सैंटनर बो जैक्स | 28 | 29 | 3 | 0 |
| किशन स्ट रिकलटन बो जैक्स | 02 | 03 | 0 | 0 |
| नीतिश रेड्डी का तिलक बो बोल्ट | 19 | 21 | 1 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन बो बुमराह | 37 | 28 | 3 | 2 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 18 | 08 | 0 | 2 |
| पैट कमिंस नाबाद | 08 | 04 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 162/5
गेंदबाजी : चाहर 4-0-47-0, ट्रेंट बोल्ट 4-0-29-1, बुमराह 4-0-21-1, विल जैक्स 3-0-14-2, पंड्या 4-0-42-1, सैंटनर 1-0-8-0.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का हेड बो पटेल | 31 | 23 | 5 | 0 |
| रोहित का हेड बो कमिंस | 26 | 16 | 0 | 3 |
| जैक्स का अंसारी बो कमिंस | 36 | 26 | 3 | 2 |
| सूर्यकुमार का अंसारी बो कमिंस | 26 | 15 | 2 | 2 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 21 | 17 | 2 | 0 |
| पंड्या का किशन बो मलिंगा | 21 | 09 | 3 | 1 |
| धीर पगबाधा बो ईशान मलिंगा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 18.1 ओवर में 166/6
गेंदबाजी : शमी 3-0-28-0, कमिंस 4-0-26-3, मलिंगा 4-0-36-2, अंसारी 3.1-0-35-0, हर्षल 3-0-31-1, चाहर 1-0-9-0.

## संदीप को सुपर ओवर देने के फैसला का बचाव



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सुपर ओवर में जोफ्रा आर्चर की जगह संदीप शर्मा को गेंदबाजी सौंपने के फैसले का बचाव किया। नितीश ने कहा, 'किसे गेंदबाजी या बल्लेबाजी के लिए भेजना है यह कभी भी एक व्यक्ति का फैसला नहीं होता। कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों के साथ टीम प्रबंधन और सहायोगी स्टाफ सभी चीजों पर चर्चा करते हैं और उसके बाद फैसला करते हैं। मुझे लगता है कि अगर नतीजा हमारे पक्ष में होता तो शायद इस बारे में बात नहीं होती।'

## खबर संक्षेप


### रेज़ा ने महिला स्कीट में किया निराश

**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खेल चुकी रेज़ा ढिल्लों अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिला स्कीट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। दिन की दूसरी स्पर्धा के बाद भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। पूर्व जूनियर विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी रेज़ा 60 शॉट के निर्णायक मुकाबले में 26 हिट के बाद बाहर हो गईं। वह चौथे स्थान पर रही चीन की जियांग यितिंग से पार नहीं पा सकीं जो पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है।



### उबर के खिलाफ कोर्ट पहुंचा आरसीबी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके एक यूट्यूब विज्ञापन पर उसके ट्रेडमार्क का अपमान करने का आरोप लगाया। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की अंतरिम याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा। रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुकदमा दायर किया और दावा किया कि उबर मोटो का यूट्यूब विज्ञापन उसके ट्रेडमार्क का अपमान करता है। इस विज्ञापन का शीर्षक 'बैडीज़ इन बेंगलुरु फीट ट्रैविस हेड' है।



### सुदर्शन का क्रिकेट का ककहरा दुरुस्त है : रमन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यू वी रमन का मानना है कि युवा साइ सुदर्शन को क्रिकेट के ककहरे की बखूबी समझ है और लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता के कारण वह सफल क्रिकेटर बनेगा। तमिलनाडु के 23 वर्ष के साइ सुदर्शन तकनीक के धनी और एकाग्रचित्त क्रिकेटर हैं। रमन ने कहा, 'उसका क्रिकेट का ककहरा दुरुस्त है। उसके रवैए में कोई कमी नहीं है और उसके बेसिक्स भी ठीक हैं। वह लक्ष्य को लेकर समर्पित भी है। पिछले कुछ अर्से से उसके प्रदर्शन में निरंतरता रही है।'



चैंपियंस लीग

# आर्सेनल और इंटर मिलान ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

आर्सेनल ने गत चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा। इस बार 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड किसी तरह की ऐतिहासिक वापसी नहीं कर पाया। अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नाबू स्टेडियम में उसके खिलाड़ी कोई जादू नहीं दिखा पाए। यह 2020 के बाद पहला अवसर है जबकि रियल मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। इस तरह से वह पिछले चार सत्र में तीसरी बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने से भी चूक गया।

## मार्टिनेली ने दिलाई जीत

आर्सेनल और रियल मैड्रिड में से कोई भी पहले हाफ में गोल नहीं कर पाया। बुकायो साका पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए लेकिन उन्होंने 65वें मिनट में मिकेल मेरिनो के पास पर गोल करके आर्सेनल को बढ़त दिलाई।विनीसियस जूनियर ने इसके तुरंत बाद रियल मैड्रिड की तरफ से बराबरी का गोल दागा। आर्सेनल की तरफ से दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को चोटिल होने के कारण 75 मिनट के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था।

## इंटर ने बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हराया

**मिलान।** बायर्न म्यूनिख के पूर्व डिफेंडर बेंजामिन पावर्ड ने अपने पुराने क्लब के खिलाफ गोल करके इंटर मिलान को जर्मन टीम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से बराबरी दिलाने और चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंटर मिलान ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 2-1 से जीता था और इस तरह से उसने 4-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

## फ्रेंच ओपन में सम्मानित होंगे 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल

**पेरिस।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के शुरुआती दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल से संन्यास ले लिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने गुरुवार को कहा, 'राफा ने कई मायनों में फ्रेंच ओपन के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी है इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा।' 'क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम के गलियारे में पहले से ही नडाल की एक प्रतिमा बनी हुई है। वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम दफा 2024 में खेले थे लेकिन इसमें पहले दौर में वह एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे।



# मंधाना रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी

**पुणे।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने कहा, 'फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है। मैं इस सफर को नए मुकाम पर पहुंचाने को लेकर उत्साहित हूं।'



## स्टार्क ने बनाई थी सिर्फ यॉर्कर फेंकने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओपर में मिली जीत का श्रेय मिचेल स्टार्क दिया। दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी जिससे मैच सुपर ओवर तक खिंचा। स्टार्क ने अपने अंतिम दो ओवर में सिर्फ 16 रन दिए। स्टार्क ने इसके बाद सुपर ओवर में भी रॉयल्स को सिर्फ 11 रन पर रोक दिया। अक्षर ने कहा, 'अंत में जब स्टार्क के दो ओवर बचे हुए थे तो मुझे भरोसा था कि अगर दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन है तो भी स्टार्क अपनी गति से उन्हें छका सकता है।'


## दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में जीती पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता

# नीरज ने 84.52 मीटर थ्रो के साथ की सत्र की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।

चोपड़ा ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। केवल दो खिलाड़ियों चोपड़ा और स्मिट ने ही प्रतियोगिता में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान ज़ेलेज़नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। ज़ेलेज़नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लॉस बार्टोनिट्ज़ से अलग हो गए थे। चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।



## सत्र की पहली डायमंड लीग में भाग लेंगे साबले

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले चीन के शियामेन में 26 अप्रैल को होने वाली सत्र की पहली डायमंड लीग में भाग लेंगे जिसमें मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन मोरक्को के सूफियाने अल बक्काली भी खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता कीनिया के अब्राहम किबिवोत भी इसमें नजर आयेंगे जिन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में साबले को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। साबले पिछले साल सितंबर में डायमंड लीग फाइनल के बाद पहली बार खेल रहे हैं। डायमंड लीग फाइनल में वह आठ मिनट 17.09 सेकंड का समय निकालकर नौवे स्थान पर रहे थे।

# इंटरलॉकिंगः भोपाल मंडल से गुजरने वाली 26 ट्रेनें हुई रद्द बुकिंग का रेलवे देगा पूरा रिफंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल मंडल से ट्रेन की यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है । दरअसल रेलवे लाइन की मरम्मत के चलते रेलवे ने 26 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। भोपाल रेल मंडल प्रबंधन ने कहा है कि निरस्त की गई ट्रेनों में जिन यात्रियों की बुकिंग है, उन्हें रिफंड दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर मंडल के गोरखपुर जं -गोरखपुर कैंट खंड के मध्य तीसरी लाइन के इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली करीब 26 ट्रेनों को निरस्त किया गया। रेलवे की ओर से कहा गया कि यात्री सफर करने से पहले निरस्त ट्रेनों की जांच कर ले।

## इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

- गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर 2 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे 19 अप्रैल एवं 3 मई को निरस्त।
- गाड़ी संख्या 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस 27 अप्रैल, 01, 02 एवं 4 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12512 कोचुवेली गोरखपुर एक्सप्रेस 30 अप्रैल, 4, 6 एवं 7 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12589 गोरखपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 30 अप्रैल को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 1 मई को।
- गाड़ी संख्या 12591 गोरखपुर यशवंतपुर 26अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 12592 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्स.28 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. एक्सप्रेस 22 एवं 29 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस 23 एवं 30 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 15017 लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 3 मई तक।
- गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 3 मई तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15023 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 22 एवं 29 अप्रैल को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 अप्रैल एवं 1 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 24 अप्रैल एवं 01 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 26 अप्रैल एवं 03 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 24 अप्रैल एवं 01 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 27 अप्रैल एवं 04 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस 15, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 29 अप्रैल एवं 01, 02, 04 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस16, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29, 30 अप्रैल एवं 02, 03, 05 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15067 गोरखपुर-बांद्रा ट. एक्सप्रेस 16, 23 एवं 30 अप्रैल को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 15068 बांद्रा ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20103 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस 19 अप्रैल से 02 मई 2025 तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20104 लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 अप्रैल से 03 मई तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 28 अप्रैल को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 30 अप्रैल को निरस्त रहेगी।

## एलएनसीटी 8वां इंजीनियर्स ओलंपिक

# कबड्डी, बास्केटबॉल, क्रिकेट में एलएनसीटी, बास्केटबॉल महिला में सेंट थामस तो वॉलीबाल में टीआईटी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी ग्रुप द्वारा एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड में आयोजित चार दिवसीय आइवां इंजीनियर्स ओलंपिक 2025 के अंतिम दिन कबड्डी, बास्केटबॉल, क्रिकेट, आर्म रेसलिंग, के फाइनल रोमांचक मुकाबले खेले गए। जिसमें कबड्डी पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने प्रेस्टीज को 21-16 से हराकर खिताब हासिल किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में सिस्टेक ने एलएनसीटी 20-18 से हराकर खिताब हासिल किया। बास्केटबॉल पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने एसआईआरटी को 58-57 से हराकर खिताब हासिल किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में सेंट थॉमस स्कूल ने एसटीएस स्कूल को 43-17 से हराकर खिताब हासिल किया।



### क्रिकेट में एनएनसीटी ने रियांश इलेवन को हराया

*क्रिकेट पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी यूनाइटेड ने रियांश इलेवन को 9 विकेट से हराकर फाइनल खिताब अपने नाम किया। रियांश इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 52 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एलएनसीटी यूनाइटेड ने अमन 26 अनिवेश के 20 रन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 5.2 ओवरो में 1 विकेट खोकर लक्ष्य को बड़ी आसानी से हासिल कर लिया। एलएनसीटी यूनाइटेड के आजम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में चार विकेट हासिल किया। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।*



### आर्म रैसलिंग पुरुष वर्ग

**अंडर - 60 वेट कैटेगरी**
**विजेता :** हिमांशु घुसर, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल
**उपविजेता :** हर्ष नाहर, संजय मेमोरियल एच.एस.स्कूल

**अंडर - 70 वेट कैटेगरी**
**विजेता :** सौरभ जयसवाल, टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल
**उपविजेता :** आर्यन राज, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी

**अंडर - 80 वेट कैटेगरी**
**विजेता :** सौरभ जयसवाल, टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल
**उपविजेता :** प्रशांत कुमार पांडे, एलएनसीटीयू

**अंडर - 90 वेट कैटेगरी**
**विजेता :** हमजा रायसेन (सैम खान), डॉ राधा कृष्ण मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल
**उपविजेता :** ऋषभ तिवारी, एलएनसीटी

**ओपन वेट कैटेगरी**
**विजेता :** ताहा खान, एबीएम.एच.एस स्कूल
**उपविजेता :** शिव ठाकुर, गांधी जनसंपर्क महाविद्यालय

**चैंपियंस का चैंपियन**
**विजेता :** ताहा खान, एबीएम.एच.एस स्कूल


# ट्रांसफॉर्मर में धमाका मामले में कलेक्टर और सीएमडी को थमाए जांच के निर्देश

## आयोग ने कहाः उत्तरदायी के विरुद्ध कार्रवाई की रिपोर्ट भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के शाहजहांनाबाद के संजय नगर में ट्रांसफॉर्मर में धमाका होने से करीब 17 घरों में करंट फैलने और करंट एक व्यक्ति की मृत्यु होने की घटना पर संज्ञान लिया है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि इलाके में ट्रांसफॉर्मर में धमाका होने के बाद इलाके के घरों में करंट फैल गया जिससे 17 घरों में फ्रिज, कूलर, टीवी और पंखे जैसे उपकरण जल गए और एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई। मामले में आयोग ने कलेक्टर, एवं सीएमडी, म.प्र. म.क्षे.वि.वि.क.लि. को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मृतक के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि तथा घटना के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।




### रहट की दीवार कई जगह से गिर रही

जहांगीराबाद स्थित छोटे तालाब के ऊपर बनी रहट की दीवार के रखरखाव नहीं होने के कारण कई जगह से दीवार गिरने का मामला सामने आया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर, भोपाल एवं आयुक्त, नगर निगमसे मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा एवं संभावित जनहानि के निवारण हेतु छोटे तालाब की रहट को सुरक्षित किये जाने के संबंध में आवश्यक सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किये जाने के संबंध में प्रतिवेदन मांगा है। साथ ही पर्यटक ऐसे जोखिमपूर्ण स्थल के पास नहीं जा सके इसके लिये भी प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है।

### लाइनों पर कार्य करते समय परमिट लेकर एसओपी का करें पालन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सभी मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे उपकेंद्रों एवं लाइनों के रख-रखाव कार्य के दौरान कंपनी मुख्यालय द्वारा मेंटीनेंस, उपकेंद्रों एवं लाइनों पर कार्य हेतु जारी निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन अनिवार्य रूप से करें। प्रबंध संचालक ने कहा है कि कार्य के दौरान कार्मिकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए व सुरक्षा प्रोटोकाल एवं सुरक्षा साधनों का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाए। जेई के सुपरविजन में ही रख-रखाव के कार्य को संपादित किया जाए। यदि लाइनों की क्रॉसिंग आ रही है वहां विशेष ध्यान रखा जाए जिससे कि विद्युत दुर्घटनाएं न होने पाएं।

# टाले, नागर राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय मजदूर संघ कार्यालय ठेंगड़ी भवन में संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर एवं जिला भारतीय मजदूर संघ ने राम विलास टाले गुर्जर, रमेश नागर को अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत, अभिनंदन किया। विगत दिनों महासंघ के 12, 13 अप्रैल रायपुर में 18वें त्रैवार्षिक विद्युत के राष्ट्रीय अधिवेशन में भोपाल उक्त तीनों 3 प्रतिनिधि बतौर सदस्य सम्मिलित हुए।

संघ के मप्र प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में 21 प्रांतों के (प्रदेशों) के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए, जिन्होंने दो दिनों तक भारतीय मजदूर संघ की रीत नीति अनुसार विद्युत के क्षेत्र में राष्ट्र हित, उद्योग हित और श्रमिकों के हितों पर समग्र मंथन कर 5 प्रस्ताव पारित कर, केंद्र सरकार से मांग की।



### तीन दिनी युवा अभ्यास वर्ग आज से

प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ कुलदीप सिंह गुर्जर ने बताया कि 18 से 20 अप्रैल तक 3 दिवसीय भारतीय मजदूर संघ का युवा अभ्यास वर्ग का ठेंगड़ी भवन भोपाल में आयोजन किया गया है जिसमें भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सभी संगठनों के युवा प्रतिनिधियों बंधु भगिनियों को सम्मिलित होने का आव्हान किया उन्होंने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति कार्य पद्धति से अवगत कराया जाएगा।

### गोदाम में युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक युवक ने गोदाम में फांसी लगा ली। सुरेश लेखवानी (22) अपने भाई के साथ खाने का स्टाल लगाता था। बुधवार शाम करीब 5 बजे उसका बड़ा भाई रमेश किसी काम से चला गया। स्टाल से सुरेश गोदाम पहुंचा और उसने फांसी लगा ली।

आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल से संबंधित, लिंकरोड नं.1 तुलसी नगर, भोपाल
Email Id- anand.vihar@yahoo.co.in, फोन नं.: 0755-2761133-2765294
सहायक प्राध्यापक, कॉलेज कोड - 28 हेतु निम्न विषयों के लिए आवेदन आमंत्रित।
1. वाणिज्य - 02
2. प्रबंध - 01
3. कंप्यूटर - 01
4. बी.ए.
a. मनोविज्ञान - 01
b. राजनीति विज्ञान - 01
5. बी.एड.
a. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य - 02
b. शिक्षण विषय (किसी भी स्कूल विषय में) - 03
c. स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा - 01
प्रारूप - महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध।
समय सीमा - विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस।
नोटः यूजीसी, एनसीटीई, एआईसीटीई और विश्वविद्यालय के मापदंडों के अनुसार योग्यता एवं पात्रता।




हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930